'राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समाचार गेट

TITLE CODE : HARHIN11569

वर्ष 01, अंक 232 पृष्ठ 08 मूल्य 01 रूपए वीरवार, 07 नवंबर 2024 samachargate@gmail.com

**जरूरी सूचना**

सुधी पाठकों को सूचित किया जाता है कि समाचार गेट के नाम पर अगर कोई पत्रकार आपसे पैसे की मांग करता है तो कृपया 9212339503 पर संपर्क करें। समाचार गेट में कार्य कर रहे पत्रकार सिर्फ वही हैं जिनके नाम से खबर छपती हैं।

## भारत स्काउटस एवं गाइडस के 75 साल पूरे होने पर वॉकथॉन का आयोजन




**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** भारत स्काउटस एवं गाइडस के मुख्य राष्ट्रीय आयुक्त डॉ के.के. खंडेलवाल ने कहा कि कल यानि 7 नवंबर, 2024 को भारत स्काउटस एवं गाइडस के 75 साल पूरे होने जा रहे हैं और इस दिशा में हीरक जयंती वर्ष में नई दिल्ली में ''सशक्त युवा विकसित भारत'' विषय पर एक भव्य वॉकथॉन को आयोजित किया जा रहा हैं। उन्होंने बताया कि नई दिल्ली में ''सशक्त युवा विकसित भारत'' विषय पर भव्य वॉकथॉन में लगभग एक हजार बच्चे भाग लेंगें।

वे आज नई दिल्ली में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बताया कि वॉकथॉन रन फॉर बीएसजी को श्री गौरव गौतम, युवा सशक्तिकरण और उद्यमिता, खेल और कानून एवं विधायी मामलों के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार), हरियाणा सुबह 7.00 बजे (रिपोर्टिंग सुबह 5.45 बजे, इंडिया गेट, नई दिल्ली) इंडिया गेट से झंडी दिखाकर रवाना करेंगें। उन्होंने बताया कि यह वॉकथॉन प्रधानमंत्री श्री नरेंट मोदी द्वारा प्रचारित मिशन लाइफ पहल का समर्थन करती है, जो स्थिरता, फिटनेस और युवा सशक्तिकरण पर केंद्रित है। इस यादगार कार्यक्रम के लिए देश भर से प्रतिभागी एकत्रित होगे तथा बीएसजी राज्य, जिला और स्थानीय संघ देश भर में आंदोलन के लिए एकता को बढ़ावा देने के लिए इसी प्रकार के वॉकथॉन का आयोजन करेंगे।

**वर्तमान में इस संस्था के माध्यम से 65 लाख सदस्य प्रशिक्षण ले रहे हैं - खंडेलवाल**

उन्होंने बताया कि भारत स्काउटस एवं गाइडस दुनिया की अकेली ऐसा संस्था है जिनके सदस्य तीन प्रतिक्षा लेते हैं। उन्होंने बताया कि वर्तमान में इस संस्था के माध्यम से 65 लाख सदस्य प्रशिक्षण ले रहे हैं तथा अब तक लगभग 4.5 करोड इस संस्था के साथ जुड चुके हैं। उन्होंने बताया कि भारत स्काउटस एवं गाइडस में स्काउटिंग में प्रतिज्ञा ली जाती है कि मैं ईश्वर व देश के प्रति कर्तव्य का पालन करूंगा अर्थात सारी मानवता के प्रति कर्तव्य करना, बीमार की तिमारदारी करना, प्रकृति का संतुलन बनाए रखने में सहयोग करना, पशु व पक्षियों के देखभाल तथा पेड व पौधों इत्यादि का सरंक्षण करना शामिल है। उन्होंने देश के प्रति प्रतिज्ञा के महत्व पर बल देते हुए कहा कि एक स्काउट को वतन के वास्ते जीना सिखाया जाता है तथा सार्वजनिक रक्षा करना, सदभाव बनाए रखना, मेलजोल बनाए रखना तथा दूसरों की सहायता बनाए रखना भी सिखाया जाता है। उन्होंने कहा कि कभी दूसरों की सहायता करना व्यर्थ नहीं जाता है क्योंकि यह प्राकृतिक प्रवृति बन जाती है।

**भारत स्काउटस एवं गाइडस को अब नई चुनौतियों के साथ आगे बढना होगा- खंडेलवाल**

डॉ खंडेलवाल ने बताया कि एक स्काउट को अच्छा नागरिक भी बनाया जाता है और इस संबंध में नौ नियम का पालन करना एक स्काउट को बताया जाता है जिसमें क्रेडिविलिटी, अनुशासन, सहासी होना, विनम्र होना इत्यादि हैं। उन्होंने बताया कि स्काउट एक अच्छे नागरिक को तैयार करना एक नींव हैं ताकि एक अच्छा नागरिक तैयार हो सकें। उन्होंने बताया कि इसमें जीवन को जीने का कौशल, नैतिक कर्तव्यों के साथ-साथ भौतिकता को ध्यान में रखते हुए सहायता करना, प्रबंधन जैसी कुशलता सिखाई जाती है। उन्होंने कहा कि भारत स्काउटस एवं गाइडस को अब नई चुनौतियों के साथ आगे बढना होगा क्योंकि नई शिक्षा नीति के अनुरूप हमें आगे बढना होगा और इस कडी में भारत स्काउटस एवं गाइडस ने कक्षा एक से 12वीं तथा 12वीं के बाद पढने वाले छात्रों के लिए नए पाठयक्रम तैयार किए हैं ताकि नई युवा पीढि को ओर भी अधिक सशक्त बनाया जा सकें।

**भारत स्काउटस एवं गाइडस को आज के युवा के अनुरूप ढालना होगा- खंडेलवाल**

उन्होंने कहा कि भारत स्काउटस एवं गाइडस को आज के युवा के अनुरूप ढालना होगा क्योंकि आज का युवा आईटी, एआई और नोलेज आधारित है और इसलिए आज के युवा को सक्रिय रूप से भागीदारी करने के लिए भारत स्काउटस एवं गाइडस को नए रूप में काम करना होगा। उन्होंने जम्बूरी के बारे में बताया कि जम्बूरी एक प्रकार से एकत्रित होकर रहकर काम करने की प्रणाली है और जमूरी में 25 से 30 हजार युवा एक साथ टेंटेड एरिया में 7 से 10 दिन तक रहते हैं ताकि उनमें टीम भावना का विकास हो सकें और वे अपने कौशल को दिखा सकें। इस संबंध में उन्होंने बताया कि आने वाली 28 जनवरी, 2025 से 3 फरवरी, 2025 के बीच तमिलनाडु की त्रिचुरापल्ली में जमूरी का आयोजन किया जाएगा जिसमें विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएगी और वहां पर एक ट्राइवल फेयर भी आयोजित किया जाएगा। इस जमूरी में विदेशों से 5 हजार बच्चे शामिल होगें और तमिलनाडु सरकार द्वारा लगभग 30 करोड रूपए खर्च किए जाएंगें। इस मौके पर भारत स्काउटस एवं गाइडस के कार्यकारी निदेशक व अन्य पदाधिकारी भी उपस्थित थे।

**भारत स्काउट्स एवं गाइड्स:**

स्वतंत्रता-पूर्व भारत (1907-1947) में स्काउटिंग और गाइडिंग गतिविधियों का आयोजन अंतर्राष्ट्रीय स्काउटिंग और गाइडिग परिषदों से संबद्ध विभिन्न संघों द्वारा किया जाता था। भारत में स्वतंत्रता के बाद, भारत सस्कार के शिक्षा मंत्रालय ने इन आंदोलनों को मूल्यवान शैक्षिक कार्यक्रमों के रूप में मान्यता दी और बॉय स्काउट्स ऑफ इंडिया हिंदुस्तान स्काउट एसोसिएशन गर्ल गाइड्स एसोसिएशन और सेवा समिति जैसे संगठनों को एकीकृत करने के प्रयास आरम्भ किस तत्कालीन शिक्षा सचिव डी ताराचंद के नेतृत्व में इन प्रयासों के परिणामस्वरूप भारत में स्काउटिंग और गाइडिंग गतिविधियों के लिए एकीकृत संगठन के रूप में भारत स्काउट्स एवं गाइड्स का गठन हुआ। अपनी स्थापना के बाद से देश भर में भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, युवाओं के बीच अनुशासन, देशभक्ति सामुदायिक सेवा और नेतृत्व की भावना विकसित करने, युवा विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। यह संगठन भारत सरकार की पहलों के साथ निकटता से जुड़ा हुआ है तथा स्वच्छ भारत अभियान, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ फिट इंडिया मूवमेंट और कौशल विकास जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से राष्ट्रीय प्रगति में सक्रिय रूप से योगदान दे रहा है।

## विकास कार्य समय पर हों यही हमारी प्राथमिकता : विपुल गोयल



**काम में कोताही न बरतें अधिकारी : कैबिनेट मंत्री**

**कैबिनेट मंत्री श्री विपुल गोयल ने एफएमडीए अधिकारियों के साथ की बैठक**

**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**चंडीगढ।** हरियाणा के कैबिनेट मंत्री श्री विपुल गोयल ने फ़रीदाबाद महानगर विकास प्राधिकरण (एफएमडीए) के अधिकारियों साथ बैठक करते हुए काम में कोताही न बरतने और तय समय में विकास कार्यों को पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में गुणवत्ता से कोई समझौता न हो और तय समय में काम पूरा न होने पर जिम्मेदार व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई की जाए। हमारा लक्ष्य तय समय में विकास कार्यों को पूरा कर फरीदाबाद को और आगे बढ़ाना है और आमजन को ज्यादा से ज्यादा सुविधाएं प्रदान करना है। कैबिनेट मंत्री श्री गोयल ने बैठक में अधिकारियों को सड़कों से संबंधित विकास कार्यों में तेजी लाने के निर्देश देते हुए कहा कि काम को पूरा करने के लिए दैनिक कार्यक्षमता को बढ़ाया जाए, ताकि फरीदाबाद निवासियों को आवागमन में असुविधा न हो। उन्होंने कहा कि प्रत्येक अधिकारी संबंधित क्षेत्र का दौरा कर समस्याओं को जाने और उनका निदान करें। उन्होंने मल्टी लेवल पार्किंग से जुड़े विकास कार्यों की भी समीक्षा की। उन्होंने सीवरेज और बारिश से होने वाले जलभराव की समस्या से निपटने के लिए और बेहतर कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जहां भी पानी निकासी की समस्या है, उसका जल्द और स्थायी समाधान किया जाना चाहिए। उन्होंने एसटीपी के पानी का सिंचाई के लिए ज्यादा से ज्यादा उपयोग करने की कार्ययोजना पर बल दिया ताकि पानी का सदुपयोग किया जा सके। कैबिनेट मंत्री श्री गोयल ने कहा कि फरीदाबाद में आगे आने वाले समय में पीने के पानी की किल्लत न हो, उसके लिए अधिकारियों को अभी से ही योजना पर काम करने की जरूरत है। क्योंकि पानी की खपत दिन-प्रतिदिन बढ़ रही है। उन्होंने अधिकारियों को पेयजल सप्लाई को एक समान और निर्बाध आपूर्ति करने के भी निर्देश दिए।

## सभी राशन डिपो पर लगाए जाएं सीसीटीवी कैमरे: राजेश नागर




**डिपो होल्डर राशन का वितरण समय पर करें, अन्यथा होगी कार्रवाई: राज्यमंत्री**

**कहा, एक परिवार से एक ही व्यक्ति को मिलेगा डिपो**

**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**चंडीगढ़/फरीदाबाद।** हरियाणा के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री श्री राजेश नागर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रदेश के सभी डिपो होल्डर से राशन का वितरण जल्द से जल्द करवाना सुनिश्चित करें। जानबूझकर देरी करने वाले डिपो होल्डरों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने सभी राशन डिपुओं पर सीसीटीवी कैमरे लगाने के निर्देश देते हुए कहा कि गरीबों के राशन में गड़बड़ी कतई सहन नहीं की जाएगी।

श्री नागर आज यहां खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग के जिला स्तर से लेकर मुख्यालय स्तर तक के वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ सुमिता मिश्रा भी उपस्थित थी।

हरियाणा के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री ने विभाग की प्रथम बैठक लेते हुए सभी कार्यों की समीक्षा की और अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी चाहते हैं कि कोई भी गरीब पात्र व्यक्ति अपने हक़से वंचित न रहे एवं हरियाणा सरकार प्रधानमंत्री के उसी सपने को साकार करने में लगी हुई है। ग़रीबों को एएवाई तथा बीपीएल कार्ड के माध्यम से दिए जाने वाले राशन की समुचित मात्रा समय पर पहुँचाने के लिए उन्होंने जहां अधिकारियों से सहयोग करने का आह्वान किया वहीं गड़बड़ी करने वाले डिपो होल्डरों को संरक्षण देने वाले अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि शिकायत मिलने पर दोषी पाए जाने वालों के ख़िलाफ़ सख़्त कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी राशन डिपुओं पर राशन एक तारीख से पहले पहुंच जाना चाहिए ताकि गरीब लोग समय पर अपने अनाज का प्रबंध कर सकें। उन्होंने सभी डिपुओं पर सीसीटीवी कैमरे लगाने के निर्देश देते हुए कहा कि इन कैमरों से निगरानी जिला स्तर और मुख्यालय स्तर पर की जाएगी। इससे डिपो होल्डरों के कार्य में पारदर्शिता आएगी और गरीब व्यक्तियों के राशन में धांधली होने से भी बचा जा सकेगा।

राजेश नागर ने राशन वितरण का ऑनलाइन डाटा अपडेट रखने के निर्देश देते हुए कहा कि जब भी डिपो पर राशन पहुंचता है तो इसकी सूचना उपभोक्ताओं तक मुनादी के माध्यम से करवाने के साथ -साथ व्हाट्सअप और टेक्स्ट-मैसेज के माध्यम से तुरंत पहुंचनी चाहिए। डिपुओं के लिए निर्धारित समय में डिपो को पूरा महीना या तब तक खोलकर रखना अनिवार्य होगा जब तक उसके क्षेत्र में शत -प्रतिशत राशन का वितरण न हो जाये।

उन्होंने यह भी कहा कि एक परिवार के केवल एक व्यक्ति को ही राशन डिपो का लाइसेंस मिलना चाहिए , मिलीभगत से कई डिपुओं का लाइसेंस लेने वालों के ख़िलाफ़ कार्रवाई की जाएगी और लाइसेंस भी रद्द किया जा सकता है।

## बास्केटबॉल मैच में मॉडर्न स्कूल सेक्टर 17 ने अरावली इंटरनेशनल को हराया

### विधायक मूलचंद शर्मा ने किया तक्षशिला विद्यालय में टूर्नामेंट का शुभारंभ




**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** सेक्टर 3 बल्लबगढ़ स्थित तक्षशिला मॉडल सी० सै०स्कूल में 6 नवंबर को तक्षशिला कप टूर्नामेंट उद्घाटन समारोह का आयोजन किया गया। मां सरस्वती के पूजन द्वारा, ज्योति प्रज्ज्वलित करके कार्यक्रम की शुरुआत की गई । विद्यालय के चैयरमैन श्रीमती उषा शर्मा, निदेशक महोदय श्री बी०डी० शर्मा और उपनिदेशक श्री मोहित शर्मा जी, विद्यालय के सेक्रेटरी रोहित शर्मा जी ने मुख्य अतिथि बल्लभगढ़ विधायक पंडित मूलचंद शर्मा जी का और डियूप्टी डायरेक्टर स्पोर्ट्स आफ हरियाणा माननीय गिरिराज जी का इस अवसर पर बुके देकर हार्दिक स्वागत किया गया ।

इस शुभ अवसर पर आमंत्रित सभी माननीय अतिथिगणों का भी फूलमालाओं द्वारा स्वागत किया गया। जिला स्तरीय इस प्रतियोगिता में लगभग 80 स्कूलों के लगभग 1000 खिलाड़ियों ने भाग लिया।बच्चों ने स्वागत गीत गाया और हरियाणवी नृत्य प्रस्तुत किया। बच्चों द्वारा प्रस्तुत रंगारंग कार्यक्रम ने सभी को मंत्र मुग्ध कर दिया। इसके पश्चात होलाहूप ड्रिल ने खिलाड़ियों में नव स्फूर्ति का संचार किया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि पंडित मूलचंद शर्मा जी ने वर्तमान खिलाड़ियों को प्रेरित करते हुए उनके उत्साहवर्धन के लिए कुछ शब्द कहे और विद्यालय समिति में उषा शर्मा जी की भागीदारी के लिए बी०डी० शर्मा जी को बधाई दी।मुख्य अतिथि द्वारा रिबन काट कर ट्रॉफी का इनॉग्रेशन और शांति के प्रतीक कबूतर उड़ाकर कार्यक्रम का आगाज़ किया गया।

सर्वोत्तम मार्च पास्ट का खिताब वर्ल्ड मिलेनियम विद्यालय ने अपने नाम किया। विद्यालय की चेयरमैन श्रीमती उषा शर्मा जी ने सभी अतिथियों को इस शुभ अवसर पर उनके सहयोग के लिए धन्यवाद दिया।

इस उपलक्ष्य में आए हुए सभी अतिथियों के लिए जलपान तथा मिष्ठान का भी आयोजन किया गया।

वॉलीबॉल का पहला मुकाबला सेंट थॉमस स्कूल सेक्टर 8और मुरारी लाल सीनियर सेकेंडरी स्कूल के बीच में हुआ। जिसमें सेंट थॉमस के कैप्टन शिवम चौधरी ने सर्वोत्तम प्रदर्शन के कारण 25-12 से मैच को अपने नाम किया जिसके कारण मुरारी लाल स्कूल को हार का सामना करना पड़ा।

बास्केटबॉल मैच में अरावली इंटरनेशनल को मॉडर्न स्कूल सेक्टर 17 से 18 -2 की भारी हार का सामना करना पड़ा।

इस अवसर पर एस एच मलिक, श्री नरेंद्र चौहान, मिस्टर चंद्र सेन शर्मा ,श्री एस पी उपाध्याय ,श्री भगवान शर्मा ,श्री कैलाश चंदीला, पवन अग्रवाल ,श्री रोहित शर्मा, श्री तुषार तनेजा ,श्री अनुभव ,श्री मनीष, श्री अर्शदीप सिंह , श्री नारायण डागर जी आदि अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने 172 बार रक्तदान के साथ 84वीं बार रक्तदान किया



**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**पंचकूला।** उप निरीक्षक डॉ अशोक कुमार वर्मा को चलती फिरती ब्लू फैक्ट्री कहा जाए तो कोई आश्चर्य की बात नहीं होगी। उनका कहना है कि रक्त के अभाव से किसी के प्राण न जाएं, इसलिए वह न दिन देखते न रात देखते सूचना मिलते ही पहुँच जाते हैं। पुलिस का नारा सेवा सुरक्षा और सहयोग हो पूरा बार बार यही वचन निभाएं। बार बार यही वचन निभाएं। जी हाँ, हरियाणा पुलिस के उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा सेवा सुरक्षा और सहयोग के नारे को चरितार्थ करते हुए अपने कर्तव्य के साथ साथ रक्तदान में सदा आगे रहते हैं। आज रात भी उन्हें सूचना मिलती है कि किसी के लिए ए पॉजिटिव के प्लेटलेट्स की आवश्यकता है तो वे रात्रि में प्लेटलेट्स दान करने के लिए ब्लड बैंक पहुंचे। बता दें कि हरियाणा पुलिस के उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा 172 बार रक्तदान कर चुके हैं और इसके साथ ही आज रात 84 वीं बार रक्तदान किया है। वे रात्रि में हरियाणा के अतिरिक्त पंजाब, चंडीगढ़, दिल्ली और अनेक दूसरे स्थानों पर जाकर रक्तदान कर चुके हैं। रक्तदान में शतक के लिए हरियाणा के राज्यपाल द्वारा उन्हें स्वर्ण पदक प्रदान किया गया है। इसके अतिरिक्त राज्यपाल द्वारा शतकवीर सम्मान के साथ भी सम्मानित किया है।

## गलती का प्रायश्चित करने वाला व्यक्ति जीवन में कभी असफल नहीं हो सकता : आर्यवेश



**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** गलत मानसिकता के चलते जिन विचारों के आधार पर भारतवर्ष टूटने लगा भारतवर्ष को जाति-पाति, छूत-अछूत, ऊंच-नीच में बांटने का प्रयास किया गया तब महर्षि दयानंद सरस्वती ने आर्य समाज की स्थापना की। आर्य समाज हमेशा समाज को जोडने. के लिए कार्य करता है यह बात सार्वदेशिक आर्य प्रतिनिधि सभा के पूर्व प्रधान आर्य नेता स्वामी आर्यवेश ने आय समाज सैक्टर-19 के वार्षिकोत्सव के तीसरे दिन भीम बस्ती अंबेडकर पार्क में यज्ञ और यज्ञोपवित संस्कार के बाद लोगों को संबोधित करते हुए कही। आर्य समाज सैक्टर-19 के प्रधान डा. गजराज सिंह आर्य, भीम बस्ती के पुनीत गौतम, नेत्रपाल तथा त्रिवेदी ने स्वामी आर्यवेश का स्वागत किया। स्वामी आर्यवेश ने कहा कि भारत में महिलाओं को यज्ञ न करने, यज्ञोपवित संस्कारों में भाग न लेने, गायत्री मंत्र का जाप न करने देने तथा महिलाओं की सती प्रथा को समाप्त करने के लिए आर्य समाज ने विशाल आंदोलन खड़ा किया और वह सफल भी रहे। उन्होंने कहा कि राजा राम मोहन राय ने बंगाल में सती प्रथा के खिलाफ अभियान चलाया तथा 1829 में बंगाल सरकार ने सती प्रथा के विरूद्ध कानून बनाया। लेकिन राजस्थान के देवराला में भी इसी प्रकार की घटना घटित हुई और आर्य समाज ने लोगों को जागरूक कर सरकार को विवश कर दिया कि सती प्रथा के विरूद्ध कडा कानून बनाया जाए तब भारत सरकार ने 1987 में सती प्रथा के खिलाफ कड़ा कानून बनाया। यह आर्य समाज की बहुत बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने आर्य समाज सैक्टर-19 की सराहना करते हुए कहा कि अब आर्य समाज भवनों से निकलकर कालोनी और बसतियों में लोगों को वेदों की ओर चलने के लिए प्रेरित कर रहा है तभी हम सुखी और संपन्न बन सकते हैं। उन्होंने कहा कि गलती का प्रायश्चित करने वाला व्यक्ति जीवन में कभी असफल नहीं हो सकता। इसलिए गलती के बाद व्यक्ति को प्रायश्चित कर मन और मसतिष्क दोनों को शांत कर लेना चाहिए। इससे पूर्व आचार्य वरूण देव जोधपुर तथा पंडित योगेश दत्त आर्य ने भी अपने विचार प्रकट किए। इस अवसर पर अशोक आर्य, डा. ओ.पी.वधवा, लोकनाथ क्वात्रा, विमला ग्रोवर सहित शहर के अन्य लोग उपस्थित थे।

**अपनी शादी, जन्मदिन और विवाह की वर्षगांठ की फोटो हमें भेजें।**

**नोट: मेल में नाम, पता और मोबाईल नंबर जरूर लिखें।**

samachargate@gmail.com

### प्रत्येक व्यक्ति के लिए आवश्यक टोल फ्री नम्बरों की सूची

| | |
|---|---|
| सीएम शिकायत पोर्टल | 181 |
| विद्युत सेवा | 1912 |
| पशु सेवा | 1962 |
| पुलिस सेवा | 112, 100 |
| अग्नि सेवा | 101 |
| एमबुलैस सेवा | 102 |
| यातायात पुलिस | 103 |
| आपदा प्रबंधन | 108 |
| चाइल्ड लाइन | 1098 |
| रेलवे पूछताछ | 139 |
| भ्रष्टाचार विरोधी | 1031 |
| रेल दुर्घटना | 1072 |
| सड़क दुर्घटना | 1073 |
| सी एम सहायता लाइन | 1076 |
| क्राइम सटायर | 1090 |
| महिला सहायता लाइन | 1091 |
| पृथ्वी भूकम्प | 1092 |
| बाल शोषण सहायता | 1098 |
| किसान काल सेन्टर | 1551 |
| नागरिक काल सेन्टर | 155300 |
| ब्लड बैंक | 9480044444 |

**जानकारी**

# मोटापे का पुरुष-महिलाओं पर असर अलग-अलग

## दोनों के लिए इलाज भी है अलग- अलग

मोटापा एक ऐसी बीमारी है, जो कई जटिल बीमारियों को जन्म दे सकती है। डॉ. हनी अरोड़ा का कहना है कि मोटापे की वजह से डायबिटीज यानी शुगर की बीमारी, कार्डियोवस्कुलर यानी दिल से संबंधित बीमारियां और इतना ही नहीं, इससे कई प्रकार के कैंसर भी हो सकते हैं, लेकिन अब यह बात जाहिर हो चुकी है कि मोटापे का पुरुषों और महिलाओं पर अलग-अलग असर पड़ता है। यह बात न केवल शारीरिक तौर पर सही है, बल्कि आनुवांशिकता के तौर पर भी हम पढ़ते आ ही रहे हैं एक्सएक्स और एक्सवाय जीन्स का फंडा। अब यूनिवर्सिटी ऑफ ऑक्सफोर्ड द्वारा किए गए एक रिसर्च में निष्कर्ष निकला है कि आनुवांशिक मोटापे का खतरा



जहां महिलाओं पर ज्यादा होता है तो वहीं मोटे पुरुषों में किडनी खराब होने या धूम्रपान की लत का खतरा होता है।

पुरुष और महिलाओं के शरीर की मोटापे पर प्रतिक्रिया को केंद्र में रखते हुए किए गए रिसर्च में 2 लाख 28 हजार 466 महिलाओं और 1 लाख 95 हजार 41 पुरुषों का अध्ययन किया गया। ऑक्सफोर्ड टीम का नेतृत्व किया साइंटिफिक लीडर और फेलो डॉ. सेसिलिया लिंडग्रिन ने। टीम ने पाया कि मोटापे का पुरुषों पर मोटी महिलाओं की तुलना में बिल्कुल ही अलग किस्म का असर होता है, जिसमें किडनी खराब होने से लेकर फेफड़े का कैंसर होने तक की बातें शामिल हैं।

यह अनुसंधान पब्लिक लाइब्रेरी ऑफ साइंस, यूके के हर किसी के लिए उपलब्ध प्रतिष्ठित जर्नल पीएलओएस जेनेटिक्स में प्रकाशित हुआ है।

### लिंगभेद का असर

मोटापे के अनेक कारणों में शरीर के मेटाबोलिज्म में गड़बड़ी, हाइपोथायरोइडिज्म और आरामदेह जीवनशैली का भी समावेश होता है। इस मोटापे की कुछ वजहें हैं। किसी व्यक्ति का बीएमआई (वजन एवं कद का अनुपात) जब 30 के बराबर या ज्यादा हो तो उसे मोटा कहा जाता है, लेकिन इस मोटापे का असर पुरुषों और महिलाओं में अलग-अलग होता है। मोटे पुरुषों में पेट (वेस्ट टू हिप रेशो) के इर्द-गिर्द ज्यादा मोटापा होता है तो महिलाओं में आनुवांशिकता के मोटापे का खतरा ज्यादा होता है। अध्ययन के दौरान बीएमआई के अलावा वेस्ट टू हिप रेशो (डब्ल्यूएचआर) और दोनों के परेशानियों का कारक होने पर ध्यान केंद्रित किया गया।

### अध्ययन से यह निष्कर्ष निकाले गए

- मोटी महिलाओं में टाइप-2 डायबिटीज का खतरा ज्यादा होता है।
- हृदयरोग और स्ट्रोक का खतरा पुरुष-महिला दोनों पर बराबर होता है।
- ज्यादा बीएमआई और ज्यादा डब्ल्यूएचआर एक साथ हों तो पुरुषों में क्रोनिक ऑब्स्ट्रक्टिव पल्मनरी डिसीज (सीओपीडी) का खतरा ज्यादा होता है।
- रोचक बात यह है कि अध्ययन में पाया गया कि मोटापा पुरुषों के व्यवहार में भी बदलाव लाता है। यह पुरुषों को धूम्रपान की ओर मोड़ता है (शायद इससे भूख कम होने की गलतफहमी के चलते)। जबकि ज्यादा धूम्रपान के कारण फेफड़े के कैंसर की आशंका और बढ़ जाती है। महिलाओं पर ऐसा ही असर नहीं देखा गया।
- शरीर के बीच के हिस्से में ज्यादा मोटापा पुरुषों में महिलाओं की तुलना में दीर्घकालिक किडनी की खराबी का खतरा ज्यादा बढ़ाता है।

### अध्ययन का लाभ

दुनियाभर में मोटापा ही गैर-संक्रामक रोगों से होने वाली मौतों में से दो तिहाई की वजह होता है। वह भी तब जबकि मोटापे से होने वाले रोगों पर स्वस्थ जीवनशैली और संतुलित आहार के साथ काबू पाया जा सकता है। अगर हमें जोखिम की आशंका वाले लोगों का पता चल जाए तो हमारे लिए उचित समय पर उचित कदम उठाकर उनकी जिंदगी बचाना ज्यादा आसान हो जाएगा।

---

हमारे इंटेस्टाइन में 13 तरह के आंत बैक्टीरिया (गट बैक्टीरिया) होते हैं, जो लार्ज इंटेस्टाइन के कैंसर का कारण बनते हैं। हाल ही में आए शोध से पता चलता है कि हमारे गट बैक्टीरिया और इंटेस्टाइन के माइक्रोबायोम के कारण ही इंटेस्टाइन में कैंसर का खतरा बढ़ता है।



वैज्ञानिक शोध में हुआ खुलासा

# आंतों में मौजूद बैक्टीरिया भी बन सकते हैं पेट के कैंसर का कारण

इंटेस्टाइन में रहने वाले एक प्रकार के बैक्टीरिया, जिन्हें हम गट बैक्टीरिया भी कहते ये बाउल कैंसर (आंत्र कैंसर) का कारण भी हो सकते हैं। हाल ही में आए शोध की मानें, तो आंत में एक निश्चित प्रकार के बैक्टीरिया वाले लोगों को आंत्र कैंसर विकसित होने का अधिक खतरा हो सकता है। इंटेस्टेनियल माइक्रोबायम हमारी आंत के भीतर फंग्स, बैक्टीरिया और वायरस का संग्रह है। साथ ही इस बात के प्रमाण और बढ़ रहे हैं कि शरीर में माइक्रोबायोम की संरचना भी इसके पीछे का एक बड़ा कारण हो सकती है। वहीं शोधकर्ता इस बात का पता भी लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि क्या इंटेस्टाइन के माइक्रोबायोम में कैंसर वायरस पैदा हो रहे हैं या उसके किसी खास बैक्टीरिया से ही ऐसा हो रहा है। आइए हम आपको बताते हैं इस कैंसर और इससे जुड़े इस शोध के बारे में।

### बाउल कैंसर क्या है?

बाउल कैंसर कैंसर का वह प्रकार है, जो हमारे लार्ज इंटेस्टाइन यानी कि बड़ी आंत में होता है। लार्ज इंटेस्टाइन में जहां ये कैंसर शुरू होता है, उसके आधार पर इस बाउल कैंसर को कभी-कभी कोलन या रेक्टल कैंसर कहा जाता है।

आंत्र कैंसर के 3 मुख्य लक्षण होते हैं। पहला- स्टूल या शौच करते वक्त लगातार ब्लडिंग का होना। दूसरा- आपकी आंत्र की आदत में लगातार परिवर्तन, जो आमतौर पर पेट खराब होने जैसा होता है और तीसरा-लगातार निचले पेट में दर्द, सूजन या बेचैनी का होना, जो हमेशा खाने के बाद होती है। इन तीनों के अलावा व्यक्ति में लगातार वजन कम होने लगता है और पेट की परेशानियां बढ़ने लगती हैं।

### क्या कहता है शोध ?



दरअसल यूनिवर्सिटी ऑफ ब्रिस्टल के डॉ. कैथलीन वेड ने आंत्र कैंसर(बाउल कैंसर) के विकास में बैक्टीरिया द्वारा निभाई गई कार्यवाहक भूमिका की जांच की है। इसके लिए मेंडेलियन रेंडमाइजेशन नामक तकनीक का उपयोग किया और इस अध्ययन के बारे में 2019 एनसीआरआई कैंसर सम्मेलन को बताया। सम्मेलन में बताया गया कि कैसे हमारी आंत में मौजूद कुछ बैक्टीरिया ही हमारे पेट से जुड़ी बीमारियों को कारण होते हैं और इसी के कारण ही हम बाउल कैंसर भी होता है। शोधकर्ताओं की मानें तो आंत्र कैंसर के खतरे 2-15 प्रतिशत के बीच बढ़ा है, जो आने वाले दिनों में और बढ़ सकता है। माइक्रोबायोम इस मामले में सूक्ष्मजीवों, बैक्टीरिया का एक समुदाय है, जो शरीर में स्वाभाविक रूप से होता है। इस बात के प्रमाण बढ़ रहे हैं कि माइक्रोबायोम का मेकअप मानव स्वास्थ्य और शरीर की बीमारी के लिए संवेदनशील भूमिका निभा रहा है। मानव आंत माइक्रोबायोम, जिसमें लगभग तीन ट्रिलियन बैक्टीरिया होते हैं, पाचन में सहायता करता है और संक्रमण से सुरक्षा प्रदान करता है। यह एक व्यक्ति के व्यक्तिगत आनुवंशिक बनावट और उनके शरीर द्वारा निर्धारित किया जाता है। यह किसी व्यक्ति के जीवन में अपेक्षाकृत स्थिर रहता है, जब तक कि वह एंटीबायोटिक दवाओं का सेवन न करें।

डॉ. कैथलीन वेड का कहना है कि उन्हें ये देखने में दिलचस्पी थी कि क्या मानव आंत माइक्रोबायोम में भिन्नता, जैसे बैक्टीरिया की संख्या या बस विभिन्न प्रकार के बैक्टीरिया की संख्या, आंत्र कैंसर पर प्रभाव डाल सकती है। चूहों और मनुष्यों में अध्ययन के बहुत से आंत सूक्ष्मजीव और आंत्र कैंसर के बीच एक संबंध दिखाया गया है, लेकिन बहुत कम लोगों को इसके ठोस सबूत मिले हैं। दूसरे शब्दों में, यह समझ पाना मुश्किल है कि आंत माइक्रोबायोम आंत्र कैंसर का कारण बन सकते हैं या नहीं। अध्ययन के लिए, शोधकर्ताओं ने फ्लेमिश गट फ्लोरा प्रोजेक्ट, जर्मन फूड चेन प्लस अध्ययन और पॉपगेन अध्ययन में भाग लेने वाले 3,890 लोगों के डेटा का इस्तेमाल किया किया और इस बारे में पता लगाया है। वहीं जीनोम-वाइड एसोसिएशन स्टडीज (GWAS) ने प्रतिभागियों के जीनोम में छोटे बदलावों की खोज की, जो किसी बीमारी या विशेषता वाले लोगों में बार-बार होते हैं।

---

**सेहत**

# घर के अंदर भी खतरनाक हो सकती है जहरीली हवा

आप घर के अंदर हैं, तो इसका मतलब आप पूरी तरह वायु प्रदूषण से सुरक्षित हैं आपका ये सोचना बिल्कुल गलत है। जिस तरह प्रदूषण का स्तर बढ़ रहा है, उससे आप घर के अंदर भी सुरक्षित नहीं, इसलिए ऐसे में एयर प्यूरीफायर मददगार हो सकता है। देश की राजधानी दिल्ली में रहना इन दिनों खतरे से खाली नहीं है, क्योंकि वहां बढ़ते वायु प्रदूषण और दिन-प्रतिदिन हवा की गुणवत्ता बिगड़ रही है। ऐसे में दिल्ली में सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकाल की घोषणा कर दी गई है। यह बढ़ता वायु प्रदूषण न केवल गंभीर श्वसन संबंधी रोगों की संभावना बढ़ाता है, बल्कि आपके दिल और मस्तिष्क दोनों पर भी प्रतिकूल प्रभाव डाल सकता है। इस स्मॉग को कोई भी फॉग समझने की गलती न करे। यह एक जहरीली हवा है, जो आपके स्वास्थ्य को बुरी तरह प्रभावित कर रही है। ऐसे में आपको घर से बाहर कम से कम निकलने की सलाह दी जा रही है, लेकिन क्या आप जानते हैं, कि घर के अंदर भी आप इस जहरीली हवा का शिकार हो सकते हैं। इसलिए जरूरत से ज्यादा सावधानी बरतने की जरूरत है।

### इनडोर वायु प्रदूषण क्या है ?



हालांकि बाहर की तुलना में घर के अंदर रहना अपेक्षाकृत अधिक सुरक्षित है, लेकिन यह जरूरी नहीं है कि आप घर के अंदर पूरी तरह सुरक्षित हैं, क्योंकि बाहर से जहरीली हवा आपके घर के अंदर भी आती है, जिसे इनडोर वायु प्रदूषण कहते हैं।

### इनडोर पॉल्यूशन से बचने के लिए एयर प्यूरीफायर

भले ही आपका घर कितना ही अच्छा और साफ-सुथरा ही क्यों न हो, लेकिन अगर प्रदूषण का स्तर बाहर की तरफ बढ़ रहा है, तो स्थिति घर के अंदर भी खराब हो सकती है। धूल और कार्बनिक पदार्थों से लेकर कीटनाशक सभी हमारे शरीर पर घर के अंदर भी कहर बरपा सकते हैं, जिसके लिए आपको इस स्थिति में घर में एयर प्यूरीफायर रखना जरूरी है। यह आपको बाहर की जहरीली हवा से बचाने में मदद करेगा।

### एयर प्यूरीफायर का सही इस्तेमाल और चुनाव

मार्केट में कई ब्रांड विभिन्न के एयर प्यूरीफायर हैं, जिनकी फिल्टरिंग क्षमता अलग-अलग है। इसलिए, अपने कमरे के आकार के लिए प्रभावी एयर प्यूरीफायर चुने। इसके अलावा आप एयर प्यूरीफायर का सही इस्तेमाल करें। आपके लिए यह समझना जरूरी है कि यदि आप कमरे के दरवाजे खोलते और बंद करते हैं तो एयर प्यूरीफायर ठीक से काम नहीं करेगा। इसलिए जब भी एयर प्यूरीफायर चालू करें, तो दरवाजे और खिड़कियां ठीक से टाइट बंद कर दें।

### फिल्टर बदलना भी है जरूरी

इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि आपने बाजार में सबसे अच्छा और महंगा एयर प्यूरीफायर खरीदा है, यदि आप समय पर इसके फिल्टर को नहीं बदलते हैं, तो इसका कोई फायदा नहीं होगा। इसलिए एयर प्यूरीफायर का फिल्टर बदलना भी जरूरी है। आमतौर पर HEPA (हवा को साफ करने की एक फिल्टर है, जो बहुत छोटे कणों को भी छानने में सक्षम है) और कार्बन फिल्टर सहित कम से कम दो फिल्टर होते हैं। नियम के अनुसार, HEPA फिल्टर को हर 12 से 18 महीने में बदलना चाहिए और कार्बन फिल्टर को हर तीन महीने में बदलना चाहिए।

---

# टाईम पास

## आज का राशिफल

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): लेन-देन में स्पष्टता बनाये रखें। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। पदोन्नति की संभावना है। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। शुभांक-7-8-9

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): आज की सुविधा कल नहीं मिल पायेगी, लाभ उठाएं। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। चल-अचल सम्पति में वृद्धि होगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। स्वास्थ्य पर ध्यान दें। शुभांक-2-5-7

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा): अपना कार्य दूसरों के सहयोग से बना लेंगे। मित्रों की उपेक्षा करना ठीक नहीं रहेगा। नौकरी के क्षेत्र में कुछ उलझनें रहेगी। प्रतिष्ठा में वृद्धि व शिक्षा में परेशानी आ सकती है। स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। व्यापार में वृद्धि होगी। शत्रुपक्ष पर आप हावी रहेंगे। मेहमानों का आगमन होगा। शुभांक-6-7-9

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): श्रेष्ठजनों की सहानुभूति मिलेगी। कारोबारी यात्रा सफल होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। बुद्धि, बल व पराक्रम सफल होगा। व्यापार में वृद्धि व लाभ मिलेगा। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। शुभांक-1-4-6

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): अपने काम को प्राथमिकता से करें। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। लाभ होगा और पुराने मित्रों से समागम भी होगा। अपने काम पर पैनी नजर रखिए। स्वभाव में सौम्यता आपकी मदद करेगी। जीवन साथी से संबंधों में मिठास बढ़ेगी। परिस्थिति सभी का सहयोग मिलेगा। शुभांक-5-7-9

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। दिमाग में निर्मूल तर्क पैदा होंगे। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। कारोबारी काम में बाधा बनी रहेगी। स्वास्थ नरम रहेगा। शुभांक-5-7-9

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): जो चल रहा है उसे सावधानीपूर्वक संभालें। मायूस न हो समय चक्र है। कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। धन के लेन-देन में सतर्क रहें। शुभांक-2-5-7

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू): परिवार में मांगलिक कार्यों का आयोजन होगा। वैवाहिक जीवन में प्रेम-प्रीति बढ़ेगी। जीवन साथी से संबंधों में मिठास बढ़ेगी। राजकीय सम्मान प्राप्त होने के योग हैं। शांतिपूर्वक कार्य करें, जान है तो जहान है अत: वाहन आदि चलाने में सावधानी बरतें। अपना कार्य स्वयं करें, किसी के भरोसे न रहें। शुभांक-1-5-9

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): मेल-मिलाप भविष्य में लाभदायक सिद्ध होगा। स्वयं पर विश्वास कार्यों की सिद्धि है। घर तथा व्यावसाय को एक-दूसरे से दूर ही रखें। व्यापारिक संबंधों में प्रगति के योग हैं। कार्य स्थल पर नियमपूर्वक व्यवहार लाभकारी होगा। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। शुभांक-3-5-7

**मकर** (भे जा जी खी खू खे खो गा गी): धन के लेन-देन में सतर्क रहें। बातचीत में संयम बरतें। मन में चंचलता बढ़ेगी। भावुकतावश निर्णय न लें। कर्ज देने से बचें। मानसिक व्यथा व संतान के कारण परेशानी होगी। कला क्षेत्र के जातकों को मेहनत के बाद सफलता मिलेगी। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। शुभांक-4-6-8

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): सरकारी पक्ष से पूर्ण सहयोग प्राप्त होगा। विद्यार्थियों के लिए समय अनुकूल रहेगा। स्वास्थ्य पर ध्यान दें। आर्थिक मजबूती हेतु मन केन्द्रित होगा। मिल रहे अवसरों का लाभ उठाएं। आर्थिक योजनाएं फलित होंगी। स्त्री, संतान, मित्र के साथ मनोविनोद बढ़ेगे। बकाया धन की प्राप्ति के योग हैं। शुभांक-4-7-8

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): उत्साह में वृद्धि होगी। आलस्य का त्याग करें। नये आय के स्त्रोत बनेंगे। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। पसंदीदा भोज्य पदार्थों की प्राप्ति होगी। लम्बे प्रवास व चुनौती पूर्ण कार्यों का सामना हो सकता हैं। व्यवसायिक क्षेत्र में आपकी मेहनत व लगन की परीक्षा होगी। शुभांक-1-4-6

## काकुरो पहेली - 3342



खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए.किसी भी अंक का उस जोड़ में पुन: उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:



6+8+9=23
7+8+9=24
1+2+3+4+5=15
1+2+3+4+6=16

काकुरो - 3341 का हल



## हंसी के फूव्वारें

एक व्यक्ति ने डाक्टर को धन्यवाद देते हुए कहा-'डाक्टर साहब! मैं आपका बहुत एहसानमन्द हूँ. आपके इलाज से मुझे बहुत फायदा पहुँचा है.'

'मगर.....?' डाक्टर ने चौंकते हुए कहा-'मैंने तो कभी आपका इलाज नहीं किया.'

'आपने मेरा तो नहीं, मगर मेरे करोड़पति चाचाजी का इलाज किया था. पिछले सप्ताह उनका देहान्त हो गया और मैं उनका एकमात्र वारिस हूँ.'

एक पिता मृत्यु की घड़ियां गिन रहा था . उसके तीन पुत्र आपस में बहस कर रहे थे. बड़ा पुत्र बोला-'एम्बूलेंस मंगा लेनी चाहिए.'

मंझला-'नहीं ! बैल ठेला कर लेंगे !'

छोटा-'कन्धे पर डालकर ले चलो !'

सुनकर पिता से रहा नहीं गया, बोला-'तुम मेरी चप्पलें ला दो, मैं खुद ही चला जाऊंगा.'

□ □ □

सीता-'मेरे बाप ने तो तैरने का रिकार्ड तोड़ दिया. पूरे तीन दिन बाद वापस लौटे हैं.'

गीता-'वह तो ठीक है. लेकिन तुम्हारे बाप हमारे बाप के सामने तो टिक नहीं सकते !'

'कैसे ?'

'मेरे बाप चार वर्ष पहले तैरने गये थे और आज तक वापस नहीं आये हैं.'

## फिल्म वर्ग पहेली- 3342



**बायें से दायें:-**

१. 'ये तारा वो तारा' गीत वाली आशुतोष गोवारीकर की फिल्म-३
३. 'तुम्हें अपना बनाने की' गीत वाली संजयदत्त, पूजा भट्ट की फिल्म-३
५. राजकपूर, नर्गिस की 'ये शाम की तन्हाइयाँ' गीत वाली फिल्म-२
७. 'चलती है पुरवाई' गीत वाली जतिन ग्रेवाल, नेहा की फिल्म-३
८. ऋषिकपूर, जयाप्रदा की 'रामजी की निरली सवारी' गीत वाली फिल्म-४
९. 'मैं शायर तो नहीं' गीत वाली ऋषिकपूर, डिम्पल की फिल्म-२
१०. राजेश खन्ना, शर्मिला की 'कन्हैया कन्हैया तुझे' गीत वाली फिल्म-३
११. 'बंदा ये बिंदास है' गीत वाली अमिताभ, रवीना, नंदिता की फिल्म-२
१२. अमिताभ, जीनत की 'ये मेरा दिल यार का दीवाना' गीत वाली फिल्म-२
१३. 'दिन सारा गुजारा' गीत वाली शम्मी कपूर, सायरा की फिल्म-३
१५. राजेंद्रकुमार, वहीदा की 'ये मौसम भीगा भीगा है' गीत वाली फिल्म-४
१७. 'वो शाम कुछ अजीब थी' गीत वाली राजेश खन्ना, वहीदा की फिल्म-३
१९. आमिर, जूही, ममता की 'धीरे धीरे आप मेरे' गीत वाली फिल्म-२
२२. फिल्म 'रिफ्यूजी' में अभिषेक के साथ नायिका कौन थी-३
२४. अक्षयकुमार, करीना की 'दिल ले गया परदेसी' गीत वाली फिल्म-३
२७. 'बहारों फूल बरसाओ' गीत वाली राजेंद्रकुमार, वैजयंती की फिल्म-३
२८. किशोरकुमार की 'एक चतुर नार करके सिंगार' गीत वाली फिल्म-४
२९. 'फिर वही चांद वही गम' गीत वाली देवआनंद, नूतन की फिल्म-३
३०. डिनो, बिपाशा की 'जब दिल चुराये कोई' गीत वाली फिल्म-३

**ऊपर से नीचे:-**

१. 'कैसे कटे दिन कैसे' गीत वाली राजेश, गोविंदा, जूही की फिल्म-२
२. अमिताभ, जयाप्रदा की 'मंजिलें अपनी जगह हैं' गीत वाली फिल्म-३
३. फिल्म 'तेरे नाम' में नायक कौन था-४,२
४. ऋषि, चंकी, नीलम की 'देखा जो हुस्न आपका' गीत वाली फिल्म-३
५. काहे कोयल शोर, मचाये' गीत वाली राजकपूर, नर्गिस की फिल्म-२
६. जीतेंद्र, लीना चंदावरकार की 'तूने तूने ओ सनम' गीत वाली फिल्म-४
९. 'है मुबारक आज का' गीत वाली मिथुन चक्रवर्ती, रति की फिल्म-३
११. संजय दत्त, अनिता की 'तुन्ना तुन्ना तक तक तुन्ना' गीत वाली फिल्म-३
१४. 'हम तुम को निगाहो' गीत वाली सलमान, अरबाज, शिल्पा की फिल्म-२
१६. राजकपूर, वहीदा रहमान की 'सजन रे झूठ मत बोलो' गीत वाली फिल्म-३,३
१८. फिल्म 'मिस ४२०' में नायिका कौन थी-२
२०. सनी देओल, सलमान, करिश्मा, तब्बू की 'तू धरती पे चाहे जहाँ' गीत वाली फिल्म-२
२१. 'फूल ये कहाँ से' गीत वाली जैकी श्रॉफ, डिम्पल कपाड़िया की फिल्म-२
२३. अजय देवगन, अमीषा पटेल की 'प्यार तो होता है प्यार' गीत वाली फिल्म-४
२५. 'मेरे अंगने में तुम्हारा' गीत वाली अमिताभ, जीनत अमान की फिल्म-४
२६. अरविंद स्वामी, प्रभुदेवा, काजोल की 'एक बगिया में रहती है' गीत वाली फिल्म-३

फिल्म वर्ग पहेली- 3341



## सूडोकु -3342

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 8 | | | | 1 | 5 | |
| 2 | | | | | 1 | 8 | | |
| 3 | | | 4 | | 6 | 7 | | 9 |
| 5 | | | | | 9 | | | |
| | 9 | | 2 | 3 | 4 | | 7 | |
| | | | 1 | | | | | 8 |
| 4 | | 7 | 6 | | 5 | | | 1 |
| | | 6 | 7 | | | | | 4 |
| | 5 | 3 | | | | 2 | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु -3341 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | 7 | 5 | 2 | 1 | 4 | 8 | 6 |
| 5 | 4 | 2 | 9 | 6 | 8 | 7 | 1 | 3 |
| 8 | 6 | 1 | 3 | 7 | 4 | 9 | 5 | 2 |
| 2 | 8 | 9 | 1 | 5 | 3 | 6 | 4 | 7 |
| 4 | 7 | 3 | 2 | 8 | 6 | 5 | 9 | 1 |
| 6 | 1 | 5 | 4 | 9 | 7 | 2 | 3 | 8 |
| 9 | 3 | 4 | 7 | 1 | 2 | 8 | 6 | 5 |
| 7 | 5 | 6 | 8 | 3 | 9 | 1 | 2 | 4 |
| 1 | 2 | 8 | 6 | 4 | 5 | 3 | 7 | 9 |

## शब्द पहेली - 3342



**बाएँ से दाएँ**

1.अत्यावश्यक-6
5.कारागार,जेल-4
8.पानी,नीर-2
9.मीन,मत्स्य-3
10.लक्ष्मी,कमला-2
11.कलाकार,फनकार-4
12.मर्द,मादा का विलोम-2
14.हसरत,मुराद-4
15.कैद में,अवरुद्ध,रुका-2
17.भूमि,धरती-3
19.मतवासा,मदहोश-4
21.फिल्मी दुनिया-3,3
24.दुर्भाग्यशाली-5
27.ठोकर लगना,भिड़ना-4
29.दौंडी पीटना-3
31.सांप,सर्प-2
32.दाल-4
33.हूर,अप्सरा-2
35.गाड़ी चलाने वाला-4
36.पिता का छोटा भाई-2
38.पुत्र,बेटा-3
39.टौंटी,नलका-2
40.ललचाना,तड़फाना-4
41.टाऊन हाल, नागरिक भवन-2,4

**ऊपर से नीचे**

1.ईश्वर,अनश्वर-3,3
2.तेलहन-2
3.सुखद वस्तु, वर देना-4
4.करधनी,कमर पेटी-5
5.गलीचा-3
6.दिन-2
7.समस्या का हल-4
11.धरोहर,थाती-4
13.मिट्टी,धूल-2
16.चमकना-4
18.वायुसेना का एक विमान-3
19.इतराना-4
20.परत-2
22.जाप करना-3
23.किवाड़,द्वार-2
25.उदाहरणत:-4
26.परवरिश-3,3
28.राग छेड़ना-5
29.भेंट,मेल-मिलाप-4
30.दिया,दीपक-2
32.औषधालय, दवाखाना-4
34.खाली होना-3
37.छोटी सवारी गाड़ी-2
39.नया,नवीन-2

शब्द पहेली -3341 का हल



# स्वरोजगार के लिए विधवा को मिलेगा 3 लाख तक का ऋण : डीसी विक्रम सिंह

**समाचार गेट/ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** डीसी विक्रम सिंह ने बताया कि विधवा महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए स्वरोजगार को बढ़ावा दिया जा रहा है। इसके लिए हरियाणा महिला विकास निगम (एलडब्लयूडीसी) की ओर से राज्य की विधवा महिलाओं को स्वयं का व्यवसाय करने के लिए बैंक के माध्यम से तीन लाख रुपए तक का ऋण आसान किस्तों में कम ब्याज पर उपलब्ध करवाया जाता है। डीसी विक्रम सिंह ने बताया कि विधवा



महिलाओं को बैंकों के माध्यम से 3 लाख रूपये तक के बैंक ऋण के ऊपर ब्याज की प्रतिपूर्ति हरियाणा महिला विकास निगम द्वारा अनुदान के रूप में अदा की जाएगी। जिसकी अधिकतम सीमा 50 हजार रुपये व लोन की अवधि 3 वर्ष जो भी पहले होगी ब्याज सबसिडी दी जाती है। इन पैसों से महिला अपना खुद का गुजारा कर सकती है। उन्होंने बताया है कि महिला की वार्षिक आय 3 लाख से अधिक नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि इसके लिए पात्र महिला को मसाला यूनिट, डोना बनाना, रेडीमेड गारमेंट्स, ब्यूटी पार्लर व ऑटो रिक्शा, परचून दुकान, कोसमेटिक दूकान, बुटीक, स्कुल युनिफोर्म, बैग बनाना व अचार बनाना इत्यादि का प्रशिक्षण लिया होना चाहिए। आवेदन करने के लिए हरियाणा महिला विकास निगम के कार्यालय पते हरियाणा महिला विकास निगम, छठी मंजिल, उपायुक्त कार्यालय, सेक्टर-12, फरीदाबाद तथा दिए गए फोन नंबर :- 7015487239 पर जानकारी ले सकती है।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में लंबित मामलों का आपसी सहमति से होगा समाधान : सीजेएम ऋतु यादव

**समाचार गेट/ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के चेयरमैन तथा जिला एवं सत्र न्यायाधीश संदीप गर्ग की अध्यक्षता में व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी ऋतु यादव के मार्गदर्शन में फरीदाबाद के न्यायिक परिसर में आगामी 14 दिसंबर 2024 को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। सीजेएम ऋतु यादव ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में विभिन्न अदालतों



में विचाराधीन केसों के दोनों पक्षों की आपसी सहमति से लंबित मामलों का समाधान किया जाएगा।

राष्ट्रीय लोक अदालत में किसी भी प्रकार के लंबित मामलों का समाधान के लिए रखा जा सकता है। राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से लोग अपने लंबित पड़े मामलों को आपसी सहमति से आसानी से निपटा सकते हैं। लोक अदालत में उन्हीं मामलों को रखा जाता है, जिनका दोनों पक्षों की सहमति से समाधान किया जा सके। वहीं राष्ट्रीय लोक अदालत में सुनाए गए फैसले के खिलाफ ऊपरी अदालत में अपील दायर नहीं की जा सकती। राष्ट्रीय लोक अदालतों में रखें जाने वाले केसों में दोनों पक्षों की जीत होती है और धन तथा समय की बचत होती है। वहीं सामाजिक सरोकारों में आपसी भेदभाव भुलाकर भाईचारे की भावना बढ़ती है। जिसका अन्य लोग भी अनुसरण करते हैं। सीजेएम ऋतु यादव ने विभिन्न अदालतों में विचाराधीन केसों से संबंधित लोगों से आह्वान किया कि वे राष्ट्रीय लोक अदालतों के माध्यम से अपने केसों का निपटारा करवाकर राष्ट्रीय लोक अदालत का फायदा उठाएं।

# अग्रवाल कॉलेज में चल रहे दो दिवसीय इंटर कालेज आर्चरी टूर्नामेंट का समापन

**समाचार गेट/ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** अग्रवाल कॉलेज बल्लबगढ़ में चल रहे दो दिवसीय इंटर कॉलेज आर्चरी टूर्नामेंट का समापन नई उपलबधियों के साथ हुआ। अग्रवाल विद्या प्रचारिणी सभा के प्रधान (गवर्निंग बॉडी) एवं अग्रवाल कॉलेज अध्यक्ष देवेंद्र कुमार गुप्ता, अग्रवाल कॉलेज महासचिव एडवोकेट दिनेश कुमार गुप्ता की सदप्रेरणा से महाविद्यालय में प्रतिवर्ष इंटर कालेज आर्चरी टूर्नामेंट का आयोजन किया जाता है।




अग्रवाल कॉलेज प्राचार्य डॉ संजीव कुमार गुप्ता के संरक्षण में आयोजित इस टूर्नामेंट के समापन दिवस पर रोहतक, होडल, पलवल और फरीदाबाद के कुल 17 महाविद्यालयों के प्रतिभागियों ने सहभागिता निभाई। समापन दिवस पर विशिष्ट अतिथि के रूप में अग्रवाल विद्या प्रचारिणी सभा के प्रधान एवं अग्रवाल कॉलेज अध्यक्ष देवेंद्र कुमार गुप्ता उपसथित रहे। सभी विजेता प्रतिभागियों को बधाई देते हुए उन्होंने कहा कि सभी प्रतिभागियों ने अच्छा प्रदर्शन किया है परंतु जो प्रतिभागी जीत नहीं पाए हैं वह भी निराश ना हो क्योंकि हार जीत खेल का हिस्सा है।

जरूरी यह है कि हम पूरी मेहनत और लगन के साथ अपने काम में जुटे रहे ।जिससे आगामी सत्र में होने वाले टूर्नामेंट में अपनी जगह स्थापित कर सकें। प्रतियोगिता के दूसरे दिन रिकवरी राउंड के पुरुष वर्ग विजेता में प्रथम स्थान पर कृष रोज (जाट कॉलेज रोहतक)द्वितीय स्थान पर सूर्यजीत सिंह (साउथ प्वाइंट सोनीपत) एवं तृतीय स्थान पर ईशान हुड्डा (जाट कॉलेज रोहतक) रहे तथा महिला वर्ग में प्रथम स्थान पर निधि (सैनी कॉलेज रोहतक) द्वितीय स्थान पर कृतिका (सैनी कॉलेज रोहतक) तृतीय स्थान पर अनु सैनी (अग्रवाल कॉलेज बल्लबगढ़) रही। ट्रॉफी विजेता में प्रथम स्थान पर जाट कॉलेज रोहतक,द्वितीय स्थान पर अग्रवाल कॉलेज बल्लबगढ़ और तृतीय स्थान पर डी ए वी कॉलेज रहा। शारीरिक शिक्षक डॉ जगबीर सिंह,श्री नंदकिशोर, मोहित हुड्डा एवं पवन दलाल के मार्गदर्शन में दो दिवसीय यह प्रतियोगिता सफल रही। कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन डॉ मधु सिंगला द्वारा किया गया।

# सराय ख्वाजा की मोनिका सेठी भाषण प्रतियोगिता में हरियाणा में प्रथम

## राज्य स्तरीय लीगल लिटरेसी प्रतियोगिता

**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सराय ख्वाजा फरीदाबाद के जूनियर रेडक्रॉस और ब्रिगेड सदस्य विद्यार्थियों ने शिक्षा विभाग एवं प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा के निर्देशानुसार हरियाणा स्टेट लेवल लीगल लिटरेसी कंपटीशन में यमुनानगर में प्रतिभागिता कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि ये प्रतियोगिताएं 6 नवंबर से 7 नवंबर तक यमुनानगर में आयोजित की जा रही हैं। छ नवंबर को आयोजित की गई राज्य स्तरीय विधिक साक्षरता के अंतर्गत भाषण प्रतियोगिता में गवर्नमेंट मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल सराय ख्वाजा की जूनियर रेडक्रॉस सदस्य विद्यार्थियों का प्रशंसनीय प्रदर्शन रहा। जेआरसी और ब्रिगेड प्रभारी प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा ने बताया कि विद्यालय की बारहवीं की छात्रा मोनिका सेठी ने भाषण प्रतियोगिता में ड्रग्स एडिक्शन विषय




पर अपना भाषण दिया और हरियाणा राज्य स्तर पर प्रथम रहते हुए जिला फरीदाबाद और सराय ख्वाजा विद्यालय को गौरवान्वित किया। विद्यालय के जूनियर रेडक्रॉस सदस्य विधार्थी क्विज, डिबेट, भाषण, पेंटिंग तथा स्किट आदि प्रतियोगिताओं में प्रतिभागिता कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि डिबेट, पावर प्लांट प्रेजेंटेशन, डॉक्यूमेंट्री फिल्म, क्विज, पोस्टर मेकिंग, स्किट, भाषण, कविता गायन, पेटिंग और निबंध लेखन प्रतियोगिताओं का आयोजन विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा प्रति वर्ष आयोजित किया जाता है। इस वर्ष विद्यार्थियों ने इन में से छह इवेंट्स डिबेट में अभय प्रथम, पावर पॉइंट में मंदिश मिश्रा प्रथम, क्विज में डिंपल, बजरंगी और प्रेम की टीम प्रथम, पोस्टर मेकिंग में शिवांगी प्रथम, भाषण में मोनिका सेठी प्रथम, पेटिंग में एकता प्रथम, कविता गायन, डॉक्यूमेंट्री फिल्म में श्याम बाबू और स्किट में शिवांगी की टीम ने मंडल स्तरीय प्रतियोगिता में स्थान प्राप्त किया है। विद्यालय की जूनियर रेडक्रॉस काउंसलर प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा ने विद्यालय के विद्यार्थियों और अध्यापकों को इस सफलता पर बधाई देते हुए कहा कि विद्यालय में शिक्षा ग्रहण कर रहे विद्यार्थियों का सर्वांगीण और चहुंमुखी विकास करना ही हमारा प्रमुख ध्येय है। उन्होंने बताया कि विद्यालय के विद्यार्थियों ने लीगल लिटरेसी कंपटीशन में शिक्षा विभाग द्वारा समय समय पर दिए गए निर्देशों के अंतर्गत विद्यार्थियों को इन प्रतियोगिता में प्रतिभागिता के लिए प्रेरित किया है। विद्यालय की छात्राओं और छात्रों को राज्य स्तर की प्रतियोगिता में सराहनीय प्रदर्शन के लिए प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा ने प्राध्यापिका सुशीला बेनीवाल, गीता सहित प्रतिभागी विद्यार्थियों तथा सभी का सहयोग देने और विद्यालय के लिए सम्मान प्राप्त करने के लिए स्वागत और अभिनंदन किया।

# सब मोह-माया, शिव को समर्पित किया हुआ जल जरूर बदलेगा तुम्हारा कल : प्रदीप मिश्रा

**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** देवा ओ देवा महादेवा-महादेवा सारी उम्र करूं तेरी सेवा, बाबा जी मेरी लाज रखना आज जैसे ही विश्व प्रसिद्व कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा सिहोर वाले ने कथा में यह गीत गाया तो कथा पंडाल में पहुंचे शिवभक्त अपने स्थानों से खडें होकर नाचने और गाने लगे। वहीं पंडाल में शिवभक्तो द्वारा एक सुर में गाएं गए भजन से एक सकारात्मक ऊर्जा पैदा हो गई। बुधवार को स्कन्देश्वर शिवपुराण का गुणगान किया गया। उक्त वाक्या फरीदाबाद के उद्योगपति द्वारा प्रवीण पाराशर एवं हेमलता पाराशर आयोजित शिव महापुराण कथा के तीसरे दिन पंडित प्रदीप मिश्रा ने कहें। जैसा कि बताया गया कि इससे पूर्व भी प्रवीण पाराशर एक अन्य कथा भी आयोजित कर चुके है।



इस कड़ी में विश्व ख्याती प्राप्त पंडित प्रदीप मिश्रा ने कहा कि जब भी हम भगवान शिव का गुणगान करते हैं तो भगवान शिव हमें थोड़ा सा धक्का मार देते हैं और हमारी नैया पार हो जाती है। वहीं अगर आप किसी लक्ष्य को लेकर बैठतें है साथ ही हम प्रार्थना करते हैं तो शिव पुराण की कथा कहतीं है कि अगर वह कार्य नहीं बनता है तो भगवान शिव का धन्यवाद देना चाहिए,क्योंकि हो सकता है हमारे लिए इससे भी अच्छा सोचा हुआ हो। हमारे में मन कभी भी नकारात्मक भाव नहीं आने चाहिए। वहीं उन्होंने शिव कथा को सुनने वाले लोगों से कहा कि आप अपने मन में भाव लेकर भगवान शिव और पार्वती माता हमारे माता-पिता है।

वहीं उन्होंने सच्चे सुख का वर्णन करते हुए कहा कि जितने भी पैसे वाले बैठें हो तो उनसे पूछना बड़े और छोटे में क्या फर्क है। लेकिन बड़े तनाव में है लेकिन देखना छोटा व्यक्ति अधिक खुश मिलेगा। बड़े को तनाव,परेशानी रहेगी, लेकिन छोटा खुश है। आप रोड़ पर कितना भी टैक्स जमा कर दो लेकिन रोड पर रह नहीं सकते हैं, उसी प्रकार संसार के लिए परिवारख्कुंटुब, बेटा-बेटी ,अपने पराएं के लिए कितना भी कर दो आखिर में ताना सुनने को अवश्य मिलेगा। जबकि शिव पुराण की कथा कहतीं है अगर आपने शंकर को गलती से भी एक लोटा जल समर्पित किया है तो तुम्हारें द्वारा चढाया गया एक लोटा जल आपका कल जरूर बदलेगा और वह जल तुम्हें अवश्य फल देगा।

# संत निरंकारी स्कूल में अंतर विद्यालयी बास्केटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन




**समाचार गेट/ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** संत निरंकारी पबलिक स्कूल, सेक्टर- 16 ए, फरीदाबाद में 5 व 6 नवंबर 2024 को अंतर विद्यालयी बास्केटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया , जिसमें अजीत सिंह (जिला शिक्षा अधिकारी) व देवेंद्र सिंह गुलिया (जिला खेल अधिकारी) (मुख्य अतिथिगण), हरवीर अधाना (सहायक शिक्षा अधिकारी), महेश (संयोजक, संत निरंकारी मिशन, फरीदाबाद), राधे श्याम (एस . एन.सी. एफ. के मेंबर एजुकेशन), श्रीमती रमन सिंह मनहास (संत निरंकारी पबलिक स्कूलों की प्रशासिका), रविंदर मनहास (एन.बी.जी.एस.एम. कालेज के अध्यक्ष), डॉ. धर्मेंद्र (खेल एथलेटिक कोच), श्रीमती सुनीता मिनोत्रा (प्रबंधक, संत निरंकारी पबलिक स्कूल, मालवीय नगर), एन.बी.जी.एस.एम. कालेज के सहायक प्रोफेसर व उनकी टीम, श्री वी.के. अरोड़ा (अध्यक्ष), श्री एन. एस. चौहान (प्रबंधक), संत निरंकारी मिशन के सदस्य, श्रीमती ममता अरोड़ा (प्रधानाचार्या) उपसथित थे। प्रतियोगिता का आरंभ मुख्य अतिथि के द्वारा रिब्बन काटकर तथा दीप प्रज्वलन के साथ-साथ छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना व स्वागत नृत्य से किया गया। प्रतियोगिता में आठ स्कूलों के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया था, जिनमें से आदर्श विद्या निकेतन, सेक्टर - 19, फरीदाबाद तथा ग्रेंड कोलंबस स्कूल, सेक्टर -16 ए, फरीदाबाद की टीम फाइनल में पहुँची ,जिसमें आदर्श विद्या निकेतन स्कूल, सेक्टर - 19, फरीदाबाद की टीम ने फाइनल में जीत हासिल कर पुरस्कार के रूप में पदक हासिल किया। दूसरे और तीसरे स्थान पर ग्रेंड कोलंबस स्कूल, सेक्टर-16 ए, फरीदाबादत था संत निरंकारी पबलिक स्कूल, सेक्टर- 16 ए, फरीदाबाद की टीम देवेंद्र सिंह गुलिया जी ने अपने भाषण में विजेता टीम की सराहना करते हुए उन्हें अपने स्वास्थ्य को बेहतर बनाने हेतु प्रोत्साहित किया। स्कूल प्रबंधक श्री एन. एस. चौहान जी ने अपने धन्यवाद भाषण में सभी खिलाडिय़ों का धन्यवाद करते हुए उनका मनोबल बढ़ाया। कार्यक्रम का समापन नृत्य व राष्ट्रीय गान के साथ किया गया।

# छठ पूजा को लेकर पुलिस अलर्ट, 76 मुख्य घाटों पर बढ़ाई सुरक्षा

**समाचार गेट/ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** छठ पूजा महोत्सव को लेकर फरीदाबाद पुलिस पूरी तरह से अलर्ट हो गई है। सात और आठ नवंबर को मनाए जाने वाले इस त्यौहार पर काफी संख्या में लोग एकत्रित होते है और सूर्य की अराधना करते है, इसलिए पुलिस ने सुरक्षा के पुख्ता बंदोबस्त किए है। फरीदाबाद में भी मुख्यत: 76 घाटों पर भी छठ पूजा का आयोजन किया जाएगा, जिसके मद्देनजर सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए पुलिस आयुक्त ओमप्रकाश नरवाल ने सभी थाना और चौकी प्रभारियों को छठ पूजा घाट पर पुलिस बल के साथ मौजूद रहने के निर्देश दिए गए हैं।



पुलिस प्रवक्ता ने बुधवार को जानकारी देते हुए बताया कि 7 व 8 नवम्बर को छठ पूजा अवसर पर फरीदाबाद पुलिस द्वारा पर्याप्त तैयारियां कर ली गई है। फरीदाबाद के 76 मुख्य घाटों पर पुलिस बल तैनात रहेगा। जिस संबंध में पुलिस आयुक्त द्वारा सभी प्रबंधक अफसर व चौकी प्रभारियों को निर्देशित किया गया है। सभी प्रबंधक अफसर व चौकी प्रभारी पर्याप्त पुलिस बल के साथ अपने अपने क्षेत्र में घाटों पर लगातार गश्त करते रहेगे। पल्ला पुल, खेडी पुल, एत्मादपुर पुल, सेक्टर-8 बाईपास व गुरुग्राम कैनाल मथुरा रोड बल्लबगढ़ पर एक/एक फायर ब्रिगेड, एम्बुलेंस नौका व गौताखोर उपलब्ध कराने के लिए उपायुक्त फरीदाबाद को पत्राचार किया गया है। साथ ही ड्युटी मैजिस्ट्रेट उपलब्ध कराने के लिए भी पत्राचार किया गया है। प्रबंधक अफसर थाना पल्ला, भूपानी, तिगांव व छायंसा को यमुना नदी के साथ-साथ निगरानी रखने व पर्याप्त पुलिस बल तैनात करने के लिए निर्देशित किया गया है। इसके साथ ही यातायात पुलिस को भी छठ पूजा के घाटों के आस पास सूचारु रुप से यातायात को संचालन कराने के लिए पर्याप्त संख्या में यातायात पुलिसकर्मी तैनात करने के लिए निर्देशित किया गया है।

# फरीदाबाद में इंटर-कॉलेज सतर्कता जागरूकता क्विज आयोजित

**समाचार गेट/ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** इंडियन ऑयल अनुसंधान एवं विकास केन्द्र ने फरीदाबाद में कॉलेज के विद्यार्थियों के लिए एक इंटर-कॉलेज सतर्कता जागरूकता क्विज़ का आयोजन कर युवाओं में सतर्कता बढ़ाने और भ्रष्टाचार कम करने की उत्साहवर्धक पहल की। इसमें पूरे शहर के लगभग 25 कॉलेजों की भागीदारी देखी गई। इसका उद्देश्य ईमानदारी और सतर्कता जैसे बुनियादी मूल्यों के बारे में विद्यार्थियों की समझ बढ़ाना और इस मुद्दे पर युवाओं को अधिक जागरूक करना है। यह प्रतियोगिता कई राउंड की थी। प्रारंभिक राउंड के बाद सेमीफाइनल हुए और तब जोरदार दावेदारियों के बीच फाइनल राउंड में प्रतियोगिता समाप्त हुई। जबरदस्त फाइनल राउंड में डीएवी सेंटेनरी कॉलेज




(एन आई टी) की टीम विजेता घोषित हुई । द्वितीय स्थान मानव रचना यूनिवर्सिटी ने हासिल किया। तीसरा और चौथा स्थान क्रमश: राजकीय कॉलेज खेड़ी गुजरान और के एल मेहता दयानंद कॉलेज को मिला। मुख्य अतिथि ने विजेताओं और सभी फाइनलिस्टों के शानदार प्रदर्शन के लिए उन्हें सम्मानित किया। क्विज़ का प्रारूप तैयार करने और बखूबी संचालन करने का श्रेय इंडियनऑयल अनुसंधान एवं विकास के डीजीएम (कॉर्पोरेट कम्युनिकेशंस) श्री दीपक तनेजा को जाता है, जोकि एक प्रसिद्ध क्विज़मास्टर हैं। अपने पूरे कौशल से यह शानदार आयोजन कर विपुल शर्मा, डीजीएम (सतर्कता), इंडियनऑयल अनुसंधान एवं विकास ने उपसथित सभी लोगों को एक यादगार अनुभव दिया। इंडियनऑयल ने यह कार्यक्रम आयोजित कर युवाओं में सतर्कता के प्रति जागरूकता बढ़ाने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है। इससे व्यक्तिगत और काम-काजी जीवन के बुनियादी मूल्यों के तौर पर युवाओं में ईमानदारी और पारदर्शिता बरतने का उत्साह बढ़ेगा।

## संपादकीय

# डोनाल्ड ट्रंप की इस प्रचंड जीत से दुनिया की सेहत पर क्या बड़ा फर्क पड़ने वाला है?



नरवीर यादव
कार्यकारी संपादक

अमेरिका का राष्ट्रपति चुनाव जीत कर डोनाल्ड ट्रंप ने वो कर दिखाया है जो इससे पहले कोई अमेरिकी नेता नहीं कर सका था। ट्रंप चार साल व्हाइट हाउस से बाहर रहे। तमाम मुकदमे झेले, कोर्टों के चक्कर लगाये, चुनाव प्रचार के दौरान खुद पर गोली झेली। हम आपको याद दिला दें कि चुनाव प्रचार की शुरुआत में जानलेवा हमले में ट्रंप बाल-बाल बचे थे। उस समय गोली उनके कान को छूकर निकल गयी थी लेकिन अमेरिका को महान बनाने का संकल्प लेकर ट्रंप ने लोगों का समर्थन मांगा और उन्हें भरपूर समर्थन मिल भी गया। ट्रंप पिछला चुनाव करीबी मुकाबले में हार गये थे लेकिन इस बार उन्होंने अच्छे अंतर से चुनाव जीत कर साबित कर दिया है कि जनता का विश्वास उनके साथ है। ट्रंप के रहते आतंकवादी और उनके आका अपने बिल से बाहर निकलने का साहस नहीं जुटा पाते थे लेकिन पिछले चार सालों में दुनिया में आतंक बढ़ा और अमेरिका के समक्ष भी तमाम नई चुनौतियां खड़ी हुईं। उम्मीद है कि अब ट्रंप के कड़े रुख के चलते आतंकियों, उनके मददगारों और अमेरिकी जनता से पैसे ऐंठ रहे देशों की मौज-मस्ती खत्म होने होगी।

इस चुनाव की खास बात यह भी रही कि अमेरिका में भी चुनाव सर्वेक्षण विफल साबित हुए हैं। पहले सबने अनुमान लगाया था कि अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में बहुत कांटे की टक्कर रहने वाली है और इस बार का चुनाव अमेरिकी इतिहास में सबसे करीबी मुकाबले के रूप में देखा जायेगा। लेकिन ट्रंप की निर्णायक जीत ने सारे चुनाव पूर्व अनुमानों को गलत साबित कर दिया है। इसके अलावा, कमला हैरिस को जिस तगड़े चुनाव प्रचार के बावजूद करारी हार झेलनी पड़ी उससे यह अनुमान भी सहज ही लगाया जा सकता है कि यदि ट्रंप के मुकाबले जो बाइडन मैदान में उतरे होते तो उन्हें कितनी तगड़ी हार झेलनी पड़ती।

दुनिया के लिए क्या होंगे ट्रंप की जीत के मायने, अगर इस पर बात करें तो आपको बता दें कि अब मध्य-पूर्व में जारी जंग और यूक्रेन-रूस युद्ध खत्म होने के आसार बढ़ सकते हैं क्योंकि ट्रंप ने जीत के बाद भी कहा है कि वह युद्ध नहीं चाहते। इसके अलावा, विदेश से सभी सामानों के आयात पर 20 प्रतिशत सार्वभौमिक शुल्क लगाने की ट्रंप की योजना है। ट्रंप ने चुनाव प्रचार के दौरान चेतावनी दी थी कि चीन पर 60 प्रतिशत से लेकर 200 प्रतिशत तक शुल्क लगाया जा सकता है। हालांकि यह इससे ज्यादा भी हो सकता है। इन कदमों से मुद्रास्फीति बढ़ने और अमेरिकी अर्थव्यवस्था को नुकसान पहुंचने की आशंका है। साथ ही ऐसे कदमों से प्रतिशोध, व्यापार युद्ध और वैश्विक अर्थव्यवस्था तहस-नहस होने का भी अंदेशा है।

इसके अलावा, अब यह भी देखना होगा कि मित्र देशों को शत्रु देशों से बचाने की अमेरिकी प्रतिबद्धता का क्या होता है। हम आपको बता दें कि उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) का सदस्य होने के नाते इसके अन्य सदस्यों की मदद के लिए आगे आना अमेरिका का दायित्व है। नाटो के अनुच्छेद पांच के अनुसार यदि कोई देश किसी नाटो सदस्य पर हमला करता है तो वह सभी सदस्यों पर हमला माना जाता है। अमेरिका ने जापान और दक्षिण कोरिया के साथ भी ऐसी ही संधियां कर रखी हैं। अमेरिका के नेतृत्व में नाटो ने रूस से जारी युद्ध में यूक्रेन को सैन्य और आर्थिक सहायता प्रदान की है। इसके विपरीत ट्रंप ने संकेत दिया है कि वह यूक्रेन को दी जा रही मदद रोक देंगे और कीव पर दबाव बनाएंगे कि वह रूस की शर्तों के अनुसार शांति प्रक्रिया अपनाए। ट्रंप बड़े-बड़े संगठनों को ताकत व प्रभाव दिखाने के मंच के रूप में देखने की बजाय खतरे की वजह और बोझ मानते हैं। हम आपको याद दिला दें कि अपने पिछले कार्यकाल में ट्रंप ने विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) से अमेरिका को बाहर कर लिया था। इस तरह की रिपोर्टें हाल में देखने को मिली हैं कि अमेरिका के कई पूर्व अधिकारियों को संदेह है कि ट्रंप अपने दूसरे कार्यकाल में अमेरिका को नाटो से निकालने की कोशिश करेंगे या समर्थन कम करके नाटो की प्रभावशीलता को कमतर कर देंगे। वहीं एशिया महाद्वीप की बात की जाए तो ट्रंप ने हाल में कहा था कि ताइवान को अमेरिका की ओर से मिल रही सुरक्षा के लिए भुगतान करना चाहिए। ट्रंप की इस टिप्पणी से यह संकेत मिलता है कि ताइवान की रक्षा के प्रति अमेरिकी प्रतिबद्धता कमजोर हो सकती है।

इसके अलावा, इस तरह की रिपोर्टें भी सामने आई हैं कि अमेरिका में आंतरिक व्यवस्था में भी अब बदलाव देखने को मिल सकता है। हम आपको बता दें कि अमेरिका में दक्षिणपंथ की ओर झुकाव रखने वाले एक थिंकटैंक ने 'प्रोजेक्ट 2025' तैयार किया है। अगर डोनाल्ड ट्रंप यह प्रोजेक्ट लागू करते हैं तो नौकरशाही में बड़ा बदलाव देखने को मिल सकता है। इस प्रोजेक्ट के लागू होने पर संविधान के प्रति निष्ठा रखने वाले 50 हजार अधिकारियों को हटाकर उनकी जगह ट्रंप के प्रति वफादार अधिकारियों को नियुक्त किया जा सकता है। बताया जा रहा है कि ट्रंप प्रशासन न्याय, ऊर्जा और शिक्षा विभाग के साथ-साथ एफबीआई और फेडरल रिजर्व जैसी असंख्य संघीय एजेंसियों को भंग कर सकता है और अपने नीतिगत एजेंडे को लागू करने के लिए कार्यकारी शक्तियों का इस्तेमाल कर सकता है।

जहां तक भारत के साथ अमेरिका के संबंधों की बात है तो इसमें किसी बड़े बदलाव की उम्मीद करना बेमानी होगा। ट्रंप के साथ व्यापार और आव्रजन को लेकर बातचीत में कठिनाइयां सामने आ सकती हैं हालांकि कई अन्य मुद्दों पर उनके प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ संबंध बहुत अच्छे हैं। इसके अलावा, ट्रंप जानते हैं कि भारत अगले 20-30 वर्षों में किसी समय दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा इसलिए वह इसकी अनदेखी करने का जोखिम नहीं उठाएंगे। ट्रंप की जीत के तत्काल बाद भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बधाई देते हुए ट्वीट करते हुए कहा है कि मेरे मित्र डोनाल्ड ट्रंप को ऐतिहासिक चुनावी जीत पर हार्दिक बधाई। उन्होंने कहा कि जैसा कि आप अपने पिछले कार्यकाल की सफलताओं को आगे बढ़ा रहे हैं, मैं भारत-अमेरिका व्यापक वैश्विक और रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने के लिए हमारे सहयोग को नवीनीकृत करने के लिए तत्पर हूं। प्रधानमंत्री ने बधाई संदेश के साथ ट्रंप और अपनी कुछ तस्वीरें भी साझा की हैं।

बहरहाल, इसमें कोई दो राय नहीं कि अमेरिका ने 1776 में अपनी स्थापना के समय से ही लोकतंत्र के माध्यम से दुनिया को आकर्षित एवं प्रेरित किया है। हालांकि, इस समय लोकतंत्र पर जो खतरा मंडराता दिख रहा था, वैसा खतरा पहले कभी नहीं देखा गया था। चुनाव परिणाम दर्शाते हैं कि कराधान, आव्रजन, गर्भपात, व्यापार, ऊर्जा और पर्यावरण नीति तथा दुनिया में अमेरिका की भूमिका समेत कई मामलों पर अमेरिकी मतदाता बहुत हद तक विभाजित दिखे।

# कनीना में हादसों को बढावा दे रहे दर्जनभर असमतल नाला क्रासिंग मार्ग

## लोक निर्माण विभाग की ओर से बीते समय बनाया गया था नाला



**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** कनीना में लोकनिर्माण विभाग की ओर से बीते समय किए गए नाला निर्माण के बाद आमजन की मुश्किलें बढ गई हैं। इस नाले के निर्माण से बरसाती पानी से भले ही नागरिकों तथा वाहन चालकों को राहत मिली है लेकिन दूसरी ओर नगरपालिका प्रशासन द्वारा बनाए गए रास्ते टूट गए। नाले का लेवल रास्तों के लवल से उपर होने तथा क्रासिंग प्वाईंट समतल न होने के कारण दुर्घटनाओं को बढावा मिल रहा है। अटेली मोड से लेकर रेवाडी मोड टी-प्वाईंट तक करीब दर्जनभर क्रासिंग रास्ते हैं जिनका कमोबेश यही हाल है। जहां से वाहन रेंगकर नाला पार कर पा रहे हैं। कहा जा रहा है कि नगरपालिका प्रशासन से बिना अनुमति लिए लोकनिर्माण विभाग ने आनन-फानन में नाला निर्माण के लिए जेसीबी मशीन से रास्ते तोडकर खुदाई कर डाली। नाला बनाने के बाद अब उन टूटे रास्तों को न तो लोकनिर्माण विभाग ठीक करवा रहा और ना ही नगरपालिका प्रशासन। जिसके चलते आमजन को आ दिन परेशानियों का सामना करना पडता है। अधिवक्ता मनोज कुमार, वीरेंद्र बोस, सत्यवीर सिंह ने कहा कि लोकनिर्माण विभाग की ओर से नाले का निर्माण कार्य करते समय टूटने वाली सडकों को बनाने का आश्वासन दिया था। लेकिन अब उन टूटे तथा क्षतिग्रस्त मार्गों को दुरूस्त नहीं किया जा रहा। एसडीएम कार्यालय, उप मंडल स्तरीय न्यायालय, बस स्टैंड, गाहडा मोड,सिहोर रोड, रजत हीरो होंडा सहित विभिन्न दर्जनभर प्वाईटों पर तत्काल सड1क मार्ग दुरूस्त किये जाने की आवश्यक्ता है। जहां प्रतिदिन हजारों की संख्या में नागरिक विभिन्न कार्यों से आते हैं।

**वर्सन एसडीओ**

लोक निर्माण विभाग के एसडीओ जितेंद्र शर्मा ने कहा कि मंडी टी-प्वाईंट पर नाला क्रासिंग पर डामर रोडी डालकर दुरूस्त कर दिया गया है। अन्य क्रासिंग प्वाईटों की जांच करवाई जा रही है। उनकी पहचान कर जल्द ही उन्हें भी समतल कराया जायेगा। आमजन को परेशानी पेश नहीं आने दी जायेगी। नाले का बजट कनीना-महेंद्रगढ सडक मार्ग के बजट में शामिल था।

# शिक्षित होकर ही आप अपने जीवन को सफल बना सकते हैं : प्रो. मुश्ताक अहमद



**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** आज राजकीय कन्या माध्यमिक विद्यालय फिरोजपुर झिरका में कक्षा 10 वीं 12 वीं की छात्राओं को स्कूल के प्राचार्य सैयद मोहम्मद इनाम के प्रयास से 140 छात्राओं को स्टडी मैट्रियल वितरण किया गया, प्रोफेसर मुश्ताक अहमद ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा का महत्व जानिए। शिक्षा प्राप्त करने वाला हर मानव शिक्षित होकर समाज को शक्तिशाली बनाता है। शिक्षा ही सही मायनों में मानव जीवन में से अज्ञानता के अंधकार को मिटाता है। शिक्षा प्राप्त करके ही समाज में सुख-समृद्धि की स्थापना की जा सकती है। लड़किया अब सभी क्षेत्रों में आगे, शिक्षा के क्षेत्र में लड़कियों ने बेहतर परचम लहराया, बोर्ड परीक्षा में भी राजकीय कन्या माध्यमिक विद्यालय फिरोजपुर झिरका का अच्छा परिणाम स्कूल स्टाफ वे प्राचार्य सैयद मोहम्मद इनाम की मेहनत से रहा, सभी को बधाई देते हुए छात्राओं के भविष्य के लिय शुभकामनाएं दी, एमडी इरफान ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा हमारे भविष्य की नींव है, जिसे हमें मजबूती से निर्माण करना चाहिए। -शिक्षा का असल मक़सद हमें अच्छे बुरे का पता चलता है , शिक्षा का हमारे जीवन में बहुत महत्व है, प्राचार्य सैयद मोहम्मद इनाम ने सभी का आभार जताते हुए छात्राओं वे सभी स्टाफ को बधाई देते हुए कहा कि शिक्षा ही हमारे मानसिक, भावनात्मक, सामाजिक, और आध्यात्मिक विकास को संवारती है। शिक्षा के माध्यम से हम नई विचारधारा और विचारों का विकास करते हैं, शिक्षा हमें वह पंख देती है, जो हमें ऊँचाइयों तक उड़ने की क्षमता देता है। जिसमें विशेष सहयोग, गीता, हरिओम बंसल, मोहम्मद वसीम ने दिया। इस अवसर पर सपना,सबनम, गीता, सशी कांता, पूजा, रामभरोसे, जयपाल आर्य, रेणु बाला, मीनाक्षी, परवीन, संतोष कुमारी, मनोज कुमार मौजूद रहे रहे।

# नूंह पुलिस ने ऑपरेशन साईबर आक्रमण के तहत 18 साइबर ठगों को दबोचा



**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** नूंह पुलिस को साइबर ठगों पर शिकंजा कसने में बड़ी सफलता हाथ लगी है । पुलिस अधीक्षक नूंह के दिशा – निर्देश पर पुलिस ने जिला नूंह में साइबर ठगों पर शिकंजा कसने के लिए मंगलवार को एक दिवसीय विशेष अभियान चलाया ।

इस दौरान नूंह पुलिस ने अलग – अलग ठिकानों पर दबिश देकर 18 साइबर ठगों को धर दबोचा, जिनके कब्जा से 19 मोबाईल फोन व 36 फर्जी सिम कार्ड सहित अन्य सामान भी बरामद किया । सभी के विरुद्ध नूंह साइबर थाना पुलिस सहित अलग – अलग थानों में संबंधित धाराओं में तहत मुकदमे दर्ज किये गये हैं।

सभी साईबर ठग फर्जी दस्तावेजों के आधार पर ऑनलाइन सामान की खरीद, फर्जी सोशल मीडिया प्रोफाइल, फर्जी बैंक खाते, सैक्सटोर्शन, जानकार बनकर ठगी करने, काजू बेचने की लुभावनी एड आदि तरीके अपनाकर लोगों के साथ ऑनलाइन ठगी करते थे ।

सोनाक्षी सिंह, सहायक पुलिस अधीक्षक नूंह ने जानकारी देते हुए बताया कि नूंह पुलिस को देश के अलग – अलग कोनों में साइबर अपराध को अंजाम देने वाले कुछ साईबर ठगों की गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी।

नूंह पुलिस अधीक्षक विजय प्रताप के दिशा – निर्देशो पर साइबर ठगों को दबोचने के लिए नूंह पुलिस ने जिला नूंह में मंगलवार को एक विशेष ऑपरेशन साईबर आक्रमण अभियान चलाया । जिसमें नूंह पुलिस की अलग – अलग गठित टीमों ने सक्रिय साइबर ठगों के ठिकानों पर छापेमारी कर उन्हें धर दबोचा ।

एडिशनल एसपी नूंह ने आगे बताया कि पहले तकनीकी व गुप्त सूचना के माध्यम से साईबर ठगों की पहचान की गई इसके उपरांत पुलिस अधीक्षक नूंह के निर्देश पर इनके ठिकानों को चिन्हित किया गया । जिसके बाद एक विशेष अभियान चलाकर इन पर सभी पर शिकंजा कंसा गया । सभी आरोपियों को पूछताछ के बाद अदालत में पेश किया जाएगा ।

एडिशनल एसपी सोनाक्षी सिंह ने बताया कि विजय प्रताप पुलिस अधीक्षक नूंह के मुताबिक साईबर अपराधियों को पकड़ने के लिए भविष्य में भी इस प्रकार के अभियान जारी रहेंगे। साथ ही साईबर अपराधियों को चेतावनी देते हुए कहा कि साईबर अपराधी साईबर ठगी करना छोड दें अन्यथा इस प्रकार के अभियान जारी रहेंगे और साईबर ठगों से नूंह पुलिस सख्ती से निपटेगी।

# कनीना मंडी में हुई 282756 क्विंटल बाजरे की खरीद

**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** कनीना मंडी में बुधवार तक 282756 लाख क्विंटल बाजरे की खरीद जा चुकी है। जिसमें से करीब 252526 क्विंटल का उठान कर दिया गया है। खरीद एजेंसी हैफेड के प्रबंधक रिषी शर्मा व मार्केट कमेटी के सचिव विजय सिंह ने बताया कि नयी आनाज मंडी चेलावास में बाजरे की खरीद की जा रही है। किसान ई-खरीद पोर्टल से गेट पास मंडी में पंहुच रहे हैं। बाजरे की बंपर आवक के बाद अब मंडी में किसानों की संख्या कम होने लगी है। बुधवार दोपहर तक 22 गेट पास जारी किए गए। रेवाडी-बीकानेर रेलवे लाईन पर आरओबी का निर्माण कार्य किये जाने के चलते किसान कनीना-अटेली मार्ग की बजाय ग्रामीण लिंक मार्गों से मंडी जा रहे हैं। विजय सिंह ने बताया कि 2625 रूपये प्रति क्विंटल की दर से बाजरे की खरीद की जा रही है। बाजरे की खरीद होने के बाद कमोबेश तीन दिन के अंतराल में किसानों के खाते में पैसे डाले जा रहे हैं। खरीदे गए बाजरे का उठान कर पलवल व जींद भेजा जा रहा है। इस मौके पर राधेश्याम शर्मा, मंडी सुपरवाईजर सतीश कुमार, अशोक कुमार, मनीष गुप्ता, संदीप, बंटी, आदेश कुमार, सतीश कुमार, नरेश कुमार, टिंकू, धर्मदत्त उपस्थित थे।

# आर्य समाज बव्वा का एक दिवसीय समारोह आयोजित



**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** कनीना के समीपवर्ती गांव बव्वा में आर्य समाज की ओर से एक दिवसीय समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह के मुख्यातिथि कोसली के विधायक अनिल यादव थे वहीं अध्यक्षता पंचायत समिति नाहड के चेयरमैन दुष्यंत यादव की रही। विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रदीप यादव उपस्थित थे। उनके सानिध्य में ग्रामीणों ने बलबीर सिंह आर्य की स्मृति में आर्य समाज बव्वा की स्थापना की गई। जिसके प्रधान दयानंद आर्य, कोषाध्यक्ष बाबूलाल आर्य, मंत्री रोशन लाल आर्य नियुक्त किए गए। समारोह से पूर्व हवन का आयोजन किया गया। जिसमें गांव के प्रबुधजनों ने हिस्सा लिया उसके बाद भजन उपदेश कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। इस मौके पर सूरत सिंह, रामनिवास, रोशन लाल, कमल सिंह, सतबीर सिंह, ओमप्रकाश, अशोक कुमार, जितेंद्र आर्य, यशदेव, रामनिवास आर्य उपस्थित थे।

# एसडी के विद्यार्थियों को मोक ड्रिल के माध्यम से दिया फायर सेफ्टी का प्रशिक्षण



**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** एसडी कैरियर इंसटिट्यूट में अग्निशमन विभाग की तरफ से बुधवार को मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। जिसमें सहायक मंडल अग्निशमन अधिकारी विकास कुमार व फायर स्टाफ ने विद्यार्थियों को आगजनी से बचाव के तरीकों के बारे में अवगत करवाया। विद्यार्थियों को मौखिक जानकारी के साथ-साथ प्रायोगिक विधि द्वारा आग से बचाव के विभिन्न तरीकों के बारे में बताया गया। विद्यार्थियों को आग बुझाने के लिए विभिन्न प्रकार के अग्निशमन यंत्रों के उपयोग की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि गैससिलेंडर में आग लगने पर घबराना नहीं चाहिए। इसके लिए एक बोरे और कपडे को भिगोकर उसके मुंह पर रखकर आग को बुझाया जा सकता है। बताया कि घर में अगर सिलेंडर में आग लगी तो विस्फोट से बचने के लिए उसको खुले में लाना जरूरी है। इसके अलावा गैस सिलेंडर को खाना बनाने के बाद रेगूलेटर से बंद करना जरूरी है। आगजनी के कारण हड़बडाहट में होने वाली गलती से बचें। घरेलू गैस सिलेंडर में आग लगाकर बताया कि कैसे हम सुरक्षित तरीकों से विस्फोट होने से बचा सकते हैं। दमकल सहायक अधिकारी प्रदीप ने बताया कि आग लगने पर लिफ्ट की बजाय सीढीयों का प्रयोग करें। एसडी ग्रुप के चेयरमैन जगदेव यादव ने बताया कि आग लगने जैसी आपातकालीन स्थिति में दमकल विभाग के हेल्प लाइन नंबर 101 और 112 पर कॉल करें। घबराएं नहीं, धैर्य से काम लें। इस मौके पर कर्मचारी एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

# दूषित हवा को नियंत्रित करने के लिए मार्केट कमेटी ने किया पौधारोपण



**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** लगातार बढती जा रही दूषित हवा को नियंत्रित करने के लिए अत्यधिक संख्या में पेडों को होना बहुत जरूरी है। पेड धरती को हराभरा रखते हैं वहीं शुद्ध आक्सीजन का भंडार भी हैं। ये बाते मार्केट कमेटी कनीना के सचिव विजय सिंह ने बुधवार को कनीना की नयी आनाज मंडी चेलावास के गेट पर पौधारोपण करते हुए कही। पीपल,बरगद सहित विभिन्न प्रजाति के दर्जनभर पौधे लगाने के बाद उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति पेड लगाकर उनकी देखभाल करे तो बढती 'एक्यूआई' की समस्या से निजात पाई जा सकती है। विजय सिंह ने कहा कि पेड कभी भी लगाए जा सकते हैं, जिनके लगाने से कोई नुकसान नहीं होता। समान्यतया बरसात के समय अधिक पौधारोपण किया जाता है। उस समय वे जल्द पनप जाते हैं। आमजन को पौधारोपण के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि पर्यावरण प्रदूषण पर अंकुश लगाने के लिए पौधारोपण ही बेहतर विकल्प है। इस मौके पर मंडी सुपरवाईजर सतीश कुमार, आढती मनीष गुप्ता, राधेश्याम शर्मा, बंटी चेलावास, बिरेंद्र सिंह सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

'राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
समाचार गेट
को TITLE CODE : HARHIN11569
आवश्यकता है
♦ हरियाणा के प्रत्येक जिले में ब्यूरो चीफ
♦ उपमंडल व ब्लॉक स्तर पर संवाददाता
♦ ग्रामीण संवाददाता ♦ फोटोग्राफर
♦ विज्ञापन प्रतिनिधि
इच्छुक युवक-युवती अपना बायोडेटा मेल करें-
samachargate@gmail.com
Cont.: 9212339503

## अब लॉरेंस बिश्नोई बाबा सिद्दीकी हत्याकांड के गवाहों के पीछे पड़ा, कर रहा धमकी भरा फोन कॉल

मुंबई। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (अजित पवार) के दिवंगत नेता बाबा सिद्दीकी हत्याकांड को लेकर अब एक नई जानकारी सामने आई है। विजयादशमी के दिन यानी 12 अक्टूबर को मुंबई के बांद्रा स्थित खेरवाड़ी जंक्शन इलाके में बाबा सिद्दीकी की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस दौरान बाबा सिद्दीकी के आसपास कई लोग मौजूद थे। पुलिस ने इन लोगों के बयान दर्ज करना शुरू किया। जब यह प्रक्रिया चल रही थी, तो यह पता चला कि एक गवाह को लॉरेंस बिश्नोई गिरोह से धमकी भरा फोन आया था। इस मामले में संबंधित प्रत्यक्षदर्शी ने खार पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई है। बताया गया है कि उक्त शख्स के पास कुछ दिन पहले एक अनजान शख्स का फोन आया। इस अज्ञात शख्स ने गवाह को धमकाया और उससे 5 करोड़ रुपये की मांग की। पैसे न देने पर चश्मदीद को जान से मारने की धमकी दी गई। पुलिस का शुरुआती अनुमान है कि फोन लॉरेंस बिश्नोई गैंग का है। बहरहाल अब पुलिस गवाहों की सुरक्षा के लिए क्या कदम उठाती है ये तो आने वाले समय में ही पता चलेगा।

## सार्वजनिक जगहों पर थूंकने वालों की अब खैर नहीं, 5200 लोगों पर लगा 9 लाख का जुर्माना

सूरत। शहर में सार्वजनिक जगहों पर थूंकना लोगों को महंगा पड़ सकता है। पहली बार सूरत में सार्वजनिक जगहों पर थूंकने वालों पर बड़ी कार्रवाई की गई है। सूरत नगर निगम (एसएमसी) ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों में पहली बार बड़ी संख्या में थूकने वालों पर कार्रवाई की है। एसएमसी ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों में सार्वजनिक स्थलों पर गंदगी करने वालों पर 9 लाख का जुर्माना लगाया है। दिवाली-न्यू ईयर समेत सड़क पर थूकने पर 5200 लोगों पर जुर्माना लगाया गया है। पुलों, डिवाइडरों, सड़कों और सर्किलों के पेंटवर्क को नुकसान पहुंचाने वालों पर कार्रवाई की गई है। साथ ही कमांड एंड कंट्रोल सेंटर के 4500 सीसीटीवी से अब 24 घंटे निगरानी की जाएगी। दरअसल त्योहारों को लेकर महोत्सव ताने सूरत के सभी जोन में करोड़ों की लागत से पुल-सड़कों, सर्किलों का रंग-रोगन किया गया था। लेकिन सौंदर्यीकरण को मावा-गुटखा खाकर थूकने वालों ने बिगाड़ दिया। इसके चलते सार्वजनिक स्थानों पर खबरें थूकने वालों के खिलाफ कंट्रोल एंड कमांड सेंटर के 4500 कैमरों से निगरानी कर थूकने वालों को पकड़ा गया है। सीसीटीवी के जरिए ऐसे 5200 लोगों पर 9 लाख का जुर्माना लगाया गया है। एसएमसी का दावा है कि सूरत में पहली बार इतनी बड़ी संख्या में थूकने वालों पर कार्रवाई की गई है। हालांकि कार्रवाई के बाद भी ऐसे थूकने वाले सुधरने का नाम नहीं ले रहे हैं। इसलिए नगर निगम ने आने वाले दिनों में सख्ती बढ़ाने और जुर्माने की राशि दोगुनी करने की तैयारी शुरू कर दी है।

## पी चिदंबरम ने एयर इंडिया पर लगाए बदइंतजामी के आरोप

नई दिल्ली। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी चिदंबरम ने एयर इंडिया के स्टाफ पर बदइंतजामी के आरोप लगाए हैं। खास बात ये है कि चिदंबरम ने ये आरोप सार्वजनिक रूप से सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर लगाए हैं। 15 मिनट से वो एयरो ब्रिज पर खड़े होकर फ्लाइट का इंतजार कर रहे थे, लेकिन विमान का दरवाजा नहीं खुला तो उन्होंने ट्वीट किया है। पी चिदंबरम ने एक्स पर ट्वीट किया, दिल्ली से चेन्नई जा रही उड़ान एआई 540 के सभी यात्री पिछले 15 मिनट से एयरो ब्रिज पर खड़े हैं। हमें गेट पर चढ़ने के लिए मंजूरी दे दी गई थी, लेकिन विमान के दरवाजे पर इंतजार करने के लिए कहा गया था। यात्री प्रस्थान समय के 10 मिनट बाद ही सवार हो रहे हैं। कोई नहीं जानता कि फ्लाइट कब रवाना होगी। इसके बाद कांग्रेस के सीनियर नेता ने लिखा, मैं एयर इंडिया से अक्सर यात्रा करता रहा हूं। मुझे खेद है कि प्रबंधन के सरकार से निजी क्षेत्र में हाथ बदलने के बाद से व्यावहारिक रूप से कोई सुधार नहीं हुआ है। मैं उड़ान के कई पहलुओं को सूचीबद्ध कर सकता हूं, जिन्हें एक सक्षम प्रबंधन द्वारा बेहतर बनाया जा सकता है। मुझे लगता है कि एयर इंडिया में विभिन्न स्तरों पर सक्षम प्रबंधकों की कमी है।

## पटना-नई दिल्ली पूजा स्पेशल ट्रेन का परिचालन

हाजीपुर। त्योहारों के अवसर पर यात्रियों के सुविधाजनक आवागमन के लिए कई पूजा स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जा रहा है। इसी कड़ी में छठ पर्व बाद नई दिल्ली जाने वाले यात्रियों की सुविधा के लिए एक जोड़ी अतिरिक्त पूजा स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जाएगा। गाड़ी संख्या 03329 पटना-नई दिल्ली पूजा स्पेशल 09.11.2024 एवं 11.11.2024 को पटना से 14.05 बजे खुलकर दानापुर, आरा, बक्सर, पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन के रास्ते अगले दिन 08.00 बजे नई दिल्ली पहुंचेगी। इसी तरह वापसी में गाड़ी संख्या 03330 नई दिल्ली-पटना पूजा स्पेशल 10.11.2024 एवं 12.11.2024 को नई दिल्ली से 09.30 बजे खुलकर पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, बक्सर, आरा, दानापुर के रास्ते अगले दिन 02.20 बजे पटना पहुंचेगी। इस बात की जानकारी पूर्व मध्य रेल के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सरस्वती चंद्र ने एक विज्ञप्ति में दी। न यादव ने इस बार कड़ा रुख अख्तियार किया है।

## आईसीजी महिपालपुर में डेटा सेंटर बनाएगा, आधारशिला रखी गई

नई दिल्ली। भारतीय तटरक्षक बल (आईसीजी) नई दिल्ली के महिपालपुर में डेटा सेंटर बनाएगा। आईसीजी के उप महानिदेशक (नीति एवं योजना) एवं महानिरीक्षक (आईजी) आनंद प्रकाश बडोला ने प्रोजेक्ट डिजिटल कोस्ट गार्ड (डीसीजी) के टियर-III के तहत डेटा सेंटर की आधारशिला रखी। नवीनतम तकनीक से लैस यह डेटा सेंटर महत्वपूर्ण आईटी संसाधनों की निगरानी और प्रशासन के लिए मस्तिष्क केंद्र के रूप में काम करेगा, जिससे आईसीजी के प्रशासनिक कामकाज को महत्वपूर्ण सहायता मिलेगी।

# बीजेपी सरकार यदि अटलजी का नजरिया अपनाती तो कश्मीर की स्थिति अलग होती

### सीएम उमर अब्दुल्ला ने की पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेयी की जमकर तारीफ



**श्रीनगर (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर विधानसभा सत्र मंगलवार को शुरू हो गया है, जिसमें सीएम उमर अब्दुल्ला ने पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेयी की जमकर तारीफ की है। श्रद्धांजलि सभा में सीएम उमर ने अटल जी को याद करते हुए उनके दृष्टिकोण की सराहना की और कहा कि अगर केंद्र में बीजेपी सरकार ने अटलजी का नजरिया अपनाया होता, तो जम्मू-कश्मीर की स्थिति आज अलग ही होती।

उमर अब्दुल्ला ने बताया कि अटलजी ने हमेशा जम्मू-कश्मीर में स्थिति को सुधारने की कोशिश की। अटलजी ने 1999 में दिल्ली-लाहौर बस यात्रा चलाने के दौरान पाकिस्तान की मीनार-ए-पाकिस्तान का दौरा किया था, जो एक कठिन कदम था। इसके बाद उन्होंने सरहद पर खड़े होकर कहा था कि हम दोस्त बदल सकते हैं, लेकिन पड़ोसी नहीं। अटलजी का यह विचार था कि बातचीत ही एकमात्र रास्ता है और उन्होंने कई असफलताओं के बावजूद बार-बार दोस्ती का हाथ बढ़ाया।

सीएम उमर ने कहा कि अटल बिहारी जी ने एलओसी के पार रास्तों को खोलने के लिए काम किया, जिससे लोगों को एक-दूसरे के करीब लाने की कोशिश की, लेकिन बाद में ये रास्ते बंद कर दिए गए। उन्होंने यह भी कहा कि आज जम्मू-कश्मीर को अलग-थलग करने की कोशिश की जा रही है, जबकि अटलजी का दृष्टिकोण हमेशा समग्रता और संवाद पर आधारित था। उमर अब्दुल्ला ने पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी को भी श्रद्धांजलि दी और कहा कि उनके जीवन से बहुत कुछ सीखने को मिला है। उमर ने मुखर्जी की कड़ी मेहनत और राजनीति में उनके संघर्ष की तारीफ की। उन्होंने यह भी कहा कि मुखर्जी ने सभी पदों के साथ न्याय किया और उन्होंने राजनीति में एक बड़ा योगदान दिया।

इसके अलावा सीएम उमर अब्दुल्ला ने पूर्व लोकसभा अध्यक्ष सोमनाथ चटर्जी और बीजेपी नेता देवेंद्र सिंह राणा को भी श्रद्धांजलि दी। राणा के निधन पर उन्होंने कहा कि चुनावी प्रतिद्वंद्विता के बावजूद उनके साथ मेरे बहुत अच्छे रिश्ते थे। मैं नहीं जानता था कि वह इतने बीमार हैं, अगर मुझे पता होता तो मैंने हमारे रिश्तों को बेहतर बनाने की कोशिश की होती। अब्दुल्ला ने यह भी कहा कि श्रद्धांजलि देने के लिए तैयार की गई दिवंगत लोगों की सूची में शामिल सभी 56 लोगों ने जनता की सेवा में अपना योगदान दिया है।

## वाराणसी में सामूहिक हत्याकांड से 28 साल पुरानी यादें ताजा

वाराणसी। वाराणसी के भेलूपुर थाना क्षेत्र के भदैनी इलाके में हुए सामूहिक हत्याकांड ने 28 साल पुरानी यादें ताजा कर दी। बता दें कि मंगलवार की सुबह शराब ठेकेदार राजेंद्र गुप्ता, उनकी पत्नी, दो बेटे और बेटी के शव उनके घर में मिले थे जिनकी गोली मारकर हत्या की गई थी। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में भय का माहौल है। इस सामूहिक हत्याकांड ने 28 साल पुरानी त्रासदी की यादें ताजा कर दी हैं, जब इसी घर में 1996 में राजेंद्र के भाई कृष्ण कुमार गुप्ता और उनकी पत्नी मंजू गुप्ता की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। कृष्ण कुमार और उनकी पत्नी की मौत के बाद राजेंद्र ने उनके दोनों बेटों विक्की और जुगनू उर्फ प्रशांत तथा बहन डॉली की जिम्मेदारी संभाली थी। 1997 में राजेंद्र के पिता लक्ष्मी गुप्ता और उनके गार्ड की भी हत्या कर दी गई थी। इस मामले में राजेंद्र पर आरोप लगे और उसे जेल भी जाना पड़ा, लेकिन बाद में कोर्ट से जमानत मिल गई। पुलिस पुराने मामले को देखते हुए इस नए हत्याकांड की जांच कर रही है और उनका मानना है कि हो सकता है कि इस घटना को पेशेवर शार्प शूटर ने अंजाम दिया हो। वाराणसी के पुलिस कमिश्नर मोहित अग्रवाल ने बताया कि इस केस की जांच में हर एंगल को ध्यान में रखा जा रहा है और एक विशेष टीम को इस काम में लगाया गया है। इस दिल दहला देने वाली घटना ने वाराणसी में सुरक्षा के मुद्दे को लेकर चिंताएं बढ़ा दी हैं। मामले में वाराणसी पुलिस कमिश्नर ने सीसीटीवी फुटेज और मोबाइल फोन की हिस्ट्री खंगालना शुरू कर दिया है। पुलिस राजेंद्र के भतीजे जुगनू उर्फ प्रशांत से पूछताछ कर रही है, लेकिन दूसरे भतीजे विक्की से संपर्क नहीं हो पाया है, क्योंकि उसका फोन बंद है।

## मोदी और शाह के नेतृत्व में देश का सियासी स्तर गिरा

**-संजय राउत ने केंद्रीय नेतृत्व को लिया निशाने पर**



**मुंबई (एजेंसी)।** शिवसेना (यूबीटी) के नेता संजय राउत ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि इन दोनों के नेतृत्व में देश का सियासी स्तर नीचे चला गया है। संभवत-यही वजह है कि बीते दिनों शरद पवार ने चुनाव नहीं लड़ने का फैसला किया। लेकिन, हम जैसे सभी लोग जो उन्हें चाहते हैं, उनसे आग्रह करना चाहेंगे कि वो राजनीति से अभी संन्यास ना लें।

उन्होंने कहा, कि शायद यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगा कि शरद पवार भारतीय राजनीतिक जगत के सर्वाधिक वरिष्ठ नेताओं में से एक हैं। उनके जैसा वरिष्ठ नेता भारतीय राजनीति में मौजूदा समय में कोई दूसरा नहीं है। हम सभी लोगों ने उनसे राजनीति का पाठ पढ़ा और सीखा है। उन्होंने अपने राजनीतिक जीवन की यात्रा के दौरान अमिट छाप छोड़ी है। ऐसे में उनकी उपेक्षा को किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जा सकता है। लेकिन, इस बात को भी खारिज करना गवारा नहीं रहेगा कि मौजूदा वक्त में जिस तरह से राजनीति का स्तर नीचे चला गया है, वो निंदनीय है। शायद इसी वजह से पवार ने बीते दिनों चुनाव ना लड़ने की इच्छा जाहिर की। लेकिन, हम चाहेंगे कि वो राजनीति में बने रहें। इसी बीच उन्होंने देवेंद्र फडणवीस को भी आड़े हाथों लिया और कहा, कि वह छत्रपति शिवाजी महाराज के विरोधी हैं। उन्होंने कहा कि, यहां एक बात मैं स्पष्ट कर देना चाहता हूं कि उनका विरोध करने से कुछ होने वाला नहीं है। उद्धव ठाकरे स्पष्ट कर चुके हैं कि हर जिले में छत्रपति शिवाजी महाराज का मंदिर बनेगा। लेकिन, ना जाने क्यों कुछ लोग इसका विरोध कर रहे हैं। इसी के साथ सवाल करते हुए राउत ने कहा, कि जब अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण हो सकता है, तो हमारे महाराष्ट्र में छत्रपति शिवाजी महाराज का मंदिर क्यों नहीं बन सकता है। उन्होंने कहा कि मैं स्पष्ट कर देना चाहता हूं कि हम महाराष्ट्र में छत्रपति शिवाजी महाराज का मंदिर बनवाकर रहेंगे। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज के दौरान भी कई फडणवीस थे, जिन्होंने उनका विरोध किया था। लेकिन, उनके वजूद पर किसी भी प्रकार की आंच नहीं आई थी। इसलिए मैं कहना चाहूंगा कि कोई उनका कितना भी विरोध क्यों ना करे, लेकिन उनकी अस्मिता पर किसी भी प्रकार की आंच नहीं आने वाली है।

## भड़काऊ भाषण देकर बुरे फंसे मिथुन चक्रवर्ती, उत्तर 24 परगना में दिए गए बयान को लेकर दर्ज की गई एफआईआर



**कोलकाता (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना में भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के कार्यक्रम में 'भड़काऊ' बयान को लेकर अभिनेता से नेता बने मिथुन चक्रवर्ती के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई। चक्रवर्ती ने भाजपा के सदस्यता अभियान कार्यक्रम के पश्चिम बंगाल चरण में कथित 'भड़काऊ' बयान दिया, जिसमें केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह भी शामिल हुए। पुलिस सूत्रों ने बताया कि चक्रवर्ती के खिलाफ शिकायत 27 अक्टूबर को साल्ट लेक इलाके में ईजेडसीसी में एक भाजपा कार्यक्रम के दौरान दिए गए भाषण से संबंधित है, जिसके आधार पर पुलिस ने विधाननगर दक्षिण पुलिस स्टेशन में एक प्राथमिकी दर्ज की थी।

बिधाननगर पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि हमने मामले की जांच शुरू कर दी है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री सुकांत मजूमदार ने एफआईआर को 'प्रतिशोध की राजनीति' का परिणाम बताया। उन्होंने कहा कि उनके भाषण में कुछ भी उत्तेजक नहीं है। ये कुछ और नहीं बल्कि पुलिस को राजनीतिक हथियार के तौर पर इस्तेमाल कर उन्हें डराने की कोशिशें हैं। इस साल की शुरुआत में भारत का सर्वोच्च फिल्म सम्मान, दादा साहब फाल्के पुरस्कार प्राप्त करने वाले चक्रवर्ती ने 27 अक्टूबर को कहा था कि 2026 के विधानसभा चुनावों के बाद पश्चिम बंगाल का ÷मसनद÷ (सिंहासन) भाजपा का होगा, उन्होंने कुछ भी करने का वादा किया था। लक्ष्य हासिल करने में लगता है।

ईस्टर्न जोनल कल्चरल सेंटर (ईजेडसीसी) में कार्यक्रम में बोलते हुए, चक्रवर्ती ने कहा कि 2026 में मसनद हमारा होगा, और हम लक्ष्य हासिल करने के लिए सब कुछ करेंगे। लोकसभा चुनाव के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं पर टीएमसी विधायक हुमायूं कबीर की सांप्रदायिक टिप्पणियों के स्पष्ट संदर्भ में, चक्रवर्ती ने चेतावनी दी कि किसी को भी भगवा पार्टी के मतदाताओं को अगले विधानसभा चुनावों में मतदान से दूर रहने के लिए डराने-धमकाने का प्रयास नहीं करना चाहिए।

## हमें स्वदेशी समुदायों की विशिष्टता और पुराने बाशिंदों के अधिकारों की रक्षा करनी चाहिए : बीरेन सिंह

इंफाल। मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने थाडौ सम्मेलन में पारित उस प्रस्ताव पर संतोष जताया, जिसमें राष्ट्रीय नागरिक पंजी (एनआरसी) और राज्य के ऽमादक पदार्थ के खिलाफ युद्धऽ अभियान के प्रति समर्थन व्यक्त किया गया है। सिंह ने इस बात पर भी जोर दिया कि उनकी सरकार शांति लाने के नाम पर बाहरी लोगों को शामिल करके अपनी नीतियों से समझौता नहीं करेगी। पिछले हफ्ते गुवाहाटी में आयोजित सम्मेलन में थाडौ जनजाति ने एनआरसी और राज्य के 'मादक पदार्थ के खिलाफ युद्ध' अभियान के प्रति समर्थन जताया था। थाडौ कुकी समुदाय में सबसे बड़ी जनजाति है। हालांकि, हालिया सम्मेलन के दौरान समुदाय ने जोर देकर कहा, 'थाडौ लोगों का एक विशिष्ट जातीय समूह है, जिसकी अपनी अलग भाषा, संस्कृति, परंपराएं और महान इतिहास है। थाडौ समुदाय न तो कुकी है, न ही कुकी के अधीन है और न ही कुकी का हिस्सा है। यह कुकी से अलग एक स्वतंत्र समुदाय है।' व्यावसायिक पाठ्यक्रमों से जुड़ी प्रवेश परीक्षाओं के लिए मुख्यमंत्री कोचिंग योजना की शुरुआत के अवसर पर सिंह ने कहा, 'शांति जरूर बहाल होगी। थाडौ राज्य की सबसे पुरानी जनजातियों में से एक है। थाडौ सम्मेलन में एनआरसी और मादक पदार्थ के खिलाफ युद्ध अभियान के लिए समर्थन जताए जाने के बाद राज्य के कई नागरिक समाज संगठनों ने इस रुख का स्वागत और सराहना की है।' सिंह ने कहा, 'हम शांति के नाम पर अपनी नीतियों से समझौता नहीं कर सकते। समावेशिता की आड़ में हम हर बाहरी शख्स को अपने यहां जगह नहीं दे सकते। हमें अपने स्वदेशी समुदायों की विशिष्टता और पुराने बाशिंदों के अधिकारों की रक्षा करनी चाहिए। इस उद्देश्य के चलते हमें कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा है। हमें यह भी नहीं भूलना चाहिए कि हम भारतीय हैं।' कोचिंग योजना के बारे में सिंह ने कहा कि इसका मकसद मणिपुर के छात्रों को व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित की जाने वाली जेईई (मेन/एडवांस्ड) और नीट जैसी प्रवेश परीक्षाओं में बैठने के लिए तैयार करना है। उन्होंने कहा, 'पढ़े-लिखे, शिक्षित लोगों के संघर्ष में शामिल होने की संभावना कम होती है और वे अपनी वाणी एवं कार्यों में शालीनता बनाए रखेंगे। भारत की एकता और अखंडता की रक्षा करना हमारा सामूहिक कर्तव्य है। हमें संविधान के तहत गारंटीकृत अधिकारों को समझना चाहिए।'

## मदरसों ने देश को आईएएस, आईपीएस, मंत्री दिए, उन पर संदेह करना गलत

**-पर्सनल लॉ बोर्ड के प्रवक्ता अब्बास पे की फैसले की तारीफ**

**-सुप्रीम कोर्ट के फैसले का मुस्लिम संगठनों और धार्मिक नेताओं ने किया स्वागत**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने यूपी के मदरसा शिक्षा बोर्ड अधिनियम की वैधता को बरकरार रखते हुए मदरसों के संचालन के अधिकारों की पुष्टि की। कोर्ट ने कहा कि यह अधिनियम राज्य की उस जिम्मेदारी के अनुरूप है, जो यह तय करती है कि मान्यता प्राप्त मदरसों में शिक्षा का स्तर ऐसा हो जो छात्रों को समाज में सक्रिय रूप से भाग लेने और जीविकोपार्जन में सक्षम बनाए। सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले का मुस्लिम संगठनों और धार्मिक नेताओं ने स्वागत किया है।

ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली ने इस फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि यह अधिनियम असंवैधानिक नहीं हो सकता क्योंकि इसके जरिए से हजारों लोग जुड़े हैं। उन्होंने कहा कि अब मदरसे बिना किसी बाधा के स्वतंत्र रूप से काम कर सकते हैं। ऑल इंडिया शिया पर्सनल लॉ बोर्ड के प्रवक्ता मौलाना यासूब अब्बास ने भी फैसले की तारीफ की और कहा कि मदरसों ने देश को आईएएस, आईपीएस, मंत्री और राज्यपाल जैसे अहम पद के विराजमान अधिकारी दिए हैं। उन्हें संदेह की नजर से देखना सही नहीं है।

जमीयत उलेमा-ए-हिंद के मौलाना काब रशीदी ने इसे एक बड़ा संदेश बताया है और सुप्रीम कोर्ट के फैसले का आभार मानते हुए उसका स्वागत किया। सीजेआई डी. वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि कोई कानून तभी असंवैधानिक माना जा सकता है जब वह संविधान के भाग-3 के तहत मौलिक अधिकारों का उल्लंघन करता हो। उन्होंने साफ कहा कि यह कानून राज्य की विधायी क्षमता के अंतर्गत आता है और उच्च न्यायालय ने इसे धर्मनिरपेक्षता का उल्लंघन मानने में गलती की थी।

हालांकि, कोर्ट ने फ़ाज़िल और कामिल जैसी डिग्रियों पर अधिनियम के प्रावधानों को असंवैधानिक माना क्योंकि ये डिग्रियां यूजीसी अधिनियम के तहत आती हैं, जो उच्च शिक्षा को नियंत्रित करती है। इन प्रावधानों को संविधान के केंद्रीय अधिकार क्षेत्र में अतिक्रमण के कारण राज्य की विधायी सीमा से बाहर करार दिया। इस फैसले ने मदरसा अधिनियम को संवैधानिक मान्यता देते हुए, मदरसों को स्वतंत्र रूप से शिक्षा प्रदान करने का अधिकार तय किया है, जबकि उच्च शिक्षा के क्षेत्र में यूजीसी के अधिकार क्षेत्र की भी पुष्टि की।

## स्टालिन ने फिर छेड़ी उत्तर-दक्षिण की बहस, द्रविड़ियन मॉडल का जिक्र करते हुए जानें क्या कहा





**चेन्नई (एजेंसी)।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने राज्य के कोंगु बेल्ट (तमिलनाडु का पश्चिमी और उत्तर-पश्चिमी भाग) के अपने दौरे के दौरान एक कार्यक्रम में बोलते हुए कहा कि तमिलनाडु के नेतृत्व में दक्षिणी राज्यों की आर्थिक प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। राष्ट्र की वृद्धि, जिससे उत्तरी राज्यों को लाभ मिलता है। उन्होंने सफलता का श्रेय तमिलनाडु के शासन के द्रविड़ियन मॉडल को दिया, जिसे उन्होंने समावेशी, लोकप्रिय और विकासात्मक लक्ष्यों से प्रेरित बताया। मुख्यमंत्री ने कहा कि द्रविड़ मॉडल सरकार लोगों के दिलों से जुड़ी हुई है, चाहे उन्होंने हमें वोट दिया हो या नहीं। इसीलिए लोग हमारा समर्थन कर रहे हैं और मुझसे और अधिक की उम्मीद कर रहे हैं। विधानसभा और संसद चुनावों के बीच तुलना करने पर डीएमके की लोकप्रियता बढ़ी है।

स्टालिन ने इस बात पर जोर दिया कि पिछले पांच दशकों में उत्तरी राज्यों के साथ राज्य की प्रगति की तुलना करते हुए तमिलनाडु की प्रगति देश में एक मॉडल के रूप में खड़ी है। तमिलनाडु अब भारत की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था और सबसे अधिक शहरीकृत राज्य है। हम संयुक्त राष्ट्र के मानकों के अनुरूप विकास पहलों को लागू करने में अग्रणी हैं।

इससे पहले तमिलनाडु के उपमुख्यमंत्री उदयनिधि स्टालिन ने इस बात पर खेद व्यक्त किया कि दक्षिण की तरह उत्तर भारत के कई राज्यों में अपनी पहचान और सांस्कृतिक मूल्यों की रक्षा के लिए कोई फिल्म उद्योग नहीं है। उन्होंने कहा कि यदि राज्य अपनी भाषाओं की रक्षा करने में विफल रहे तो हिंदी हावी हो जाएगी और उनकी पहचान खत्म हो जाएगी।

उन्होंने कहा कि यही कारण है कि द्रविड़ आंदोलन हिंदी थोपे जाने के खिलाफ है, लेकिन उसमें उस के प्रति कोई द्वेष नहीं है। द्रविड़ राजनीति में साहित्यिक और भाषायी लोकाचार पर उन्होंने कहा कि तमिलनाडु में द्रविड़ राजनीतिक आंदोलन, जो अपने मजबूत भाषायी और सांस्कृतिक गौरव के लिए जाना जाता है, ने लंबे समय से साहित्य और को अपने आधार स्तंभ के रूप में रखा है।

# दिल्ली की हवा जहरीली बनी हुई है, 358 रहा औसत एक्यूआई

**- बच्चे और बुजुर्गों को घर से बाहर निकलने के दौरान सांस लेने में हो रही परेशानी**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली की हवा बेहद खराब श्रेणी में बनी हुई है। बुधवार को दिल्ली की औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 358 रहा। पिछले कुछ दिनों से दिल्ली की हवा जहरीली बनी हुई है। दिल्ली वासियों को खासतौर पर बच्चे और बुजुर्गों को घर से बाहर निकलने के दौरान सांस लेने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। केंदीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार राजधानी दिल्ली में बुधवार सुबह 7.30 बजे तक औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक 358 अंक रहा। जबकि दिल्ली एनसीआर के शहर फरीदाबाद में 234, गुरुग्राम में 304, गाजियाबाद में 276, ग्रेटर नोएडा में 274 और नोएडा में 266 एक्यूआई रहा। दिल्ली के चार इलाकों में एक्यूआई लेवल 400 से ऊपर मापा गया, जिसमें बवाना में 412, मुंडका में 419, एनएसआईटी द्वारका में 447 और वजीरपुर में 421 एक्यूआई दर्ज किया गया। जबकि दिल्ली एनसीआर के अधिकांश इलाकों में एक्यूआई 300 से 400 के बीच में दर्ज किया गया। अलीपुर में 372, अशोक विहार में 398, आया नगर में 334, बुराड़ी क्रॉसिंग में 370, चांदनी चौक में 311, मथुरा रोड में 333, डॉ करणी सिंह शूटिंग रेंज में 367, डीटीयू में 355, द्वारका सेक्टर 8 में 355, आईजीआई एयरपोर्ट में 347, आईटीओ में 327, जहांगीरपुरी में 398, जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में 315 और लोधी रोड में 309 एक्यूआई रहा। इनके अलावा मेजर ध्यानचंद स्टेडियम में 354, मंदिर मार्ग में 356, नजफगढ़ में 354, नरेला में 377, नेहरू नगर में 376, न्यू मोती बाग में 381, नॉर्थ कैंपस डीयू में 373, ओखला फेस 2 में 357, पटपड़गंज में 381, पंजाबी बाग में 388, पूषा में 330, आर के पुरम में 373, शादीपुर में 372, सिरी फोर्ट में 341, सोनिया विहार में 354 और दिलशाद गार्डन में 358 एक्यूआई दर्ज किया गया। एक दिन पहले की बात करें तो मंगलवार को सुबह 7.15 बजे तक दिल्ली का औसत एक्यूआई लेवल 384 दर्ज किया गया था। दिल्ली के 14 इलाकों में एक्यूआई लेवल 400 के ऊपर मापा गया था, जबकि 23 स्थानों पर ये 300 से 400 के बीच बना रहा।



# अक्टूबर में मजबूत मांग के दम पर बढ़ीं देश में सेवा क्षेत्र की गतिविधियां

**नई दिल्ली ।**

मजबूत मांग के दम पर देश में सेवा क्षेत्र की गतिविधियां सितंबर के 10 महीने के निचले स्तर से उबरकर अक्टूबर में 58.5 पर पहुंच गई। इसे उत्पादन और नए कारोबार में मजबूत विस्तार से समर्थन मिला, जिससे रोजगार सृजन को बढ़ावा मिला। एक मासिक सर्वेक्षण में यह जानकारी दी गई है। मौसमी रूप से समायोजित एचएसबीसी इंडिया सेवा व्यवसाय गतिविधि सूचकांक अक्टूबर में 58.5 रहा जो सितंबर में 57.7 था। खरीद प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) की भाषा में 50 से ऊपर अंक का मतलब गतिविधियों में विस्तार से और 50 से कम अंक का आशय संकुचन से होता है। एचएसबीसी के एक अर्थशास्त्री ने कहा` कि भारत की सेवा क्षेत्र की गतिविधियां सितंबर में अपने 10 महीने के निचले स्तर से उबरकर पिछले महीने 58.5 पर पहुंच गई। अक्टूबर में भारतीय सेवा क्षेत्र के उत्पादन तथा उपभोक्ता मांग में मजबूत विस्तार हुआ साथ ही रोजगार सृजन ने 26 महीने का उच्चतम स्तर हासिल किया। नवीनतम आंकड़ों ने भारत की सेवा अर्थव्यवस्था में नई निर्यात बिक्री की वृद्धि को भी रेखांकित किया। इसका श्रेय सर्वेक्षण में शामिल लोगों ने अफ्रीका, एशिया, अमेरिका, पश्चिम एशिया और ब्रिटेन के ग्राहकों की ओर से मांग में मजबूती को दिया। इसके अलावा सर्वेक्षण में शामिल लोगों से करीब 13 प्रतिशत से रोजगार सृजन होने की बात की, जबकि सितंबर में यह आंकड़ा नौ प्रतिशत था।इस बीच, एचएसबीसी इंडिया कंपोजिट उत्पादन सूचकांक



सितंबर में 58.3 से बढ़कर अक्टूबर में 59.1 पर आ गया। विनिर्माण और सेवा दोनों क्षेत्रों में नये व्यापार प्रवाह में तेज गति से वृद्धि हुई, जिससे समग्र स्तर पर बिक्री तथा रोजगार में वृद्धि को बढ़ावा मिला।

# आईफोन 16 की बिक्री में आई तेजी, ज्यादा मिले ग्राहक

**नए मॉडल में 20 प्रतिशत की शानदार बिक्री वृद्धि दर्ज की गई**

**नई दिल्ली ।**

आईफोन 16 की बिक्री आईफोन 15 के मुकाबले सालाना आधार पर 8 प्रे तिशत बढ़ी है। नई सीरीज की बिक्री 20 सितंबर से पूरे देश में शुरू हुई और 13 सितंबर से इसकी प्री-बुकिंग शुरू हो गई थी। बिक्री में वृद्धि टॉप एंड आईफोन 16 प्रो सीरीज की मदद से संभव हुई है, जिसे शुरू में आयात किया जाता था, लेकिन अब फॉक्सकॉन इसे भारत में ही बना रही है। एक शोध निदेशक का कहना है कि हमारे आरंभिक आंकड़ों से 15 सीरीज की तुलना में बिक्री के पहले महीने में 16 सीरीज की सालाना 8 प्रतिशत वृद्धि का संकेत मिलता है। शोध कंपनी के अनुसार भारतीय बाजार में जहां पहले महीने में आईफोन 16 की बिक्री में अच्छी वृद्धि देखी गई, वहीं अमेरिका में यह पिछले आईफोन 15 मॉडल की तुलना में पहले चार हफ्तों की बिक्री में 1 फीसदी पीछे है। हालांकि चीन में पहले तीन सप्ताह में नए मॉडल में 20 प्रतिशत की शानदार बिक्री वृद्धि दर्ज की गई। उसे भारत की तरह टॉप-ऐंड मॉडलों से मदद मिली है। भारत का त्योहारी सीजन दीवाली के साथ समाप्त हो जाता है और इस वर्ष 3.5 करोड़ से अधिक फोन बिकने की उम्मीद है जो मात्रा के मामले में पिछले वर्ष की तुलना में 3 प्रतिशत और मूल्य के मामले में पिछले वर्ष के मुकाबले 9 प्रतिशत की वृद्धि है। आईफोन 16 प्रो की खुदरा कीमत 1.19 लाख रुपये से शुरू होकर 1 टेराबाइट स्टोरेज मॉडल के लिए 1.69 लाख रुपये तक है। आईफोन प्रो मैक्स की कीमत 1.44 लाख रुपये से शुरू होकर 1.84 लाख रुपये तक है। आंकड़ों से पता चलता है कि भारतीय उपभोक्ता कंपनियों की प्रीमियम पेशकशों पर ज्यादा ध्यान दे रहे हैं। आईफोन की करीब 45 प्रतिशत बिक्री ऑनलाइन होती है और उसके स्टोरों की कुल बिक्री में एक अंक की भागीदारी है। शेष बिक्री पूरे देश में डीलरों के नेटवर्क के जरिये होती है।

# एनवीडिया एप्पल को पछाड़कर दुनिया की सबसे बड़ी कंपनी बनी

**- एनवीडिया का बाजार मूल्य 3.43 ट्रिलियन डॉलर है, जो एप्पल के 3.38 ट्रिलियन डॉलर से ज्यादा है**




**सैन फ्रांसिस्को ।**

दुनिया की सबसे बड़ी कंपनी बनने के मामले में ग्राफिक्स चिप निर्माता एनवीडिया ने मार्केट वैल्यू के आधार पर एप्पल को पीछे छोड़ दिया है। एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) के इस दौर में एनवीडिया का बाजार मूल्य 3.43 ट्रिलियन डॉलर हो गया है, जो एप्पल के 3.38 ट्रिलियन डॉलर से ज्यादा है।एनवीडिया के सीईओ जेन्सन हुआंग के नेतृत्व में कंपनी ने पहली बार जून में एप्पल को पछाड़ा था, लेकिन तब यह केवल एक दिन के लिए था। मंगलवार को कंपनी के शेयरों में 2.9 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई, जिससे इसका मार्केट कैप 3.43 ट्रिलियन डॉलर हो गया। अब एनवीडिया एसएंडपी 500 इंडेक्स का 7 प्रतिशत हिस्सा है। माइक्रोसॉफ्ट का मार्केट कैप वर्तमान में 3.06 ट्रिलियन डॉलर है। एनवीडिया ने 28 जुलाई को समाप्त दूसरी तिमाही में 30 बिलियन डॉलर की आय दर्ज की, जो पिछली तिमाही से 15 प्रतिशत और पिछले साल से 122 प्रतिशत अधिक है। हुआंग ने बताया कि उनकी हॉपर चिप्स की मांग बनी हुई है और आगामी ब्लैकवेल चिप्स को लेकर भी काफी उत्साह है। उन्होंने कहा कि डेटा सेंटर में एआई और तेज कंप्यूटिंग तकनीक के लिए बड़े स्तर पर अपग्रेड हो रहे हैं, जिसके चलते कंपनी की कमाई रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई है। वित्त वर्ष 2025 की पहली छमाही के दौरान, चिप निर्माता ने शेयरधारकों को 15.4 बिलियन डॉलर वापस किए, जो शेयरों की पुनर्खरीद और नकद लाभांश के रूप में था। दूसरी तिमाही के अंत तक कंपनी के पास शेयर पुनर्खरीद के लिए 7.5 बिलियन डॉलर बचे हैं।

# जियो का आईपीओ 50 हजार करोड़ का हो सकता है, अगले साल होगी लिस्टिंग

**- अगले साल आईपीओ के समय रिलायंस जियो का मूल्यांकन एयरटेल से हो सकता है अधिक**

**नई दिल्ली ।**

मुकेश अंबानी की कंपनी रिलायंस जियो और रिलायंस रिटेल के आईपीओ अगले साल 2025 की दूसरी या तीसरी तिमाही में आने की संभावना है। सूत्रों के अनुसार रिलायंस जियो का आईपीओ करीब 6.25 बिलियन (लगभग 50,000 करोड़) का हो सकता है। रिलायंस रिटेल का आईपीओ भी इसके बाद जल्द ही आने की उम्मीद है। हालांकि, दोनों आईपीओ का समय कंपनी द्वारा बाजार के हालातों के आकलन के आधार पर तय किया जाएगा। देश की सबसे बड़ी टेलीकॉम कंपनी रिलायंस जियो का आईपीओ भारती एयरटेल के बाजार मूल्यांकन को ध्यान में रखते हुए तय किया जा रहा है। निवेश बैंकिंग सूत्रों का कहना है कि अगले साल आईपीओ के समय रिलायंस जियो का मूल्यांकन एयरटेल से अधिक रहेगा, क्योंकि जियो के पास ज्यादा ग्राहकों का बेस है और कुछ अन्य मापदंडों जैसे एबिटिडा में भी जियो आगे है। हाल ही में एयरटेल ने 100 बिलियन (लगभग 8.2 लाख करोड़) के बाजार मूल्यांकन का आंकड़ा छुआ है। वर्तमान में जियो के पास करीब 480 मिलियन मोबाइल ग्राहक हैं, जबकि एयरटेल के पास यह संख्या 400 मिलियन से कम है। हालांकि, प्रति यूजर औसत मासिक आय (एआरपीयू) के मामले में एयरटेल आगे है, जहां एयरटेल का एआरपीयू 211 है और जियो का 194 रुपए है। अनुमान के मुताबिक जियो का मूल्यांकन 125 बिलियन (करीब 10 लाख करोड़) हो सकता है, जिसमें 6.25 बिलियन (करीब 50,000 करोड़) के आईपीओ की उम्मीद है। भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के नियम के अनुसार आईपीओ में प्रमोटर को कम से कम 5 फीसदी हिस्सेदारी रखनी होती है और जियो का आईपीओ इसी सीमा में रहने की संभावना है। रिलायंस रिटेल का आईपीओ भी जल्द आने की संभावना है और इसका मूल्यांकन 125 बिलियन से 150 बिलियन के बीच आंका जा सकता है। रिलायंस इंडस्ट्रीज चाहती है कि दोनों आईपीओ सफल रहें और कई गुना अधिक सब्सक्राइब हों, इसलिए समय का सही आकलन करना जरूरी है।

# देश में वाहनों की खुदरा बिक्री अक्टूबर में बढ़कर 28,32,944 इकाई हुईः फाडा

**मुंबई**

देश में वाहनों की खुदरा बिक्री अक्टूबर में सालाना आधार पर 32 प्रतिशत बढ़कर 28,32,944 इकाई हो गई। दोपहिया तथा यात्री वाहनों सहित सभी खंडों में मजबूत वृद्धि दर्ज की गई। उद्योग संगठन फाडा ने बुधवार को यह जानकारी दी। अक्टूबर 2023 में खुदरा बिक्री 21,43,929 इकाई रही थी। फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन (फाडा) के अनुसार इस वर्ष अक्टूबर में मजबूत वृद्धि की मुख्य वजह मजबूत ग्रामीण मांग रही। खासकर दोपहिया तथा यात्री वाहनों की बिक्री में तेजी और रबी फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में वृद्धि से समर्थन मिला। यात्री वाहनों की बिक्री 32.38 प्रतिशत बढ़कर 4,83,159 इकाई हो गई, जो अक्टूबर 2023 में 3,64,991 इकाई थी। दोपहिया वाहनों की बिक्री पिछले महीने 36.35 प्रतिशत बढ़कर 20,65,095 इकाई रही जो अक्टूबर 2023 में 15,14,634 इकाई थी। अक्टूबर 2024 में तिपहिया वाहनों की बिक्री सालाना आधार पर 11.45 प्रतिशत बढ़कर 1,22,846 हो गई। फाडा के अनुसार अक्टूबर में ट्रैक्टर की बिक्री 3.08 प्रतिशत बढ़कर 64,433 इकाई हो गई, जबकि एक साल पहले इसी महीने में 62,542 इकाई थी। उद्योग संगठन के अनुसार अक्टूबर में प्रमुख त्यौहारों के एक साथ आने से उपभोक्ता मांग में उल्लेखनीय वृद्धि हुई।

आकर्षक त्यौहारी ऑफर, नए मॉडल पेश होने और बेहतर उपलब्धता से दोपहिया वाहनों की बिक्री में सालाना आधार पर 36 प्रतिशत और मासिक आधार पर 71 प्रतिशत की वृद्धि हुई। इसके अलावा, ग्रामीण मांग, अनुकूल मानसून और अच्छी फसल की उम्मीदों ने भी वृद्धि में योगदान दिया। वहीं यात्री वाहनों की बिक्री सालाना आधार पर 32 प्रतिशत और मासिक आधार पर 75 प्रतिशत बढ़ी। यह त्योहारी मांग, बेहतरीन ऑफर और नए मॉडल पेश होने से प्रेरित रही। फाडा समग्र मोटर वाहन उद्योग के निकट भविष्य की वृद्धि को लेकर आशावादी है, खासकर आगामी शादियों को देखते हुए।

## भारतीय परिचालन में ड्यूश बैंक ने 5,113 करोड़ निवेश किया

**मुंबई ।** जर्मनी के ऋणदाता ड्यूश बैंक ने भारतीय परिचालन में 5,113 करोड़ रुपये की अतिरिक्त पूंजी निवेश करने की घोषणा की। ड्यूश बैंक की ओर से जारी बयान के अनुसार यह हाल के वर्षों में भारत को किया गया यह सबसे बड़ा पूंजी आवंटन है। इसका इस्तेमाल कॉर्पोरेट बैंकिंग, निवेश बैंकिंग और निजी बैंकिंग सहित विभिन्न व्यावसायिक क्षेत्रों में विस्तार के लिए किया जाएगा। एशिया प्रशांत, यूरोप, पश्चिम एशिया, अफ्रीका तथा जर्मनी के लिए इसके एक व रिष्ठ अ धिकारी ने कहा कि आज के कई महत्वपूर्ण रुझानों में भारत काफी हद तक फायदा मिलने की स्थिति में है, जिनमें आपूर्ति श्रृंखलाओं का पुनर्गठन, उद्योगों का डिजिटलीकरण, वैश्विक जनसांख्यिकीय बदलाव आदि शामिल है। उन्होंने कहा कि परिणामस्वरूप, हम इसमें अपार संभावनाएं देखते हैं। डॉयचे बैंक ने 2020 में भारत के परिचालन में 2,700 करोड़ रुपये और 2019 में 3,800 करोड़ रुपये की पूंजी डाली थी।



## डोनल्ड ट्रंप के जीतने के बाद बिटकॉइन में तूफानी तेजी, रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंचा

**नई दिल्ली ।** अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में डोनल्ड ट्रंप के जीतने के बाद क्रिप्टोकरेंसी बिटकॉइन में जबरदस्त तेजी आई है। बिटकॉइन का भाव रिकॉर्ड हाई 75,011.06 हजार डॉलर के स्तर को छू गया। इससे पहले बिटकॉइन ने 14 मार्च को 73,797.68 डॉलर का सर्वकालिक उच्च स्तर छूआ था। कभी क्रिप्टोकरेंसी के कट्टर आलोचक रहे डोनल्ड ट्रंप का रुख अब बदल चुका है और उन्हें क्रिप्टो समर्थक माना जाने लगा है। वहीं कमला हैरिस ने उपराष्ट्रपति रहते क्रिप्टो उद्योग को लेकर कड़ा रुख अपनाया था। साल 2024 में बिटकॉइन ने 70 फीसदी से अधिक का रिटर्न दिया है। यह वैश्विक शेयरों और सोने जैसे पारंपरिक परिसंपत्तियों के मुकाबले बहुत ज्यादा है। इस साल का राष्ट्रपति चुनाव क्रिप्टो इंडस्ट्री को लेकर काफी अहम था। कई लोग हैरिस की जीत को क्रिप्टो के लिए खतरा मान रहे थे वहीं ट्रम्प को क्रिप्टो इंडस्ट्री के लिए पॉजिटिव माना जा रहा था। बिटकॉइन के अलावा अन्य क्रिप्टोकरेंसी भी तेजी देखी जा रही है। एक समय इथेरियम का रेट 6.5 फीसदी बढ़ गया। ट्रंप समर्थक एलन मस्क द्वारा प्रमोट किए गए डॉजकॉइन, जिसे मेमकॉइन भी कहा जाता है, के भाव में भी 18 फीसदी तक का उछाल आया। डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिका को क्रिप्टो राजधानी बनाने, एक रणनीतिक बिटकॉइन रिजर्व बनाने और डिजिटल संपत्तियों के पक्षधर नियामकों को नियुक्त करने का वादा चुनाव प्रचार के दौरान किया था।

## मारुत ड्रोनटेक ने सीरीज-ए वित्त पोषण चक्र में जुटाए 55 करोड़

**हैदराबाद ।** मारुत ड्रोनटेक, विनिर्माण एवं प्रशिक्षण के लिए डीजीसीए प्रमाणन वाली अग्रणी ड्रोन प्रौद्योगिकी कंपनी ने लोक कैपिटल से सीरीज-ए वित्त पोषण चक्र में 55 करोड़ रुपये जुटाए हैं। सीरीज ए फंडिंग एक स्टार्टअप द्वारा पूंजी जुटाने की प्रक्रिया के चरणों में से एक है। कंपनी के अनुसार मारुत ड्रोनटेक में लोक कैपिटल का निवेश नवीन प्रौद्योगिकी-सक्षम खाद्य तथा कृषि व्यवसाय मॉडल को समर्थन देने की उसकी प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है। लोक कैपिटल के एक अे धिकारी ने कहा कि हम किसानों तथा व्यापक ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिए समाधान लाने के लिए मारुत के साथ साझेदारी कर खुश हैं। कंपनी में हमारा निवेश बाजार विस्तार, नई प्रौद्योगिकी नवाचारों तथा स्वदेशी विनिर्माण प्रयासों का समर्थन करेगा।

## 18,000 फर्जी कंपनियां की पकड़ी गई टैक्स चोरी

**- करीब 25,000 करोड़ रुपए की कर चोरी में शामिल**




**मुंबई।** जीएसटी के तहत पंजीकृत करीब 18,000 फर्जी कंपनियों का पता चला है, जो करीब 25,000 करोड़ रुपए की कर चोरी में शामिल हैं। फर्जी कंपनियों के खिलाफ हाल ही में संपन्न राष्ट्रव्यापी अभियान में अधिकारियों ने 73,000 कंपनियों की पहचान की थी, जिनके बारे में उन्हें संदेह था कि वे बिना किसी वास्तविक माल की बिक्री के केवल इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) का लाभ उठाने के लिए स्थापित की गई थीं और इस तरह ये कंपनियां सरकारी खजाने को चूना लगा रही थीं। अधिकारी ने कहा` कि फर्जी पंजीकरण के खिलाफ दूसरे राष्ट्रव्यापी अभियान में हमने सत्यापन के लिए लगभग 73,000 जीएसटीआईएन की पहचान की थी। इनमें से लगभग 18,000 अस्तित्वहीन पाए गए। ये फर्जी कंपनियां लगभग 24,550 करोड़ रुपए की कर चोरी में शामिल थीं। विशेष अभियान के दौरान कंपनियों द्वारा लगभग 70 करोड़ रुपए का स्वैच्छिक जीएसटी भुगतान किया गया। सरकार फर्जी जीएसटी पंजीकरण की जांच के लिए लक्षित कार्रवाई कर रही है और अधिक से अधिक भौतिक सत्यापन हो रहा है। फर्जी पंजीकरण के खिलाफ दूसरा राष्ट्रव्यापी अभियान 16 अगस्त से अक्टूबर के अंत तक चला। फर्जी पंजीकरण के खिलाफ पिछले साल 16 मई से 15 जुलाई तक चले पहले राष्ट्रव्यापी अभियान के तहत जीएसटी पंजीकरण वाली 21,791 इकाइयों का अस्तित्व नहीं पाया गया था। अभियान के दौरान 24,010 करोड़ रुपए की संदिग्ध कर चोरी का पता चला था।

# शेयर बाजार तेजी के साथ बंद

**सेंसेक्स 901 , निफ्टी 270 अंक ऊपर आया**

**मुंबई ।**

घरेलू शेयर बाजार बुधवार को तेजी के साथ बंद हुआ। बाजार में ये उछल दुनिया भर से मिले अच्छे संकेतों के साथ ही खरीददारी हावी होने से भी आया है। इसके अलावा अमेरिका में रिपब्लिकन डोनाल्ड ट्रंप के राष्ट्रपति चुनावों में जीतने से भी बाजार को बल मिला है। आज सेंसेक्स और निफ्टी दोनों ही एक फीसदी से ज्यादा बढ़कर बंद हुए। कारोबार के अंत में आईटी क्षेत्र में आई भारी खरीददारी से भी बाजार में उत्साह आया। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 901.50 अंक करीब 1.13 फीसदी उछलकर 80,378.13 पर बंद हुआ।

वहीं दूसरी ओर 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 270.75 अंक तकरीबन 1.12 फीसदी बढ़ने के बाद 24,484 पर बंद हुआ। निफ्टी बैंक 110.15 अंक करीब 0.21 फीसदी बढ़ने के बाद 52,317.40 पर पहुंच गया। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स कारोबार के अंत में 1,240.35 अंक या 2.21 फीसदी ऊपर आकर 57,355.80 पर बंद हुआ।

वहीं निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 402.65 अंक या 2.18 फीसदी तेजी के साथ ही 18,906.10 पर बंद हुआ। निफ्टी के ऑटो, आईटी, पीएसयू बैंक, फाइनेंशियल सर्विस, फार्मा, एफएमसीजी, मेटल, रियलिटी, मीडिया और एनर्जी सेक्टर में भारी खरीददारी के कारण उछाल आया।

सेंसेक्स पैक में टीसीएस, एचसीएल टेक, इंफोसिस, टेक महिंद्रा, अदाणी पोर्ट्स, एलएंडटी और मारुति के शेयर लाभ में रहे। टाइटन, इंडसइंड बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर, एक्सिस बैंक और एचडीएफसी बैंक के शेयर नुकसान में रहे। बाजार का रुझान सकारात्मक रहा।




बाजार जानकारों के अनुसार, अमेरिकी चुनाव में ट्रंप को मिले मजबूत जनादेश के साथ राजनीतिक अनिश्चितता कम हुई जिससे भी बाजार में उत्साह का माहौल है। इससे पहले आज सुबह बाजार में तेजी देखने को मिल रही है। सेंसेक्स और निफ्टी हरे निशान में कारोबार करते दिख रहे थे। शुरुआती कारोबार में बीएसई सेंसेक्स में 283 अंकों की बढ़त के साथ 79,759 पर खुला, जबकि निफ्टी 50 ने 57 अंकों की बढ़त के साथ 24,271 के स्तर पर कारोबार करता दिखा।

ताजा आंकड़ों के अनुसार, चीन का मुख्य सीएसआई 300 इंडेक्स 0.17 फीसदी की बढ़त पर है, शंघाई मामूली नकारात्मक रुख के साथ सपाट है, हांगकांग का हैंग सेंग इंडेक्स 1.02 फीसदी नीचे है और जापान का निक्केई 1.39 फीसदी से अधिक की बढ़त पर कारोबार कर रहा है।

# एनटीपीसी ताप विद्युत क्षमता के लिए 80,000 करोड़ का निवेश करेगी

**- बिजली उत्पादन क्षमता 30 सितंबर तक 76,443 मेगावाट थी**

**नई दिल्ली ।**

देश की बिजली क्षेत्र की प्रमुख कंपनी एनटीपीसी के निदेशक मंडल ने 6,400 मेगावाट की ताप विद्युत परियोजनाओं के लिए लगभग 80,000 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्तावों को मंजूरी दे दी है। एनटीपीसी ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि उसके निदेशक मंडल ने तेलंगाना सुपर थर्मल पावर प्रोजेक्ट के दूसरे चरण में तीन गुणा 800 मेगावाट की परियोजनाओं के लिए 29,344.85 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत पर निवेश की मंजूरी दे दी है। कंपनी ने कहा कि निदेशक मंडल ने 20,445.69 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से गाडरवारा सुपर थर्मल पावर प्रोजेक्ट के दूसरे चरण के तहत दो गुणा 800 मेगावाट की परियोजनाओं के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी है। निदेशक मंडल ने नबीनगर सुपर थर्मल पावर प्रोजेक्ट के दूसरे चरण के तहत तीन गुणा 800 मेगावाट की परियोजनाओं के लिए 29,947.91 करोड़ रुपये के अनुमानित निवेश को मंजूरी दी है। विद्युत मंत्रालय के अंतर्गत आने वाली एनटीपीसी देश की सबसे बड़ी बिजली उत्पादक कंपनी है। एनटीपीसी समूह की स्थापित बिजली उत्पादन क्षमता 30 सितंबर




तक 76,443 मेगावाट थी, जो एक साल पहले 73,824 मेगावाट थी। कंपनी की स्थापित क्षमता भी एकल आधार पर सितंबर, 2023 में 57,838 मेगावाट से बढ़कर सितंबर, 2024 में 59,168 मेगावाट हो गई।

## गूगल को ओपन एआई जैसी कंपनियों से मिल रही कड़ी टक्कर

**नई दिल्ली ।** दुनिया की सबसे बड़ी वेब सर्च कंपनी गूगल फिलहाल चुनौतीपूर्ण दौर से गुजर रही है। कंपनी को अब ओपन एआई जैसी प्रतिस्पर्धी कंपनियों से कड़ी टक्कर मिल रही है। ओपनएआई का चैटजीपीटी, एक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित वेब सर्च इंजन, हाल ही में लॉन्च हुआ है और यह गूगल के लिए एक बड़ा प्रतिस्पर्धी बन गया है। गूगल की पैरेंट कंपनी अल्फाबेट का अधिकांश मुनाफा गूगल सर्च इंजन और विज्ञापन सेवाओं से आता है। इसके बाद, यू-ट्यूब अल्फाबेट के राजस्व का दूसरा प्रमुख स्रोत है। लेकिन अब, गूगल की सर्च इंजन कमाई में हिस्सेदारी में कमी आई है, जिससे कंपनी के लिए यह एक गंभीर चिंता बन गया है। इतने कम समय में ओपनएआई ने जिस तरह से बाजार में अपनी जगह बनाई है, वह गूगल के लिए एक महत्वपूर्ण प्रतिस्पर्धा को दर्शाता है। अल्फाबेट का मौजूदा मार्केट कैप 2.12 ट्रिलियन डॉलर (लगभग 180 लाख करोड़ रुपए) है। गूगल की स्थापना सितंबर 1998 में हुई थी और यह पिछले 26 वर्षों से एक प्रमुख तकनीकी कंपनी के रूप में कार्य कर रही है। इसके विपरीत, ओपनएआई की स्थापना 2015 में हुई थी और उसका मार्केट कैप 157 अरब डॉलर है।

## रेमंड लाइफस्टाइल का दूसरी तिमाही में मुनाफा घटकर 42.18 करोड़

**- वित्त वर्ष 2023-24 की दूसरी तिमाही में मुनाफा 139.33 करोड़ रहा था**

Raymond

**नई दिल्ली।** रेमंड लाइफस्टाइल का चालू वित्त वर्ष 2024-25 की दूसरी तिमाही में मुनाफा 69.72 प्रतिशत घटकर 42.18 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी का वित्त वर्ष 2023-24 की दूसरी तिमाही (जुलाई-सितंबर) में मुनाफा 139.33 करोड़ रुपये रहा था। रेमंड लाइफस्टाइल ने मंगलवार देर रात शेयर बाजार को दी सूचना में बताया, दूसरी तिमाही में कंपनी की परिचालन आय 5.27 प्रतिशत घटकर 1,708.26 करोड़ रुपये रह गई, जबकि एक साल पहले समान तिमाही में यह 1,803.38 करोड़ रुपये थी। सिंघानिया परिवार द्वारा प्रवर्तित कंपनी का कुल खर्च समीक्षाधीन तिमाही में 1.38 प्रतिशत घटकर 1,622.95 करोड़ रुपये रह गया। कुल आय 6.16 प्रतिशत घटकर 1,735.21 करोड़ रुपये रही। कंपनी के एक अे धिकारी ने कहा कि रेमंड लाइफस्टाइल लिमिटेड ने कमजोर मांग, कमजोर उपभोक्ता भावना और उच्च मुद्रास्फीति दबाव के बीच स्थिर प्रदर्शन किया है।

# ऋषभ पंत को आईसीसी रैंकिंग में फायदा, छठे स्थान पर पहुंचे



**दुबई (एजेंसी)।** भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत पिछले हफ्ते मुंबई में न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरे टेस्ट में प्रदर्शन के बूते बुधवार को ताजा जारी आईसीसी पुरुष टेस्ट बल्लेबाजी रैंकिंग में पांच पायदान के फायदे से छठे स्थान पर पहुंच गए। पंत ने मुंबई टेस्ट के दौरान दो अर्धशतकीय पारियां खेलीं, हालांकि भारत तीसरे और अंतिम टेस्ट में हार से श्रृंखला 0-3 से गंवा बैठा।

इस प्रदर्शन से पंत को रैंकिंग में फायदा हुआ जो संकेत है कि वह गंभीर कार दुर्घटना के बाद अपनी सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में वापसी कर चुके हैं। अब यह बायें हाथ का बल्लेबाज जुलाई 2022 में रैंकिंग में हासिल किये गये अपने करियर के सर्वश्रेष्ठ पांचवें स्थान से महज एक कदम पीछे है। शीर्ष टेस्ट बल्लेबाजों की सूची में शामिल अन्य भारतीय बल्लेबाजों में बायें हाथ के युवा सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल भी मौजूद हैं जो एक पायदान नीचे चौथे स्थान पर खिसक गये हैं।

न्यूजीलैंड ने मुंबई में 25 रन की करीबी जीत से श्रृंखला में वाइटवाश किया जिससे शीर्ष 10 टेस्ट बल्लेबाजी रैंकिंग में पंत और दौरा करने वाली टीम के डेरिल मिचेल को फायदा हुआ। मिचेल आठ पायदान की छलांग से सातवें स्थान पर पहुंच गये, उन्होंने मुंबई टेस्ट में भारत के खिलाफ पहली पारी में 82 रन की पारी खेली जिससे वह टीम के साथी केन विलियमसन (दूसरे स्थान) के साथ शामिल हो गये जो न्यूजीलैंड के शीर्ष 10 में मौजूद एकमात्र खिलाड़ी थे।

इंग्लैंड के दाएं हाथ के बल्लेबाज जो रूट ने सूची में शीर्ष पर अपनी बढ़त बरकरार रखी है जिसमें विलियमसन, हैरी ब्रुक (तीसरे), जायसवाल (चौथे) और स्टीव स्मिथ (पांचवें) उनके लिए चुनौती हैं। भारत के शुभमन गिल ने मुंबई में न्यूजीलैंड के खिलाफ पहली पारी में 90 रन की पारी खेली जिससे वह चार पायदान के लाभ से 16वें स्थान पर पहुंचे जबकि न्यूजीलैंड के 'प्लेयर ऑफ द सीरीज' विल यंग 29 पायदान की उछाल से 44वें स्थान पर काबिज होने में सफल रहे।

रविंद्र जडेजा न्यूजीलैंड के खिलाफ 10 विकेट लेने से टेस्ट गेंदबाजी रैंकिंग में दो पायदान के फायदे से छठे स्थान पर पहुंचे जिससे वह रविचंद्रन अश्विन से एक स्थान पीछे हैं। कागिसो रबाडा शीर्ष रैंकिंग पर काबिज हैं। ऑस्ट्रेलिया के जोश हेजलवुड भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और पैट कमिंस से आगे दूसरे स्थान पर हैं। वहीं टीम साथी वाशिंगटन सुंदर टेस्ट गेंदबाजों में सात पायदान के लाभ से 46वें स्थान पर पहुंच गये। न्यूजीलैंड के स्पिन जोड़ीदार एजाज पटेल (12 पायदान के फायदे) और ईश सोढी (तीन पायदान के फायदे) क्रमशः 22वें और 70वें स्थान पर बने हुए हैं।

# रोहित के बाद ऋषभ को टेस्ट कप्तान बनायें : कैफ



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पूर्व क्रिकेटर मोहम्मद कैफ का मानना है कि कप्तान रोहित शर्मा के उत्तराधिकारी के तौर पर विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत सबसे बेहतर रहेंगे। न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू मैदान पर भारतीय टीम की 3-0 से करारी हार के बाद रोहित की कप्तानी पर भी सवाल उठने लगे हैं। ऐसे में भविष्य को देखते हुए रोहित के उत्तराधिकारी की भी तलाश की जा रही है।

इसी को लेकर कैफ ने कहा कि रोहित के पद छोड़ने के बाद आक्रामक बल्लेबाज ऋषभ को कमान सौंपी जानी चाहिए। कैफ ने कहा कि मौजूदा टीम से केवल ऋषभ ही टेस्ट कप्तान बनने की दौड़ में हैं। वह इसके योग्य है वह जब भी खेले, भारतीय टीम को आगे रखने में लगे रहे। वह जिस भी नंबर पर खेलने आएं, मैच जिताने वाली पारी खेलने के लिए तैयार रहते हैं। उन्होंने सभी प्रकार की हालातों में रन बनाए हैं, चाहे वह इंग्लैंड हो, ऑस्ट्रेलिया हो या दक्षिण अफ्रीका। चाहे सीमिंग हो या टर्निंग ट्रैक, वह एक पूर्ण बल्लेबाज के तौर पर उभरकर आये हैं। इस पूर्व क्रिकेटर के अनुसार मुंबई में न्यूजीलैंड के खिलाफ जब भारत को 147 रनों का पीछा करना था तब भी ऋषभ ने अपनी ओर से पूरा प्रयास किया था। कीवी टीम ने तब तक दबाव महसूस किया जब तक वह विकेट पर था। कैफ ने कहा कि हाल के समय में इस यूवा ने अपनी विकेटकीपिंग में भी खासा सुधार किया है। उन्होंने आगे कहा कि जब ऋषभ अपना अंतिम टेस्ट मैच खेल रहे होंगे, तो वह एक दिग्गज खिलाड़ी के रूप में संन्यास लेंगे। उन्होंने दिखाया है कि पहले से ही उनकी कीपिंग में काफी सुधार हुआ है। जब तक वह क्रीज पर थे, न्यूजीलैंड को राहत नहीं लेने दी। इसी को देखते हुए मेरा मानना है कि वह कप्तानी के लिए सबसे बेहतर रहेंगे।

# हॉकी इंडिया टीम राजगीर पहुंची... ग्लास ब्रिज पर खिंचवाई तस्वीरे



**पटना (एजेंसी )।** एशियाई महिला हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी में शामिल इंडिया हॉकी टीम को आज जिला प्रशासन नालंदा द्वारा ग्लास ब्रिज राजगीर का भ्रमण कराया गया। इंडिया हॉकी टीम के सभी महिला खिलाड़ियों ने बिहार सरकार द्वारा निर्मित ग्लास ब्रिज पर ट्रॉफी के साथ फोटो खिंचवाकर काफी उत्साहित हुई।

विदित है कि बिहार राज्य खेल प्राधिकरण ,पटना के तत्वाधान में राजकीय खेल अकादमी- सह- खेल परिसर, राजगीर में एशियन महिला हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी का आयोजन दिनांक 11 नवंबर से 20 नवंबर 2024 तक निर्धारित है । इस प्रतियोगिता में कुल 6 देश के टीम यथा भारत, चीन, मलेशिया ,जापान ,दक्षिण कोरिया एवं थाईलैंड भाग ले रही हैं ।

वहीं भ्रमण के दौरान इंडिया हॉकी टीम के सभी महिला खिलाड़ियों ने बिहार सरकार द्वारा निर्मित ग्लास ब्रिज पर ट्रॉफी के साथ फोटो खिंचवाकर काफी उत्साहित हुई । बिहार में टूरिज्म को बढ़ावा देने के उद्देश्य से उत्कृष्ट कार्यों की इंडिया हॉकी टीम के द्वारा सराहना की गई ।

# SA vs IND : भुवनेश्वर के रिकॉर्ड पर अर्शदीप सिंह की नजरें, टूटा ही समझिए



**मुम्बई (एजेंसी )।** अर्शदीप सिंह टी20ई में भारत के लिए एक बड़ा रिकॉर्ड बनाने की दहलीज पर खड़े हैं। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज के पास एक कैलेंडर वर्ष में पुरुष टी20ई में किसी भारतीय गेंदबाज द्वारा सर्वाधिक विकेट लेने का रिकॉर्ड बनाने का मौका है। उनका टी20 विश्व कप में प्रदर्शन शानदार रहा। संयुक्त राज्य अमेरिका में हुए टूर्नामेंट में वह 7.14 की इकॉनमी रेट से लीडिंग विकेटटेकर्स की लिस्ट में ऊपर रहे।

एक साल में 32 मैच खेलकर 6.98 की इकॉनमी रेट से 37 विकेट लेने का रिकॉर्ड फिलहाल भुवनेश्वर कुमार के नाम पर है। अर्शदीप भी 21 मैचों में 8.17 की इकॉनमी रेट से 33 विकेट लेने के बाद इस सूची में दूसरे स्थान पर हैं। इस तेज गेंदबाज के पास दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ भारत की आगामी तीन मैचों की टी20 सीरीज में भुवनेश्वर के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ने का मौका होगा।

अर्शदीप वर्तमान में पुरुषों की टी20ई में किसी भारतीय द्वारा सर्वाधिक विकेट लेने की सूची में चौथे स्थान पर हैं। उन्होंने 56 मैचों में 8.28 की इकॉनमी रेट से 87 विकेट लिए हैं, जिसमें 2 बार 4 विकेट लेने का कारनामा भी उनके नाम है। यदि वह श्रृंखला में 10 या अधिक विकेट लेते हैं, तो वह पुरुषों की टी20ई में भारत के अग्रणी विकेट लेने वाले गेंदबाज बन जाएंगे।

बता दें कि भारतीय टीम ने साऊथ अफ्रीका में 4 टी20 मुकाबले खेलने हैं। पहला टी20 8 नवंबर दिन शुक्रवार को डरबन के किंग्समीड में होगा। इसके बाद गकेबरहा, सेंचुरियन और जोहान्सबर्ग क्रमशः 10, 13 और 15 नवंबर को शेष तीन टी20ई होंगे।

### 100 विकेट लेने वाले पहले गेंदबाज !

टी20 इंटरनेशनल में अब तक भारत के लिए कोई प्लेयर 100 विकेट नहीं ले पाया है। महिला क्रिकेट में यह कारनामा दीप्ति शर्मा कर चुकी है। 2022 में इंग्लैंड दौरे पर भारत के लिए डैब्यू करने वाले अर्शदीप जल्द ही पुरुषों में पहले 100 विकेट लेने वाले भारतीय हो सकते हैं। इस मुकाम तक पहुंचने के लिए उन्हें 13 ही विकेट चाहिए।

# स्वियाटेक को हराकर कोको गॉफ डब्ल्यूटीए फाइनल में सेमीफाइनल में पहुंची

रियाद - अमेरिका की महिला टेनिस स्टार कोको गॉफ ने डब्ल्यूटीए फाइनल में गत चैंपियन इगा स्वियाटेक को सीधे सेटों में हराकर सेमीफाइनल में जगह बना ली हैं। ऑरेंज ग्रुप एकल के दूसरे दौर के मंगलवार को हुए मुकाबले में दोनों खिलाड़ियों ने पहले सेट में 3-3 तक सर्विस बरकरार रखी। इसके बाद गॉफ ने लगातार दो बार स्वियाटेक की सर्विस तोड़कर पहला सेट 6-3 से जीत लिया। दूसरे सेट में दोनों




खिलाड़ियों ने पहले आठ गेम में दो बार एक दूसरे की सर्विस तोड़ी और स्कोर 4-4 पर पहुंच गया। इसके बाद गॉफ ने एक बार फिर स्वियाटेक की सर्विस तोड़कर यह सेट 6-4 से जीतकर मुकाबला अपने नाम कर लिया। मैच के बाद गॉफ ने कहा, 'आज यह निश्चित रूप से मेरे लिए एक अच्छा मैच था। आप जानते हैं कि इगा के साथ खेलना मेरे लिए कठिन है, लेकिन मैं वास्तव में खुश हूं कि मैं पूरा मैच में खेलने में कामयाब रही।' वहीं एक अन्य मैच में चेक गणराज्य की बारबोरा क्रेजिकोवा ने अमेरिकी जेसिका पेगुला को एक घंटे और 9 मिनट चले मुकाबले में 6-3, 6-3 से हराया।

# पीटरसन ने टेस्ट क्रिकेट में बल्लेबाजी कौशल में गिरावट पर चिन्ता जतायी

लंदन । इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर केविन पीटरसन ने टेस्ट क्रिकेट में बल्लेबाजी तकनीक में गुणवत्ता में आ रही कम पर चिंता जतायी है। पीटरसन ने सोशल मीडिया में कहा कि आजकल पारंपरिक बल्लेबाजी कौशल में गिरावट आई है। पीटरसन ने कहा कि किसी को भी टेस्ट मैच क्रिकेट में बल्लेबाजी अनुप्रयोग और तकनीक की कमी पर अब हैरान नहीं होना चाहिये क्योंकि क्रिकेट अब एक स्मैकर्स खेल है और खेल में ऐसे बल्लेबाजी कौशल नीचे आ रहा है। पीटरसन की टिप्पणियां क्रिकेट में टी20 और सीमित ओवरों के प्रारूपों के कारण टेस्ट बल्लेबाजी की कला कमजोर होने को लेकर है। इससे पहले पीटरसन ने भारतीय टीम के अनुभवी बल्लेबाजों विराट कोहली और रोहित शर्मा को ट्रोल करने के लिए सोशल मीडिया का इस्तेमाल किया। केविन ने रिकी पोंटिंग का एक बयान पोस्ट किया। जिसमें लिखा था कि अगर आपका टेस्ट क्रिकेट में औसत 35 के पास है और आप फिर भी खेल रहे हैं तो आपके पिता को आपको बास्केटबॉल या फुटबॉल शूज देकर इन खेलों को खेलने के लिए कहना चाहिए। गौरतब है कि न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन मैचों की टेस्ट सीरीज के दौरान विराट और रोहित रन बनाने में असफल रहे। दोनों ही एक एक अर्धशतक ही लगा पाये।

# धोनी का अनुभव चेन्नई के लिए अमूल्य संपत्ति : पोंटिंग



सिडनी। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग ने चेन्नई सुपर किंग्स को पांच बार खिताब जिताने वाले महेंद्र सिंह धोनी की जमकर प्रशंसा की है। पोंटिंग ने कहा कि धोनी का अनुभव और नेतृत्व चेन्नई के लिए अमूल्य संपत्ति की तरह है। सीएसके ने आईपीएल के नये नियमों के कारण इस बार धोनी को केवल 4 करोड़ रुपए में रिटेन किया है। धोनी ने साल 2019 में ही संन्यास ले लिया था। ऐसे में पांच साल बाद उन्हें केवल अनकैप्ड खिलाड़ी के तौर पर ही आईपीएल में रखा जा सकता है। ऑक्शन नियमों के मुताबिक अनकैप्ड प्लेयर के लिए अधिक से अधिक 4 करोड़ कीमत रखी गई है। धोनी 4 करोड़ में खेलने को तैयार हो गये जबकि वह मेगा नीलामी में बड़ी रकम हासिल कर सकते थे। पोंटिंग ने आईसीसी रिव्यू में मेजबान संजना गणेशन के साथ खेल में धोनी के महत्व पर बात की। पोंटिंग ने कहा कि संरक्षक भूमिकाओं के बीच धोनी टीम में अद्वितीय संतुलन लाते हैं। पोंटिंग ने कहा कि दो सीजन पहले उनके लिए समय सही नहीं था, पर पिछले साल उन्होंने फिर से वापसी की और कुछ मैचों में अपने खेल से पुरानी यादें ताजा करायी हैं। मुझे लगता है कि टीम पूरे सत्र में उसे शायद ही ले पाये। वे उसे एक गेम के लिए बाहर रखने और उसे यहां-वहां आराम देने के बारे में सोच सकते हैं जिससे यह पक्का हो सके कि वे सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर रहे हैं। पोंटिंग ने कहा कि धोनी अभी भी सीएसके के लिए महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने कहा कि वह किसी भी टीम में हो, चाहे वह कप्तान हो या नहीं, वह हमेशा उस समूह के लिए एक संरक्षक और एक नेता के तौर पर ही रहेगा, चाहे वह खेल रहा हो, चाहे वह किनारे पर बैठा हो। वह मैदान के अंदर और बाहर नेतृत्व लाते हैं।

# ऑस्ट्रेलिया दौरे में बुमराह पर रहेगा अधिक दबाव : घावरी



**नई दिल्ली (एजेंसी )।** गुजरे जमाने के बांए हाथ के दिग्गज तेज गेंदबाज रहे करसन घावरी ने कहा है कि भारतीय टीम के नये तेज गेंदबाजों को ऑस्ट्रेलिया दौरे में लाइन व लैंथ के लिए संघर्ष करना पड़ेगा। घावरी के अनुसार ऐसे में मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह पर ही पूरा दारोमदार रहेगा। भारतीय टीम इसी माह ऑस्ट्रेलिया में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी खेलेगी। घावरी ने कहा कि भारतीय टीम को अनुभवी तेज गेंदबाज मो शमी की कमी भी खलेगी। शमी फिट नहीं होने के कारण इस दौरे से बाहर हैं। ऐसे बुमराह पर ही पूरी जिम्मेदारी आ जाएगी। भारतीय टीम 22 नवंबर से 7 जनवरी तक ऑस्ट्रेलिया में 5 टेस्ट खेलेगा। इस दौरान तेज गेंदबाजी आक्रमण का नेतृत्व बुमराह करेंगे जबकि मोहम्मद सिराज , आकाशदीप , प्रसिद्ध कृष्णा, हर्षित राणा जैसे गेंदबाज उनका साथ देंगे। घावरी ने टीम इंडिया के तेज गेंदबाजी आक्रमण में अनुभव की कमी पर चिंता व्यक्त की और कहा कि नए खिलाड़ियों के लिए ऑस्ट्रेलिया में कठिन समय हो सकता है। घावरी ने कहा कि नए गेंदबाज ऑस्ट्रेलिया में संघर्ष करेंगे। उनके लिए उन हालातों में गेंदबाजी करना बहुत मुश्किल होगा। शमी अगर होते तो बुमराह को अच्छा साथ मिलता पर वह वह वहां नहीं है। भारत केवल बुमराह पर निर्भर नहीं रह सकता है। सिराज वहां है और उसके पास कुछ अनुभव है पर बाकि 2 नए तेज गेंदबाजों को रखना आदर्श स्थिति नहीं है। घावरी ने कहा कि टेस्ट सीरीज के दौरान बुमराह काफी दबाव में होंगे और उन्हें सिराज से काफी समर्थन की आवश्यकता होगी। बुमराह और सिराज को नई गेंद से काफी बोझ उठाना होगा। आप तीसरे तेज गेंदबाज से यह उम्मीद नहीं कर सकते कि वह अनुभवी लोगों की तरह प्रदर्शन करें। अगर वे तीन तेज गेंदबाजों को खिलाते हैं, तो आप अनिश्चित हैं कि तीसरा कैसा प्रदर्शन करेगा, इसलिए बुमराह और सिराज को निश्चित रूप से काफी प्रयास करने होंगे।

# बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में आक्रामक वापसी कर सकती है भारतीय टीम: हेजलवुड




**मेलबर्न (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड ने कहा है कि भारतीय क्रिकेट टीम को न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज में भले ही करारी हार का सामना करना पड़ा हो पर वह बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी से एक बार फिर दमदार वापसी कर सकती है। हेजलवुड के अनुसार न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज में 3-0 से मिली हार के बाद भले ही भारतीय टीम का मनोबल गिरा हो पर उसे कमजोर मानना गलत होगा। उसके पास कई मैच विजेता खिलाड़ी हैं। हेजलवुड ने अपनी टीम को आगाह किया है कि भारतीय टीम इस सीरीज में पलटवार करने के इरादे से उतरेगी। इसलिए हमें 22 नवंबर से शुरू होने वाली बॉर्डर-

हेज़लवुड ने कहा,'' भारतीय टीम वापसी करने के लिए प्रतिबद्ध होगी। इसलिए सीरीज शुरू होने पर ही हमें पता चलेगा की चीजें कैसे आगे बढ़ रही हैं।'' घरेलू धरती पर मिली हार से भारतीय टीम के लिए विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल की राह भी मुश्किल हुई है। लगातार तीन हार से वह डब्ल्यूटीसी तालिका में भी फिसल गयी है। भारत को लगातार तीसरी बार डब्ल्यूटीसी फाइनल के लिए क्वालीफाई करने के लिए ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपने पांच में से चार मैच जीतने होंगे। हेज़लवुड ने कहा, ''इस करारी हार से उनका आत्मविश्वास कुछ डगमगाया होगा। उसके कुछ खिलाड़ी यहां खेल चुके हैं पर कुछ ऐसे बल्लेबाज हैं जिनको यहां खेलने का अनुभव नहीं है। इसलिए वह पूरी तरह से सुनिश्चित नहीं होंगे कि उन्हें यहां किस तरह की चुनौती का सामना करना पड़ेगा। यह परिणाम निश्चित रूप से हमारे लिए अच्छा होगा।''

उन्होंने कहा,''न्यूजीलैंड की टीम को भी श्रेय मिलना चाहिए। उन्होंने पूरी सीरीज में शानदार क्रिकेट खेली। सीरीज तो छोड़ो भारत में एक मैच जीतना भी काफी कठिन होता है।'' भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच पांच टेस्ट मैच की श्रृंखला 22 नवंबर से पर्थ में शुरू होगी। हेज़लवुड ने कहा,''हम इसके लिए तैयार हैं।यह सीरीज हमारे लिए भी काफी महत्व रखती है। जब भी हम भारत के खिलाफ खेलते हैं तो वह एशेज में खेलने जैसा होता है।

# रोनाल्डो के गोल की मदद से अल नासर की एएफसी चैंपियंस लीग में बड़ी जीत



रियाद - क्रिस्टियानो रोनाल्डो के गोल की मदद से अल नासर ने एएफसी चैंपियंस लीग फुटबॉल प्रतियोगिता के एलीट वर्ग में संयुक्त अरब अमीरात के क्लब और गत चैंपियन अल ऐन को 5-1 से हराकर 12 टीमों की तालिका में शीर्ष तीन में जगह बनाई। सऊदी अरब के क्लब अल नासर के चार मैचों में 10 अंक हैं तथा वह स्थानीय प्रतिद्वंद्वियों अल हिलाल और अल अहली से दो अंक पीछे हैं। इन दोनों ने अभी तक अपने चारों मैच जीते हैं। एंडरसन तालिस्का ने खेल शुरू होने के पांच मिनट बाद ही अल नासर की तरफ से पहला गोल किया। इसके बाद रोनाल्डो ने आधे घंटे के अंतराल के ठीक बाद इस सत्र में प्रतियोगिता में अपना दूसरा गोल किया। फैबियो कार्डोसो के आत्मघाती गोल से सऊदी अरब की टीम ने मध्यांतर तक 3-0 की बढ़त बना दी। वेस्ले और तालिस्का ने दूसरे हाफ में अल नासर के लिए गोल किए। इस बीच जापान के विसेल कोबे ने दक्षिण कोरिया के ग्वांगजू एफसी पर 2-0 से जीत से अपने ग्रुप में पहला स्थान हासिल कर लिया। मलेशिया के जोहोर दारुल ताज़मि दक्षिण कोरिया के दो बार के चैंपियन उल्सान एचडी पर 3-0 से जीत के साथ तीसरे स्थान पर पहुंच गया।

# डेविस कप कोच आशुतोष सिंह को 16 साल के मानस धामने से काफी उम्मीदें

नई दिल्ली - जीशान अली की जगह नये डेविस कप कोच बने आशुतोष सिंह को उम्मीद है कि मानस धामने अपनी कड़ी मेहनत और शानदार जज्बे की बदौलत भारतीय टेनिस के लिए भविष्य में अहम खिलाड़ी साबित हो सकते हैं। आशुतोष ने स्टॉकहोम में मालेगांव के इस युवा खिलाड़ी को देखा जहां भारत ने स्वीडन के खिलाफ डेविस कप ग्रुप एक मुकाबले में हिस्सा लिया था। हालांकि 16 वर्षीय धामने को कोई मैच खेलने का मौका नहीं मिला लेकिन वह एक अन्य युवा खिलाड़ी आर्यन शाह के साथ स्टॉकहोम गई टीम का हिस्सा थे। भारत को मेजबान टीम के हाथों 0-4 से हार का सामना करना पड़ा, लेकिन कोच आशुतोष ने स्वीडन में हुए इस निराशाजनक प्रदर्शन में सकारात्मक पहलू देखा। पूर्व डेविस कप खिलाड़ी बलराम सिंह के बेटे आशुतोष ने कहा, 'मानस एक मेहनती खिलाड़ी है। कोर्ट पर वह सिर्फ आंखों से संपर्क बनाता है और 'ओके' करता है। उसके पास एकल में भारत के 'मिस्टर डिपेंडेबल' बनने की क्षमता है जिसकी तलाश भारतीय टेनिस को लंबे समय से है। आशुतोष ने कहा, 'निश्चित रूप से अभी बहुत लंबा सफर तय करना है। लेकिन वह जिस रास्ते पर चल रहा है और उसके मेहनती दृष्टिकोण से यह संभव लगता है।' उन्होंने कहा, 'यह भी ध्यान रखना होगा कि मानस सिर्फ 16 साल का है और उसे अपने कार्यभार प्रबंधन के कुछ पहलुओं में सतर्कता बरतते हुए निगरानी की जरूरत है। लेकिन वह इटली में अपने 'ट्रेनिंग बेस' में सही ट्रेनिंग ले रहा है।' भारत के पास शीर्ष-100 में केवल एक खिलाड़ी सुमित नागल (83) है। उनके बाद रामकुमार रामनाथन हैं जो 309वें नंबर पर हैं। फिर शशि कुमार मुकुंद (365) हैं। पर अन्य सभी शीर्ष-500 रैंकिंग से बाहर हैं।



# अनिल कुंबले को उम्मीद, दक्षिण अफ्रीका में युवा खिलाड़ियों को मिलेगा मौका

**मुंबई (एजेंसी)।** पूर्व कप्तान अनिल कुंबले का मानना है कि यश दयाल, विशाक विजयकुमार और रमनदीप सिंह को घरेलू क्रिकेट में उनके शानदार रिकार्ड को देखते हुए भारतीय टी20 टीम के दक्षिण अफ्रीका दौरे में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण का मौका मिलना चाहिए। सूर्यकुमार यादव की अगुवाई वाली भारतीय टीम डरबन में शुक्रवार से शुरू होने वाली पांच टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच की श्रृंखला में दक्षिण अफ्रीका का सामना करेगी।

पूर्व दिग्गज बल्लेबाज वीवीएस लक्ष्मण इस टीम के कोच हैं। कुंबले ने जिओ सिनेमा से कहा, 'मुझे उम्मीद है कि इन तीनों खिलाड़ियों को भारतीय टीम की तरफ से खेलने का मौका मिलेगा क्योंकि उन्होंने घरेलू स्तर पर वास्तव में अच्छा प्रदर्शन किया है।' कुंबले ने तेज गेंदबाज यश दयाल की शानदार वापसी करने के लिए प्रशंसा की, जिन पर रिंकू सिंह ने आईपीएल 2023 के दौरान लगातार पांच छक्के जड़े थे।

उन्होंने कहा, 'यश दयाल जिन पर रिंकू सिंह ने लगातार पांच छक्के लगाए थे, उन्होंने क्या शानदार वापसी की। इससे उनके जज्बे का पता चलता है। वह बाएं हाथ का शानदार तेज गेंदबाज है जो दोनों तरफ गेंद को मूव कर सकता है।' कुंबले ने हैरानी जताई कि रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने विजयकुमार को रिटेन नहीं किया।

उन्होंने कहा, 'विजयकुमार वास्तव में बहुत अच्छा तेज गेंदबाज है जिसने घरेलू क्रिकेट में अच्छा प्रदर्शन किया है। मुझे वास्तव में हैरानी हुई कि आरसीबी ने उसे रिटेन नहीं किया। मुझे उम्मीद है कि दक्षिण अफ्रीका में उसे मौका मिलेगा। उसके पास डेथ ओवरों के लिए हर तरह का वेरिएशन है।'

कुंबले ने कहा कि अगर रमनदीप को अंतिम एकादश में जगह मिलती है तो उनका गेंदबाज के रूप में भी उपयोग किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा, 'रमनदीप अच्छा आक्रामक बल्लेबाज और शानदार क्षेत्ररक्षक है। मुझे उम्मीद है कि उसका गेंदबाज के रूप में भी उपयोग किया जाएगा क्योंकि आईपीएल में इंपैक्ट प्लेयर के नियम के बाद लोग ऑलराउंडर को नजर अंदाज करने लगे हैं।'



समाचार गेट
TITLE CODE : HARHIN11569
स्वामी (मुद्रक, प्रकाशक) रवीना यादव द्वारा साई प्रिंटिंग प्रेस, डी-85, सेक्टर-6, नोएडा 201301, उत्तर प्रदेश से मुद्रित करवाकर कार्यालय मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा) से प्रकाशित किया। संपादक: कृष्णा शर्मा। संपादकीय कार्यालय: मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा) पीआरपी एक्ट के अंतर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र फरीदाबाद न्यायालय होगा। कानूनी सलाहकार: बृहमदत शर्मा, 9818180269, ईमेल : krishna24news@gmail.com



# प्रियंका मोहन ने बताया कैसे मिली धनुष निर्देशित तीसरी फिल्म में भूमिका

धनुष साउथ फिल्म इंडस्ट्री के मशहूर और लोकप्रिय अभिनेता हैं, जिन्हें अभिनय के अलावा गायन और निर्देशन के लिए भी जाना जाता है। अपने करियर में बतौर अभिनेता कई शानदार फिल्में देने वाले धनुष, बतौर निर्देशक भी काफी सफल रहे हैं। उनकी हालिया रिलीज फिल्म रायन सिनेमाघरों में काफी सफल रही है। इस फिल्म को उन्होंने ही निर्देशित किया था। अब वह अपने निर्देशन वाली तीसरी फिल्म की तैयारी कर रहे हैं, जिसमें प्रियंका मोहन भी नजर आने वाली हैं। धूम मचा रहा है प्रियंका मोहन का नया गाना वह साउथ की प्रतिभाशाली गायिकाओं में से एक हैं। प्रियंका, धनुष के निर्देशन वाली तीसरी फिल्म नीलावुकु एन मेल एन्राडी कोबाम में नजर आएंगी। इस फिल्म से अभिनेत्री प्रियंका मोहन का पहला सिंगल गोल्डन स्पैरो अब यूट्यूब पर 50 मिलियन से अधिक व्यूज के साथ धूम मचा रहा है। अब अभिनेत्री ने खुलासा करते हुए बताया है कि कैसे उन्हें ये गाना मिला।

### कैप्टन मिलर में धनुष संग नजर आ चुकी हैं प्रियंका मोहन

अभिनेत्री इससे पहले धनुष के साथ कैप्टन मिलर में नजर आ चुकी हैं। उन्होंने बताया कि इस फिल्म की शूटिंग के दौरान ही धनुष उनसे अगली फिल्म नीलावुकु एन मेल एन्राडी कोबाम को लेकर बात की थी। अभिनेत्री ने कहा, कैप्टन मिलर की शूटिंग के दौरान धनुष नीलक के बारे में बात कर रहे थे। एक दिन उन्होंने मुझे फोन किया और कहा कि फिल्म में एक खास गाना है। उन्होंने मुझसे पूछा कि क्या मैं इसे करने में दिलचस्पी रखती हूं।

### फिल्म की रिलीज के समय जारी होगा खास वीडियो

प्रियंका मोहन ने आगे कहा, मैंने अपनी सहमति देने में थोड़ा समय लिया। मैं पूरे वीडियो में मौजूद हूं। हमने अभी-अभी लिरिकल वीडियो रिलीज किया है, लेकिन इसमें एक हुक स्टेप है। टीम गाने के जरिए युवाओं को पेश करना चाहती थी। अभिनेत्री ने आगे बताया कि गाने से जुड़ा एक और खास वीडियो है, जिसे फिल्म की रिलीज के समय में रिलीज किया जाएगा।



# श्रद्धा कपूर का 'पुष्पा 2' में आइटम नंबर से इनकार श्री लीला को मिला मौका

दिवाली का शोर जब थमना शुरू होगा तो साउथ सिनेमा में एक नया शोर शुरू होने का समय आ जाएगा। दिसंबर महीने में रिलीज होने जा रही अभिनेता अल्लू अर्जुन की फिल्म 'पुष्पा 2' का आइटम गाना फिल्माने का वक्त जो आ गया है। इस आइटम सॉन्ग के लिए संगीतकार देवी श्री प्रसाद उर्फ डीएसपी ने एक बहुत ही शानदार लेकिन महिलाओं के सम्मान वाला गाना तैयार किया है। फिल्म के निर्देशक सुकुमार ने इसके लिए खास तैयारियां की है और पता चला है कि ये गाना श्रद्धा कपूर की बजाय उस अभिनेत्री पर फिल्माया जाएगा, जिसके चर्चे इन दिनों साउथ सिनेमा से लेकर बॉलीवुड तक खूब हो रहे हैं। और, जिसके नाम का खुलासा 'अमर उजाला' ने बीते साल ही अपनी खास खबर में कर दिया था। साउथ सिनेमा से इस साल तमाम सितारों ने हिंदी पट्टी में किस्मत आजमाई। प्रभास ने फिल्म 'कल्कि 2898 एडी' में कर्ण का पुनर्जन्म लेकर बॉक्स ऑफिस पर डंका बजाया तो उससे पहले अनजान से सितारे तेजा सज्जा ने हनुमंतू का किरदार निभाकर फिल्म 'हनुमान' में दर्शकों का दिल जीत लिया। लेकिन, 'देवरा पार्ट वन' में जूनियर एनटीआर का जादू फुस्स रहा और 'वेट्टैयन' में रजनीकांत तो अमिताभ बच्चन, फहद फासिल और राणा दग्गुबाती का साथ पाकर भी शिकार नहीं कर सके। अब बारी 'पुष्पा 2' की है। फिल्म 'पुष्पा 2' की मुख्य शूटिंग पूरी हो चुकी है और फिल्म के निर्देशक सुकुमार दिन रात इसके पोस्ट प्रोडक्शन में लगे हुए हैं। फिल्म में अंतरराष्ट्रीय स्तर के स्पेशल इफेक्ट्स शामिल किए जा रहे हैं। लेकिन, एक चीज जो अभी इसमें शामिल होनी रह गई है, वह है फिल्म का आइटम नंबर। पहले खबरें थी कि फिल्म 'स्त्री 2' से हिंदी सिनेमा की हीरोइन नंबर वन बनी श्रद्धा कपूर फिल्म 'पुष्पा 2' में एक तड़कता भड़कता डांस नंबर करने जा रही हैं। लेकिन, श्रद्धा कपूर ने इसके लिए मना कर दिया। इसके बाद दिशा पाटनी का नाम भी चर्चा में आया लेकिन उनके नाम पर अल्लू अर्जुन ने रिजेक्ट का ठप्पा लगा दिया है। अब सूत्र बता रहे हैं कि फिल्म 'पुष्पा 2' के तड़कते भड़कते आइटम नंबर के लिए अभिनेत्री श्रीलीला का नाम फाइनल किया गया है। साउथ सिनेमा में श्री लीला का रुतबा एकदम से बहुत तेजी से बढ़ा है। अमेरिका की रहने वाली श्री लीला की एक फिल्म 'उस्ताद भगत सिंह' पवन कल्याण के साथ निर्माणाधीन है। इसके अलावा वह एक फिल्म 'रॉबिनहुड' भी कर रही हैं। वरुण धवन के साथ उनका हिंदी सिनेमा में भी डेब्यू होने वाला था, लेकिन उनकी सीरीज 'सिटाडेल हनी बनी' की जिस तरह की रिपोर्ट्स सामने आ रही हैं, उसके चलते श्रीलीला ने वरुण धवन की फिल्म में काम करने से मना कर दिया है। श्रीलीला पर जो गाना फिल्माया जाने वाला है, उसे फिल्म के संगीतकार देवी श्री प्रसाद उर्फ डीएसपी गाना तैयार कर चुके हैं। इसे लिखा है चंद्रबोस ने और इसकी थीम महिलाओं के आत्म सम्मान की रखी गई है। फिल्म 'पुष्पा 2' के इस गाने की शूटिंग हैदराबाद में मंगलवार से शुरू होने जा रही है। इस गाने के कोरियोग्राफर के रूप में गणेश आचार्य का नाम फाइनल किया गया है।



# अभिनेत्री दीया मिर्जा का छलका दर्द, बताया किस वजह से नहीं कर सकीं ज्यादा फिल्में

दीया मिर्जा हिंदी फिल्मों की जानी-पहचानी अभिनेत्री हैं। उन्होंने अपने करियर में कई अच्छी फिल्में की हैं, जिसकी वजह से उन्होंने काफी लोकप्रिता भी हासिल की है। हालांकि, फिल्मी दुनिया में उनका करियर बहुत लंबा और चर्चित नहीं हो सका। अभिनेत्री के मुताबिक इसके पीछे कि जो वजह है, वो काफी दुर्भाग्यपूर्ण है। अभिनेत्री ने कहा कि उनके ऊपर बहुत ज्यादा ग्लैमरस होने का ठप्पा लग गया, जिसकी वजह से उन्हें चुनौतीपूर्ण भूमिकाएं नहीं मिलीं।

### साल 2001 में किया था डेब्यू

दीया ने साल 2001 में हिंदी फिल्म रहना है तेरे दिल में किया था, जिससे उन्होंने अपने हिंदी फिल्म करियर की शुरुआत की थी। ये फिल्म तमिल हिट मिन्नाले की रीमेक थी। इस फिल्म में उनके साथ आर. माधवन और रीमा सेन भी नजर आए थे। माधवन और दीया के बीच की ऑन-स्क्रीन केमिस्ट्री ने दर्शकों को काफी ज्यादा आकर्षित किया था। इस वजह से फिल्म काफी सफल भी हुई थी। हालांकि इस फिल्म के बाद से उनके ऊपर ग्लैमरस का ठप्पा लग गया। इसके बाद उन्हें अलग तरह की भूमिकाएं मिलनी कम हो गईं।

### निर्देशकों ने मुझे लेकर बनाई एक खास राय

हाल में ही एक इंटरव्यू के दौरान अपनी निराशा व्यक्त करते हुए अभिनेत्र ने कहा, चूंकि निर्देशकों ने मुझे एक मुख्यधारा की अभिनेत्री के रूप में देखा, इसलिए मुझे एक अच्छी कहानी वाली फिल्म में अभिनय करने का मौका नहीं मिला, जो मैं चाहती थी। मैं अपने दिखने के तरीके के कारण कुछ फिल्मों से खारिज कर दी जाती थी। अभिनेत्री ने आगे कहा कि अपने समर्पण और कौशल के बावजूद, निर्देशकों की इस धारणा की वजह से वह अपनी इच्छित फिल्मों में काम नहीं कर सकीं और अपनी क्षमता को पूरी तरह से साबित नहीं कर पाईं। बता दें कि दीया का जन्म एक जर्मन पिता और एक बंगाली मां से हुआ था। इस वजह से उनकी पहचान में सांस्कृतिक प्रभावों का मिश्रण भी जुड़ गया। उनके शुरुआती पारिवारिक जीवन में कई तरह की जटिलताएं थीं, क्योंकि जब वह छोटी थीं, तभी उनके माता-पिता का तलाक हो गया था। इसके बाद उनकी मां ने हैदराबादी मुस्लिम अहमद मिर्जा से शादी कर ली, जिनका अंतिम नाम दीया ने अपना लिया।

### 2000 में बनी थीं मिस एशिया पैसिफिक इंटरनेशनल

बताते चलें कि अपनी खूबसूरती के लिए जाने जाने वालीं दीया ने साल 2000 में मिस एशिया पैसिफिक इंटरनेशनल का खिताब जीता था। इसके बाद वह फिल्मों की दुनिया में सक्रिय हो गईं। उन्होंने रहना है तेरे दिल में से हिंदी फिल्मों में शुरुआत करने के बाद कई अन्य फिल्मों में काम किया। इनमें दस, तुमसा नहीं देखा, लगे रहो मुन्ना भाई, हनीमून ट्रैवल्स प्राइवेट लिमिटेड और संजू जैसी फिल्में शामिल हैं।



# पत्रकार के इस सवाल पर भड़के राजपाल यादव

राजपाल यादव वर्तमान में कार्तिक आर्यन और विद्या बालन की लेटेस्ट रिलीज हुई फिल्म भूल भुलैया 3 में नजर आ रहे हैं। अभिनेता अपनी कॉमिक टाइमिंग के लिए जाने जाते हैं। हालांकि, हमेशा हंसते-खेलते रहने वाले राजपाल का एक हैरान करने वाला वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसमें अभिनेता उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी जिले के पलिया कस्बे में एक पत्रकार पर अपना आपा खोते और उनका फोन छीनते नजर आ रहे हैं। वीडियो में एक पत्रकार को राजपाल से उनकी आने वाली फिल्म के बारे में सवाल पूछते देखा जा सकता है। राजपाल ने जवाब देते हुए कहा, डेढ़ महीने में एक फिल्म देखने मिलेगी। इसके अलावा, रिपोर्टर ने राजपाल से दिवाली से पहले पटाखे न जलाने के उनके हालिया बयान के बारे में पूछा, जिसने काफी चर्चा बटोरी। इस सवाल ने भूल भुलैया अभिनेता को इतना नाराज कर दिया कि गुस्से में आकर उन्होंने रिपोर्टर का फोन छीनने और उसे फेंकने की भी कोशिश की। जानकारी हो कि राजपाल यादव ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर एक वीडियो साझा कर सभी से दिवाली पर पटाखे फोड़ने से बचने का अनुरोध किया था। हालांकि, राजपाल के इस आग्रह से लोग गुस्सा हो गए और अभिनेता को बहुत अधिक नकारात्मक प्रतिक्रिया मिली। जिसके चलते बाद में उन्होंने माफी मांगते हुए एक वीडियो पोस्ट किया और कहा कि उनका त्योहार की खुशी को कम करने का कोई इरादा नहीं था।



# शूटिंग के आखिरी चरण पर पहुंची धनुष-रश्मिका की कुबेर

साउथ सुपरस्टार धनुष और अभिनेत्री रश्मिका मंदाना इन दिनों कुबेर को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। फिल्म का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार है। शेखर कम्मुला द्वारा निर्देशित कुबेर धनुष और सुपरस्टार नागार्जुन के बीच पहला सहयोग है। फिल्म में रश्मिका मंदाना मुख्य नायिका की भूमिका में हैं। वहीं अब फिल्म को लेकर नई जानकारी सामने आई है, जो इसकी शूटिंग को लेकर है।

### 2025 में रिलीज होगी फिल्म

हाल ही में आई रिपोर्ट्स से पुष्टि हुई है कि फिल्म का टॉकी हिस्सा पूरा हो चुका है, अब केवल दो गाने ही फिल्माए जाने बाकी हैं। फिल्म की शूटिंग दिसंबर में फिर से शुरू होने वाली है। इसके साथ ही बताया गया है कि निर्माताओं का लक्ष्य 2025 की पहली तिमाही में फिल्म को रिलीज करना है। दूसरी ओर धनुष के प्रशंसक तब निराश हुए, जब दिवाली की शुभकामनाओं वाला कोई पोस्टर जारी नहीं किया गया, जिससे फिल्म के प्रचार की योजनाओं पर सवाल उठने लगे। हालांकि, चर्चा है कि टीम जल्द ही एक सुव्यवस्थित प्रचार अभियान शुरू करेगी। इस पहले खबर आई थी कि दिवाली पर फिल्म की रिलीज की तारीख से पर्दा उठाया जा सकता है, लेकिन ऐसा नहीं हुआ।

फिल्म में धनुष के किरदार की बात करें तो कुबेर में धनुष एक ऐसे किरदार को निभा रहे हैं, जो एक बेघर व्यक्ति के रूप में शुरू होता है, लेकिन अंततः एक शक्तिशाली माफिया सरगना बन जाता है। रश्मिका और धनुष के साथ फिल्म में अक्किनेनी नागार्जुन, संदीप किशन, जिम सर्भ और अन्य भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में हैं।



# अमरन की टीम से मिले रजनीकांत, शिवकार्तिकेयन और फिल्म की कलाकारों को दी बधाई

सिनेमा के दिग्गज अभिनेता रजनीकांत ने हाल ही में अपने करीबी मित्र और अभिनेता कमल हासन द्वारा निर्मित नई फिल्म अमरन की टीम से मुलाकात की। इस मीटिंग में फिल्म के मुख्य अभिनेता शिवकार्तिकेयन, निर्देशक राजकुमार पेरियासामी, छायाकार सीएच साई और निर्माता आर महेंद्रन ने भाग लिया, जिसमें रजनीकांत ने फिल्म और इसके निर्माताओं के प्रति अपना समर्थन जताया।

### रजनीकांत ने किया फिल्म के टीम का अभिवादन

राज कमल इंटरनेशनल फिल्म्स के आधिकारिक एक्स अकाउंट पर शेयर की गई एक सोशल मीडिया पोस्ट में चार तस्वीरों में इस यादगार सभा को कैद किया गया, जिसमें दिग्गज अभिनेता फिल्म के कलाकारों और क्रू के साथ गर्मजोशी से बातचीत करते हुए दिखाई दे रहे हैं। पोस्ट के साथ कैप्शन में लिखा गया, रजनीकांत ने अपने दोस्त कमल हासन की प्रोडक्शन वेंचर अमरन देखी, जिसका निर्देशन राजकुमार पेरियासामी ने किया है और इसमें शिवकार्तिकेयन ने अभिनय किया है।

### कमल हासन को रजनीकांत ने दी बधाई

मीटिंग से एक दिन पहले रजनीकांत ने कमल हासन से फोन पर बात की थी और फिल्म निर्माण के लिए उन्हें व्यक्तिगत रूप से बधाई दी थी। शिवकार्तिकेयन और साई पल्लवी की यह फिल्म इस समय बॉक्स ऑफिस पर अच्छी कमाई कर रही है। मेजर मुकुंद वरदराजन की बायोपिक यह फिल्म शिवकार्तिकेयन की पहली फिल्म की सबसे बड़ी ओपनिंग नंबर है। दूसरे दिन भी तमिल फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन जारी रखा, जबकि दो बड़े बजट की बॉलीवुड फिल्में रिलीज हुई थीं।

### फिल्म की कमाई

फिल्म ने दूसरे दिन घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 19.25 करोड़ रुपये कमाए। अपने पहले दिन, फिल्म ने 21.40 करोड़ रुपये कमाए। फिल्म का कुल कलेक्शन अब 40.65 करोड़ रुपये हो गया है। राजकुमार पेरियासामी द्वारा निर्देशित अमरन इस साल की सबसे बड़ी तमिल रिलीज में से एक है।

# अब 'जय हनुमान' में ऋषभ शेट्टी दिखाएंगे जलवा

प्रशांत वर्मा की फिल्म 'जय हनुमान' का पहला पोस्टर सामने आ चुका है। इस फिल्म में ऋषभ शेट्टी हनुमान की भूमिका में नजर आ रहे हैं। प्रशांत वर्मा ने अपनी आगामी फिल्म 'जय हनुमान' का पहला पोस्टर साझा किया। इस फिल्म में दक्षिण भारतीय अभिनेता, निर्देशक और निर्माता ऋषभ शेट्टी हनुमान की भूमिका में नजर आ रहे हैं। आइए बहुमुखी प्रतिभा के धनी ऋषभ शेट्टी के बारे में जानते हैं। ऋषभ ने फिल्म जगत में क्लैप बॉय, स्पॉट बॉय, सहायक निर्देशक और अन्य तरह के काम किए। इन संघर्षों के बाद अभिनेता को वर्ष 2012 में आई फिल्म 'तुगलक' से प्रमुख भूमिका मिली। इसके बाद उन्होंने कई फिल्मों में काम किया। वर्ष 2016 में उनके निर्देशन में बनी फिल्म 'रिकी' ने बॉक्स ऑफिस पर औसत प्रदर्शन किया। इसके बाद उन्होंने रोमांटिक ड्रामा फिल्म 'किरक पार्टी' का निर्देशन किया, जो हिट रही। शेट्टी ने 'सरकारी हाय' का निर्देशन किया इस फिल्म ने समीक्षकों की सराहना प्राप्त की और सर्वश्रेष्ठ बच्चों की फिल्म का राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार जीता।

